बैसाख कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 158, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ब्रॉउन ड्वार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज 16

किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख 15













## चुनावी भाषण के दौरान नितिन गडकरी बेहोश

**यवतमाल।** भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गये। वह पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गडकरी जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, केंद्रीय मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और उन्होंने अपना भाषण पूरा किया। गडकरी (66) ने ''एक्स'' पर इस घटना की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा महाराष्ट्र के पुसाद में एक चुनावी रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई। लेकिन अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और अगली रैली में हिस्सा लेने के लिए वरुड जा रहा हूं।



मंच पर बेहोश गडकरी को संभालते पार्टी कार्यकर्ता।

# दूसरे चरण की 88 सीटों पर मतदान कल

- 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बसपा उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव 7 मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

### इन राज्यों की सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

### उप्र में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। कुल 1,67,77,198 मतदाता मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेंडर हैं। सभी सीटों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। पोलिंग पार्टियों को रवाना होने के निर्देश दिये गये हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतदान केंद्रों पर समुचित सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे।

# देश में शरिया कानून और तालिबानी बर्बरता चाहती है कांग्रेस : योगी

## कांग्रेस पर जमकर बरसे योगी, इंडी गठबंधन की नीयत पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नीयत पर सवाल उठाए। योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं। कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी बर्बरता की समर्थक है।

मुख्यमंत्री बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आमंत्रित मीडिया के सामने अपनी बात रख रहे थे। इससे पहले उन्होंने पाटी कार्यालय में मीडिया सेंटर की शुरुआत भी की। योगी ने यहां कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपीए सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात है।



### मीडिया से रूबरू

- कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर अल्पसंख्यकों को देने की
- मुख्यमंत्री ने कहा-कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में दिखाई दिए आधी आबादी के अपमान के इरादे

मुख्यमंत्री के अनुसार कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों की बात की है, गरीब, किसान, युवा और महिला। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मंत्री असीम अरुण, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, महामंत्री अनूप गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, हिमांशु दुबे सहित अन्य पार्टीजन मौजूद रहे।

### एक नजर

#### बांदीपोरा में आतंकवादियों से मुठभेड़, दो जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बांदीपोरा के अरागाम के रेन्जी वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान जारी है। बुधवार तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी। शुरुआती गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आतंकवादियों को इलाके से फरार होने से रोकने के लिए हवाई निगरानी के लिए आज सुबह से हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भी सेवा में लगाया गया है। सेना ने कहा कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एजेंसियों की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

## 31 मई तक लिंक किया तो कम कटौती के लिए कार्रवाई नहीं

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि यदि करदाता 31 मई तक अपने पैन को आधार से जोड़ देते हैं, तो टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर नियमों के अनुसार, यदि स्थायी खाता संख्या (पैन) को बायोमेट्रिक आधार से नहीं जोड़ा जाता है, तो लागू दर के मुकाबले दोगुनी दर से स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की जाएगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परिपत्र में कहा कि करदाताओं से कई शिकायतें मिली हैं कि उन्हें इस बारे में नोटिस मिले हैं। नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने ऐसे लेनदेन करते समय टीडीएस / टीसीएस की कम कटौती/ संग्रह करने की चूक की है, जहां पैन निष्क्रिय थे। ऐसे मामलों में चूंकि कटौती/ संग्रह उच्च दर पर नहीं किया गया है, लिहाजा विभाग ने टीडीएस/ टीसीएस विवरणों के प्रसंस्करण के दौरान कर मांग की है। एकेएम ग्लोबल में साझेदार (कर) संदीप सहगल ने कहा कि जल्द से जल्द पैन को आधार से जोड़ लेना चाहिए।

**पैन-आधार लिंक मामले में टीडीएस कटौती**

# तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### ईडी की कार्रवाई

- लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में छापा मारा
- निवेशकों का 30 करोड़ हड़पने के आरोप में दर्ज है एफआईआर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप के प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और नोएडा स्थित ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। ग्रुप पर निवेशकों और बैंक के करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप है। ईडी ने दिसंबर 2023 में कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। छापेमारी के दौरान क्या-क्या मिला यह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि सूत्रों के मुताबिक टीम ने कई दस्तावेजों को अपने हाथों में लिया है।

गौरतलब हो कि तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ दर्जनों निवेशकों ने करीब 30 करोड़ रुपये डकारने के मामले में एफआईआर दर्ज करा रखा है। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक ने भी तुलसियानी ग्रुप पर कर्ज हड़पने के आरोप में एफआईआर भी दर्ज करा रखा है। ग्रुप ने फर्जी दस्तावेज लगाकर बैंक से 4.63 करोड़ का कर्ज लिया था। बैंक मैनेजर की शिकायत पर ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और अन्य पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। बता दें कि फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी भी बतौर ब्रांड एंबेस्डर तुलसियानी ग्रुप से जुड़ी थी।

### विधायक के कार्यालय भी पहुंची टीम

**लखनऊ ।** भाजपा से हरैया विधायक अजय सिंह के गोमती नगर विस्तार स्थित कार्यालय में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम पहुंची। इस प्रकरण पर अजय सिंह ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि टीम जांच कर ले उसके बाद जो भी वह प्रश्न करेगी हम जवाब देने को तैयार हैं। प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने मुझसे अभी तक कोई बात नहीं की है। हमारा कार्यालय बंद है, लेकिन कार्मिक वहां पर खड़े हैं। मैं चुनाव प्रचार में व्यस्त हूं।

## हृदय घात से हाथरस के भाजपा सांसद का निधन

**अलीगढ़।** भाजपा नेता एवं हाथरस लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजवीर सिंह दिलेर का हृदयघात से निधन हो गया। अलीगढ़ में आवास पर हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से समर्थकों और परिजनों में शोक है। राजवीर का इस बार बीजेपी ने टिकट काट दिया है। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए थे। वह 66 वर्ष के थे। राजवीर सिंह दिलेर 2019 में हाथरस लोकसभा सीट से 2.60 लाख मतों से जीते थे। तीन दिन पहले वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अलीगढ़ में आयोजित जनसभा में मंच पर उपस्थित रहे थे। राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशनलाल दिलेर भी भाजपा के दिग्गज नेता रहे। वह लगातार पांच बार विधायक और चार बार सांसद रहे थे।



- अलीगढ़ में तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

# पीएम की आलमपुर में आज सभा, कल बरेली में रोड शो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे रोड शो में

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार और शुक्रवार दोनों दिन बरेली की जनता से रूबरू होंगे। बृहस्पतिवार को वह आंवला के प्रत्याशी के समर्थन में गांव आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव पर जनसभा करेंगे और शुक्रवार को बरेली के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में शहर के राजेंद्रनगर इलाके में रोड शो। रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे।

आंवला के भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरवेंद्र यादव ने बताया कि सैनिक पड़ाव पर प्रधानमंत्री की जनसभा बृहस्पतिवार दोपहर एक बजे होगी। इस जनसभा में बदायूं संसदीय क्षेत्र के लोग भी पहुंचेंगे। भारी भीड़ आने की संभावना देखते हुए जनसभा स्थल से दो सौ मीटर पहले 10 पार्किंग बनाई गई हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री का बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो होगा। भाजपा के मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी के मुताबिक रोड शो शुरू होने का संभावित समय शाम चार बजे है। प्रशासन और पार्टी के स्तर पर बुधवार को पूरे दिन तैयारियां की जाती रहीं।

## जेईई मेंस में 56 परीक्षार्थियों को 100 एनटीए स्कोर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें 56 परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। ऐसा करने वाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक तेलंगाना से हैं। एनटीए ने कहा कि परीक्षा में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल को लेकर 39 परीक्षार्थियों के जेईई-मुख्य परीक्षा देने पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 10 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

तेलंगाना के सर्वाधिक 15, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के सात-सात और दिल्ली के छह परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। परीक्षा का पहला संस्करण जनवरी-फरवरी में जबकि दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित किया गया था। जेईई-मुख्य परीक्षा एक और दो के परिणामों के आधार पर, परीक्षार्थियों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। जेईई-एडवांस्ड 23 प्रमुख भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा है।

# कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोक दिया।

रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई को लेकर जारी बयान में कहा कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करना जारी रखेगा। वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक की बैंक की आईटी जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से निपटान करने में बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर ये कार्रवाई की गयी है।




- अनियमितताओं के चलते रिजर्व बैंक ने लिया निर्णय

आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन और परिवर्तन प्रबंधन, उपयोगकर्ता पहुंच प्रबंधन, विक्रेता जोखिम प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और डेटा लीक रोकथाम रणनीति, व्यापार निरंतरता और आपदा वसूली कठोरता और ड्रिल के क्षेत्रों में गंभीर कमियां और गैर-अनुपालन देखे गए। लगातार दो वर्षों तक, नियामक दिशानिर्देशों के तहत बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया था। बाद के आकलन के दौरान, बैंक को वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सुधारात्मक कार्य योजनाओं के साथ काफी गैर-अनुपालनकारी पाया गया, क्योंकि बैंक द्वारा प्रस्तुत अनुपालन या तो अपर्याप्त, गलत या टिकाऊ नहीं पाया गया।

## क्या ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर री-प्रोग्राम कर सकते हैं : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- मतों के वीवीपैट से मिलान के मुद्दे पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम से डाले गए सभी वोट का वोटर वीवीपैट के साथ पूरी तरह मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्य-प्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे जिनमें यह प्रश्न भी शामिल है कि क्या ईवीएम में लगे माइक्रोकंट्रोलर को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है या नहीं। वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्य-प्रणाली के बारे में अदालत में प्रस्तुतिकरण दिया था। पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है क्योंकि आयोग के जवाब पर कुछ भ्रम की स्थिति है। पीठ ने कहा हमें स्पष्टीकरण की जरूरत है और इसलिए हमने मामला निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया है।

## जनहित में निजी संपत्ति का अधिग्रहण नहीं, कहना खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि संविधान का उद्देश्य सामाजिक बदलाव की भावना लाना है और यह कहना खतरनाक होगा कि किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति को समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता और सार्वजनिक भलाई के लिए राज्य प्राधिकारों द्वारा उस पर कब्जा नहीं किया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ ने ये टिप्पणी की। पीठ इस बात पर गौर कर रही है कि क्या निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है। इससे पहले मुंबई के प्रॉपर्टी ऑनर्स एसोसिएशन



पीठ इस बात पर गौर कर रही है कि क्या निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है

(पीओए) सहित विभिन्न पक्षों के वकील ने जोरदार दलील दी कि संविधान के अनुच्छेद 39(बी) और 31सी की संवैधानिक योजनाओं की आड़ में राज्य अधिकारियों द्वारा निजी संपत्तियों पर कब्जा नहीं लिया जा सकता है। पीठ विभिन्न याचिकाओं से उत्पन्न जटिल कानूनी प्रश्न पर विचार कर रही है कि क्या निजी संपत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद 39(बी) राज्य नीति निर्देशक तत्वों (डीपीएसपी) का हिस्सा है। पीठ ने कहा, यह कहना थोड़ा अतिवादी हो सकता है कि समुदाय के भौतिक संसाधनों का अर्थ सिर्फ सार्वजनिक संसाधन हैं और उसकी उत्पत्ति किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति में नहीं है। मैं आपको बताऊंगा कि ऐसा दृष्टिकोण रखना क्यों खतरनाक है।

पीठ ने कहा, खदानों और निजी वनों जैसी साधारण चीजों को लें। उदाहरण के लिए, हमारे लिए यह कहना कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत सरकारी नीति निजी वनों पर लागू नहीं होगी... इसलिए इससे दूर रहें। यह बेहद खतरनाक होगा। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, बी वी नागरत्ना, सुधांशु धूलिया, जेबी पारदीवाला, मनोज मिश्रा, राजेश बिंदल, सतीश चंद्र शर्मा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। पीठ ने 1950 के दशक की सामाजिक और अन्य प्रचलित स्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, "संविधान का मकसद सामाजिक बदलाव लाना था और हम यह नहीं कह सकते कि निजी संपत्ति पर अनुच्छेद 39(बी) का कोई उपयोग नहीं है।" पीठ ने कहा कि अधिकारियों को जर्जर इमारतों को अपने कब्जे में लेने का अधिकार देने वाला महाराष्ट्र कानून वैध है या नहीं, यह पूरी तरह से भिन्न मुद्दा है और इस पर अलग से विचार किया जाएगा। सुनवाई पूरी नहीं हुई और यह बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी।

# पेड़ से पैर फिसला, दुपट्टा बना फंदा, छात्रा की मौत

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही छात्रा का किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर में बुधवार को अमरूद तोड़ते समय पेड़ पर पैर फिसलने से छात्रा के गले में दुपट्टे का फंदा कस गया। इससे उसकी मौत हो गई। हालांकि परिजन छात्रा को लेकर निजी चिकित्सक के यहां गए। वहां चिकित्सक ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर में किसान सुरेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उसकी पुत्री कक्षा-11 की छात्रा थी। बुधवार को वह अकेली आम के बाग में गई थी। बताया कि वहां वह अमरूद के पेड़ पर चढ़ गई और अमरूद तोड़ने लगी। इस बीच पेड़ से उसका पैर फिसल गया। इससे छात्रा के गले में पड़ा दुपट्टा पेड़ की शाखाओं में उलझ गया और दुपट्टे के फंदे में छात्रा की गर्दन कस गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूचना देकर परिजनों को बुलाया। परिजन फंदे से उतार कर छात्रा को नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बाद में परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## एक नजर

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 और 29 अप्रैल को

**पीलीभीत।** डिवाइन कॉलेज के बीएलएड तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा 27 अप्रैल और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 29 अप्रैल को होगी। प्रधानाचार्य डॉ. विमल चंद्र पांडेय ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं सुबह नौ बजे परीक्षा सामग्री समेत कॉलेज यूनिफार्म में महाविद्यालय परिसर में पहुंचे।

### स्वास्थ्य शिविर में की गई हीमोग्लोबिन की जांच

**पीलीभीत।** लायंस बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में दस दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन बुधवार से किया गया। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र सेमवाल ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों का रक्त परीक्षण हीमोग्लोबिन, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण, संपूर्ण शारीरिक परीक्षण किया जाएगा। सामान्य रूप से होने वाली बीमारियों को लेकर उन्हें जानकारी दी जाएगी। पहले दिन शहर की एक लैब की डॉ. नीलम अग्रवाल ने छात्रों के हीमोग्लोबिन की जांच की। बता दें कि हर साल यह शिविर विद्यालय की सचिव नीता मोदी की ओर से कराया जाता है।

### तीन दिवसीय रामनवमी मेला शुरू

**बरखेड़ा।** कस्बे में लगने वाला तीन दिवसीय श्रीराम नवमी मेला बुधवार से शुरू हो गया। मेला कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र मौर्य ने बताया कि कस्बे में गत वर्षों की भांति इस बार भी मेला लगाया गया है। ये 26 अप्रैल तक चलेगा। मेले में झांकियां, भजन कीर्तन, चौपाइयां होंगी। राम जन्म लीला का चरित्र चित्रण कलाकारों द्वारा किया जाएगा। रात में संगीत कार्यक्रम होगा। गुरुवार को राम जन्म चौपाई का आयोजन दोपहर दो बजे होगा।

### पति ने की भाभी से शादी जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप

**ललौरीखेड़ा।** क्षेत्र की एक विवाहिता की ओर से जहानाबाद पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, दूसरी शादी रचाने समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की। जिसमें पति समेत चार को आरोपी बनाया है। दर्ज की गई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी सुनगढ़ी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति से छह साल पहले हुई थी। दो पुत्रियों के होने के बाद से ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। जेठ आए दिन छेड़छाड़ करता। मारपीट की जाती थी। आरोप लगाया कि पति ने अपनी भाभी से ही दूसरी शादी कर ली। विरोध करने पर एक साल पहले मारपीट कर घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नाला निर्माण बना शहरवासियों की मुसीबत, खोद कर छोड़ दी सड़क

## पाइप लाइन डालने के लिए खोदाई से उबरे नहीं कि नालों ने बढ़ाई परेशानी, अयोध्यापुरम कॉलोनी में लोगों का घरों तक पहुंचना हो रहा मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



छतरी चौराहा के पास फुटपाथ पर लगा निर्माण सामग्री का ढेर। ● अमृत विचार



डिग्री कॉलेज चौराहा के पास मार्ग के एक तरफ लगा मिट्टी का ढेर। ● अमृत विचार



अयोध्या पुरम कॉलोनी में खोदाई के ऊपर पटले से गुजरते बच्चे।

**अमृत विचार:** पाइप लाइन डालने के लिए बीते सालों में की गई सड़कों की खोदाई के बाद हुए गड्डों को पूरी तरह से ठीक नहीं कराया जा सका था। इसके बाद बारिश से बचाव के लिए कराया जा रहा नाला निर्माण कार्य लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। नाले के लिए खोदाई तो कर दी गई, लेकिन काम धीमी चाल से चल रहा है। ऐसे में जिन लोगों के घरों के आगे खोदाई कर सड़क छोड़ दी गई है, उनकी घरों से बाहर आवाजाही हादसे का सबब बनी हुई है। खासकर बच्चों को लेकर लोग परेशान हैं।

हर साल हल्की सी बारिश में शहर तालाब बन जाता है। मुख्य मार्गों पर भी कई फीट तक जलभराव हो जाता है। इस बार मानसून में शहर को डूबने से बचाने के लिए नगर पालिका की ओर से 22 नये नाले बनवाए जाने हैं। जिनमें से पांच का काम चालू कर दिया गया। ये नाले छतरी चौराहा, डिग्री कॉलेज मार्ग, साई धाम कॉलोनी, आवास विकास, अयोध्या धाम कॉलोनी की तरफ के थे। आचार संहिता लागू होने से पहले ही इन नालों का काम शुरू कर दिया गया था। ताकि काम बाधित न हो सके। मगर नाले के लिए सड़क पर खोदाई करने के बाद इन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया है। कई घरों के बाहर ही कई फीट गहरी खोदाई होने से आवाजाही में दिक्कत बनी हुई है। मिट्टी और निर्माण सामग्री के ढेर लगा दिए गए हैं। छतरी चौराहा के पास चल रहे नाला निर्माण कार्य कुछ श्रमिक कर रहे हैं, लेकिन काम की चाल काफी धीमी है। कामकाज के लिए घरों से निकलना भी मुश्किल हो चुका है। रात के वक्त रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में लगाए गए मिट्टी के ढेर और खोदी गई सड़क से हादसे का डर बना रहता है।

● छतरी चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा के पास भी अव्यवस्था की भरमार

### वाहन निकालना बना बड़ी मुसीबत

अयोध्यापुरम कॉलोनी में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान वाहनों को निकालने की दिक्कत कॉलोनी वासियों के सामने बनी हुई है। जो वाहन खोदाई के वक्त बाहर थे, अब उन्हें घरों तक नहीं पहुंचाया जा सकता है। जबकि जो वाहन घरों पर खड़े थे, अब कामकाज के वक्त उन्हें बाहर निकालने की जगह नहीं बची है। इससे लोग और परेशान हो गए हैं। खोदी गई सड़क के ऊपर पटले डालकर रास्ता तो बना लिया है, लेकिन उसमें बच्चों के निकलते वक्त डर लगा रहता है।



नाला निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। ऐसे में घर से काम पर जाना और वापसी करते वक्त काफी दिक्कत हो रही है। काम में तेजी लाई जानी चाहिए।
– **जितेंद्र मौर्य**, अयोध्या पुरम कॉलोनी



एक तरफ गड्ढों से आवाजाही बाधित हो चुकी है। उसके ऊपर मिट्टी के ढेर लगे होने से घरों में भी धूल घुस आती है। तीन दिन पहले गड्ढे किए गए थे। इसके बाद बुधवार को दो श्रमिक काम करने आए। काफी धीमी गति है।
– **मुकेश मिश्रा**, अयोध्या पुरम कॉलोनी



छह साल से इस कॉलोनी में रह रहे हैं। ठेकेदार ने रोड तो बना दी लेकिन दूसरी तरफ का गड्ढा पहले ही नहीं पाटा गया था। उस जगह नाला बनाने को कहा था लेकिन अब दूसरी तरफ नाला बन रहा है। बड़ी दिक्कत हो रही है।
– **भगवानदेई**, अयोध्या पुरम कॉलोनी



घरों के बाहर ही गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं। उनमें पानी भरा रहता है। पटला डालकर निकलने के लिए रास्ता बनाया है। मगर इसमें बच्चों के आवाजाही करते वक्त हादसे का डर रहता है। वाहनों को निकालने की भी जगह नहीं बची है।
– **नितिन मौर्य**, अयोध्या पुरम कॉलोनी

### नाला निर्माण में देरी से हाईवे के दुकानदार परेशान

टनकपुर हाईवे पर छतरी चौराहा से लेकर डिग्री कॉलेज चौराहा तक नाला निर्माण को लेकर एक तरफ की गई खोदाई ने दुकानदारों को परेशान कर दिया है। दुकानों के आगे मिट्टी के ढेर लगा दिए गए हैं। ग्राहकों के पहुंचने के लिए भी जगह नहीं बची है। ऐसे में कारोबार पर इसका असर पड़ रहा है। काम की धीमी रफ्तार को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

# क्षतिग्रस्त रेलिंग सुधारने के बजाए मिट्टी डालकर छोड़ा



गौहनिया तालाब की क्षतिग्रस्त रेलिंग के पास डाली गई मिट्टी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत।** गौहनिया तालाब की क्षतिग्रस्त रेलिंग का सुधार कार्य शुरू करा दिया गया है। अभी तालाब किनारे मिट्टी डाल दी गई है। हालांकि काम की रफ्तार धीमी है। मिट्टी डालकर ही छोड़ दिया है। टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा के नजदीक स्थित तालाब की लोहे की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी। तालाब से सटी एक तरफ की सड़क पहले ही धंसती जा रही है। रात के वक्त रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम न होने की वजह से हादसे का खतरा बना हुआ था। शहर के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट ने मामले की शिकायत डीएम समेत अन्य अधिकारियों से की थी। जिसके बाद प्रशासनिक अमला हकरत में आया। मंगलवार को सुधार कार्य शुरू करा दिया गया लेकिन धीमी गति बनी रही। एक तरह से औपचारिकता निभाई गई है। हाईवे पर तालाब किनारे मिट्टी डाल दी गई है। मगर अभी क्षतिग्रस्त रेलिंग को ठीक करने के लिए कोई खास काम नहीं हो सका है।

# गन्ना सर्वेक्षण कार्य का दिया प्रशिक्षण

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल में बुधवार को गन्ना सर्वेक्षण कार्य का प्रशिक्षण हुआ। गन्ना पर्यवेक्षकों, समिति कार्मिकों और चीनी मिल बरखेड़ा के गन्ना सर्वेक्षकों को संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया गया। सर्वप्रथम समस्त प्रतिभागियों को वर्ष 2024 की गन्ना सर्वेक्षण नीति पढ़कर सुनाई गई। इसके बाद गाटावार गन्ना सर्वेक्षण के बारे में बारीकी से बताया गया। कहा कि इस वर्ष समस्त गन्ना सर्वेक्षण का कार्य जीपीएस से किया जाएगा। शुद्धता से गन्ना सर्वेक्षण पूर्ण करने के लिए समस्त दलों (टीम) को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना सुबोध गुप्ता, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा मनोज कुमार साहू, गन्ना विकास निरीक्षक जगदीश कुमार मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक गन्ना सीवी सिंह, गन्ना प्रबंधक डीआर सिंह आदि मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक तरीके अपनाकर बढ़ाएं उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक डॉ. सीएस पॉशवाल।

**अमृत विचार:** कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को गन्ना फसल प्रबंधन की जानकारी दी। जिला गन्ना अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने किसानों को गन्ना सर्वे, भूमि एवं बीज शोधन के बारे में बताया।

गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के अंतर्गत आने वाले गांव पंसोली में बुधवार को कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र, शाहजहांपुर के वैज्ञानिकों द्वारा गन्ना किसानों को समसामयिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सीएस पॉशवाल ने किसानों को रोग-कीट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गन्ने में परणीय छिड़काव को बढ़ावा देने के लिए एनपीके जल विलेय उर्वरक के साथ क्लोरिपैरिफॉस 50 ईसी के 0.2 प्रतिशत घोल के स्प्रे करने की सलाह दी। सहायक निदेशक पीके कपिल ने उत्पादन बढ़ाने में पेड़ी प्रबंधन करने कं वैज्ञानिक तरीके के बारे में बताया। उन्होंने ट्रेश मल्चिंग के तरीके और उससे होने वाले लाभ, कार्बनिक पदार्थों की मृदा में उपयोगिता एवं पौध पोषण में इसकी महत्ता के बारे में जानकारी दी।

● पंसोली में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना फसल प्रबंधन की दी जानकारी

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी ने गन्ना सर्वेक्षण नीति के बारे में बताते हुए किसानों को सर्वे के दौरान मौजूद रहने को कहा। सभी किसान सर्वे के बाद मौके पर ही सर्वे पर्ची प्राप्त कर लें। एलएच चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक गन्ना केबी शर्मा ने खरपतवार नियंत्रण के बारे में बताया। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि किसानों के लिए गन्ना समितियों में फार्म मशीनरी बैंक स्थापित हैं। जहां से किसान ट्रैक्टर, एमबी प्लाऊ, रोटावेटर, मल्चर, रिंग पिट डीगर जैसे यंत्र किराए पर प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को जिला योजना के अंतर्गत भूमि एवं बीज शोधन के लिए कीटनाशक उपलब्ध है। जिसका प्रयोग किसान अवश्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान अहिवरन सिंह ने की। इस मौके ग्राम प्रधान रामकिशन, बाबूराम, मुकेश, लालाराम, रामप्रसाद, मंगली आदि किसानों समेत चीनी मिल के उप प्रबंधक गन्ना संजीव राठी एवं फील्ड के कर्मचारी मौजूद रहे।

# तेज आवाज में डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई

संवाददाता, बिलसंडा



एसओ के साथ बैठक में पहुंचे डीजे और बैंकट हॉल संचालक।

**अमृत विचार:** शादी समारोह के दौरान तेज आवाज और रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर कार्यवाही तय है। एसओ ने बुधवार को इसे लेकर बैंकट हॉल एवं डीजे संचालकों को थाने बुलाकर बैठक की। इस दौरान नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा।

नगर एवं क्षेत्र के बैंकट हॉल में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की लगातार लोगों द्वारा शिकायतें की जा रही हैं। तेज आवाज की वजह से बैंकट हॉल के आसपास रहने वाले लोगों की न केवल नींद में खलल पड़ रहा है, बल्कि इससे हार्ट के मरीजों को लेकर भी खतरा है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बुधवार को डीजे एवं बैंकट हॉल संचालकों की बैठक बुलाई। रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। सभी बैंकट हॉल के अंदर और बाहर कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। बैठक में बैंकट हॉल संचालक आदर्श कुमार गुप्ता, दिलबाग सिंह, सुरेश गुप्ता, अचल गुप्ता, मोहम्मद अहमद, मनोज गुप्ता, नवीन जायसवाल, गौरव राठौर, डीजे संचालक विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

● डीजे और बैंकट हॉल संचालकों की बैठक में दी गई हिदायत

# नवजात के साथ विवाहिता को कर दिया बेघर, रिपोर्ट

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को नवजात बच्ची समेत घर से निकाल दिया। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लाह निवासी अनुमाला ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले गांव नरायनपुर ताल्लुके घुंघचिहाई निवासी जितेंद्र कुमार से हुई थी। ससुराल वाले दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। सप्ताह भर पहले उसने दूसरी पुत्री को जन्म दिया। जिसके बाद ससुराल वाले और गुस्सा गए। मारपीट कर बच्ची समेत घर से निकाल दिया। एसओ घुंघचिहाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में पति जितेंद्र कुमार, लीलावती, ओम प्रकाश, सुखलाल, सोहद्रा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# गोशाला में नियमित जाएं पशु चिकित्सक

संवाददाता, पूरनपुर



निर्माणाधीन कान्हा गोशाला का निरीक्षण करते एसडीएम राजेश शुक्ला।

**अमृत विचार:** एसडीएम ने निरीक्षण कर निर्माणाधीन कान्हा गोशाला के काम की गुणवत्ता को परखा और शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। सुल्तानपुर गोशाला में क्षमता से कम पशु मिले। इसे लेकर भी मातहतों को निर्देश दिए गए। पशु चिकित्सक के लंबे समय से न पहुंचने की शिकायत मिलने पर नियमित ड्यूटी लगाने के लिए निर्देशित किया।

पीलीभीत रोड पर पूरनपुर नगर पालिका की ओर से कान्हा गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार शाम को एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने निर्माणाधीन कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। इस गोशाला में 500 गोवंश पशुओं का संरक्षण किया जाएगा। एसडीएम ने निर्माण कार्य को बारीकी से देखा। गोशाला का काम 31 मार्च तक पूरा किया जाना था, लेकिन निर्माण आधा अधूरा है। इसे लेकर एसडीएम ने जल्द निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने सुल्तानपुर की गोशाला के हालात परखे। गोशाला में कुल 83 गोवंश पशु पाए गए। चारा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था मिली। उन्होंने बताया कि इस गोशाला में करीब 15 पशु और संरक्षित किए जा सकते हैं। जिसके लिए क्षेत्र के छुट्टा पशुओं को पकड़कर संरक्षित करने के निर्देश दिए।

● एसडीएम ने निरीक्षण कर मातहतों को दिए निर्देश

केयरटेकर ने बताया कि गोशाला में पशु चिकित्सक लंबे समय से नहीं पहुंचे हैं। इस पर पशु चिकित्सक की नियमित ड्यूटी लगाने की बात कही। इस मौके पर नगर पालिका ईओ केके सोनकर भी मौजूद रहे।

### पशु चिकित्सालय में चोरी

**न्यूरिया।** राजकीय पशु चिकित्सालय के फार्मासिस्ट नीरज कुमार ने तहरीर में बताया कि वह बुधवार सुबह अस्पताल पहुंचे तो कमरों का ताला टूटा मिला। सामान गायब था।




# मनमानी

## डॉक्टरों के परीक्षण किए बिना ही मरीजों को लगा रहे हैं नजर का चश्मा

# निजी ऑप्टिकल सेंटरों पर आंखों से हो रहा खिलवाड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर के एक निजी सेंटर पर नेत्र परीक्षण कराती महिला।

**अमृत विचार:** शहर में बड़ी संख्या में संचालित प्राइवेट ऑप्टिकल सेंटर बिना पंजीकरण और बिना ट्रेंड स्टाफ के द्वारा चलाए जा रहे हैं। जहां बिना परीक्षण के जैसे-तैसे जांच कर लोगों को नजर का चश्मा पहना दिया जा रहा। जोकि आंखों के लिए घातक हो सकता है। जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञों की राय है कि बिना चिकित्सक के परीक्षण के चश्मे का नंबर देना खतरे से खाली नहीं है। मगर स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन सेंटरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

● स्वास्थ्य महकमा नहीं ले रहा सुधि जमकर की जा रही अनदेखी

पीलीभीत शहर में ही 80 से अधिक चश्मा बनाने वालों की दुकानें हैं। अधिकांश दुकानों पर मशीनों के जरिये अनट्रेंड स्टाफ जांच करता है। सामान्य तौर पर चश्मे की दुकान चलाने वालों को केवल चश्मा बनाने का अधिकार है, जोकि नेत्र रोग विशेषज्ञ के बताए नंबर का चश्मा बनाकर दे सकते हैं। लेकिन यहां पूरा ठेका दुकानदारों ने ही ले रखा है। हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग इनकी कभी जांच भी नहीं करता है। ऐसे में अधिकतर चश्मे की दुकानों पर अनट्रेंड स्टाफ बिना किसी डिग्री, डिप्लोमा के आंखों की जांच करते हैं। कई बार आई साइट ठीक होने के बाद भी ऑप्टिकल सेंटर वाले रुपये के लालच में उन्हें नजर का चश्मा लगा देते हैं। जिस वजह से लोगों की आंखें खराब हो रही हैं। साठगांठ के चलते इन सेंटरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इसलिए निजी ऑप्टिकल सेंटर वाले आंखों से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### डॉक्टर के बिना नहीं दे सकते नंबर

चश्मे का नंबर देने के लिए दो साल का ऑप्टोमेट्रिस्ट डिप्लोमा जरूरी है। इसके बाद भी क्वालीफाई ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉक्टर की इजाजत के बिना मरीज को आंखों के चश्मे का नंबर नहीं दिया जा सकता। लेकिन शहर की अधिकांश दुकानों पर ऑप्टोमेट्रिस्ट डिप्लोमाधारी स्टाफ नहीं है। उन्होंने आंखें चेक करने वाली मशीन लगा रखी है।

> बिना पंजीकृत अस्पतालों और सेंटरों पर समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। अगर बिना प्रशिक्षित स्टाफ के सेंटर चल रहे हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

# खो-खो में यमुना, कबड्डी में गोदावरी हाउस विजेता



खो-खो खेलते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज में बुधवार को इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें गंगा हाउस, यमुना हाउस, ब्रह्मपुत्र हाउस और गोदावरी हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

बालिका वर्ग से खो-खो एवं बालक वर्ग से कबड्डी खेल हुआ। जिसमें कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। खेलों को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। बालिका वर्ग से खो-खो प्रतियोगिता में यमुना हाउस विजेता और गंगा हाउस उपविजेता रहा। बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में गोदावरी हाउस विजेता और यमुना हाउस उप विजेता रहा। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने छात्र-छात्राओं के खेल प्रदर्शन की सराहना की।






# गोदामों में भर ली लाखों क्विंटल चीनी, बकाया की सुधि नहीं

## मिलें बंद हुए एक माह बीतने के बाद भी किसानों को नहीं मिला गन्ने का 151 करोड़ रुपये बकाया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गन्ना पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। चीनी मिलें बंद हुए करीब एक माह का समय भी बीत चुका है। खास बात यह है कि इन चीनी मिलों ने गन्ना पेराई कर लाखों क्विंटल चीनी तो गोदामों में भर ली, लेकिन किसानों का बकाया 151.38 करोड़ रुपए का भुगतान देने में कोई दिलचस्पी नहीं है। बकाया भुगतान करने में बरखेड़ा चीनी मिल की सबसे दयनीय स्थिति है। इस मिल पर 137 करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। शासन की तमाम सख्ती के बावजूद गन्ना किसान बकाया भुगतान को लेकर दर-दर ठोकरें खा रहे हैं।

तराई के इस कृषि प्रधान जिले के अन्नदाता लगभग हर साल ही दैवीय आपदाओं का शिकार तो हो ही रहे हैं, साथ ही लापरवाह तंत्र उनकी कमर तोडने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। जिले में गन्ने के बकाया भुगतान की स्थिति को देखें तो पेराई सत्र के दौरान जिले में चार चीनी मिलों द्वारा किसानों से 279.87 लाख क्विंटल गन्ना लेकर पेराई की।

इसमें एलएच चीनी मिल से पहली अप्रैल को मिल बंदी के साथ ही किसानों को शत प्रतिशत भुगतान कर दिया, मगर शेष बची तीन मिलों ने पिछले माह की 23 तारीख के बाद से धेले भर का भुगतान नहीं किया है। बरखेड़ा चीनी मिल, किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर और बीसलपुर पर अभी भी गन्ना किसानों का 151.38 करोड़ रुपए बकाया है। बकाया भुगतान करने में बरखेड़ा चीनी मिल सबसे फिसड्डी साबित हो रही है। इस मिल पर किसानों का 137 करोड़ रुपए बकाया है। इस मिल ने 10 दिसंबर के बाद से कोई भी भुगतान नहीं किया है। जबकि किसान सहकारी मिल पूरनपुर पर 8.89 करोड़ और किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर पर 5.49 करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। जबकि शासन द्वारा 14 दिन के भीतर गन्ने का बकाया भुगतान करने का आदेश है, इसके बावजूद मिलें शासन के आदेश को हवा में उड़ा रही है। होली और ईद का त्योहार भी बीत गया और किसान बकाया भुगतान मिलने का इंतजार रही करते रह गए। गन्ना किसान चीनी मिलों की इस मनमानी से परेशान हैं। भुगतान नहीं होने से आगामी फसल भी प्रभावित हो रही है। वहीं जिम्मेदार शासन के आदेश को हवा में उड़ाने वाली चीनी मिलों पर कार्रवाई के नाम पर महज नोटिस देकर मामले को टरकाते आ रहे हैं।


बरखेड़ा चीनी मिल। ● अमृत विचार

### किसानों को सता रही अगली फसल संभालने की चिंता

मिलें बंद हुए करीब एक माह का समय बीत चुका है। किसान गन्ने की बुबाई कर चुके हैं। कुछ समय बाद धान की रोपाई की जाएगी। अब बिना पैसे अगली फसल को कैसे पाला जाए, किसानों के आगे यह समस्या मुंह फैलाए खड़ी है। पचपेड़ा ताल्लुके महाराजपुर के गन्ना किसान गुरुदयाल सिंह, मदन लाल आदि का कहना है कि अभी पिछली फसल के दौरान ली गई खाद-बीज का पैसा नहीं चुकाया है, ऐसे में अब गन्ने और धान की फसल की देखभाल कैसे होगी, इसकी चिंता सता रही है। सरकार 14 दिन के भीतर भुगतान दिलाने की बात कह रही है, फिर भी चीनी मिलें भुगतान देने में आनाकानी कर रही हैं।

- **बरखेड़ा चीनी मिल किसानों का भुगतान करने में सबसे फिसड्डी**

एलएच चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का शत प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। शेष मिलों पर बकाया भुगतान को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। हाल में ही मिलों को नोटिस देकर जल्द बकाया भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। गन्ना किसानों को जल्द बकाया भुगतान दिलाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।
– **खुशीराम भार्गव**, जिला गन्ना अधिकारी

### यह है बकाया भुगतान की स्थिति

| चीनी मिल | भुगतान | बकाया |
|---|---|---|
| एलएच चीनी मिल पीलीभीत | 651.33 | 00 |
| बरखेड़ा चीनी मिल | 73.17 | 137 |
| किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर | 60.35 | 8.89 |
| किसान सहकारी मिल बीसलपुर | 87.45 | 5.49 |

(करोड़ में)

## छह मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार जेल भेजा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सुनगढ़ी पुलिस ने छह मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ की। उनके पास से मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर चालान किया है।

सुनगढ़ी पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह करीब छह बजे दरोगा सौरभ कुमार की अगुवाई में टीम ने बिजली घर तिराहे के पास दबिश देकर छह मादक पदार्थ पदार्थ तस्करों को पकड़ा। आरोपी पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी मोहित पांडेय से 500 ग्राम चरस, उसके पिता विजय पांडेय से 500 ग्राम चरस और मां सीमा पांडेय से 35 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इसके अलावा मोहल्ला मदीनाशाह निवासी नासिर से 40 ग्राम स्मैक, बाबू उर्फ गइया वाला से 45 ग्राम स्मैक, साहिल से 30 ग्राम स्मैक की बरामदगी की गई। सीओ सिटी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर मादक पदार्थ तस्कर हैं।

## गैंगस्टर एक्ट का आरोपी भेजा जेल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के फरार आरोपी मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी जितेंद्र कश्यप को उसके घर से गिरफ्तार किया। बुधवार को चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अतिक्रमण, ट्रिपल राइडिंग हादसों की अहम वजह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बैठक कर डीएम और एसपी ने तलाशी सड़क दुर्घटनाओं की वजह**
- **एसपी ने पॉवर प्वाइंटर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी ब्लैक स्पॉट व कारणों की दी जानकारी**

**अमृत विचारः** जनपद में हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एसपी द्वारा पावर प्वाइंटर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनपद में चिह्नित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना के कारणों के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

गांधी सभागार में बुधवार को डीएम संजय कुमार सिंह और एसपी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा विगत दिनों हुईं सड़क दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया। एसपी द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनपद में चिह्नित ब्लैक स्पॉट का प्रस्तुतीकरण करते हुए जनपद में हो रही दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण टी-पॉइंट पर किए गए अतिक्रमण के कारण होने वाली अदृश्यता, मार्गों पर संकेतक न होना, मार्ग पर पर्याप्त रोशनी न होना, यात्री वाहन पर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठा कर चलना आदि हैं। इन वजहों में सुधार करके काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

उन्होंने सीओ ट्रैफिक को निर्देश दिए कि शहर के व्यस्ततम मार्गों का चिन्हीकरण करने के साथ दुकानदारों को जागरूक करें। वहीं मार्गों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने दिया जाए। इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी जाए तथा न मानने पर उन पर जुर्माना लगाया जाए। वहीं डीएम ने डीआईओएस एवं बीएसए को विद्यालयों में असेंबली के समय विद्यार्थियों को प्रतिदिन सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाए जाने के निर्देश जारी करने को कहा। इस दौरान एसपी ने ई-रिक्शा एवं टेंपो में दाहिनी साइड बंद करने के निर्देश दिए, ताकि वाहन में बैठी सवारियां चलते ट्रैफिक के बीच में न उतरें।

बैठक में नाबालिग विद्यार्थियों के दोपहिया वाहन प्रयुक्त किए जाने, सड़कों पर छुट्टा पशु की आवाजाही पर रोक आदि सुझाव दिए गए। बैठक के बाद डीएम एवं एसपी ने छतरी चौराहा पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने सभी दुकानदारों, ठेले वालों से चौराहे के किनारे दुकानें न लगाने की अपील की।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यदि किसी दुकानदार द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, सीओ ट्रैफिक विधि भूषण मौर्य, डीआईओएस गिरजेश चौधरी, बीएसए अमित कुमार समेत लोक निर्माण एवं एनएचएआई के अभियंता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


ब्लैक स्पॉट के संबंध में जानकारी देते एसपी अविनाश पांडेय, डीएम संजय कुमार सिंह।

## साहब! सराफ नहीं लौटा रहा गिरवी रखे जेवरात

**पूरनपुर, अमृत विचारः** जरूरत पड़ने पर जेवरात गिरवी रखकर एक ग्रामीण ने सराफ से 1.03 लाख रुपये लिए। इसे चुकता करने के बाद जब जेवरात लेने गया तो सराफ ने पहले तो टालमटोल की। इसके बाद मारपीट कर भगा दिया। पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी कमालुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने व्यापार के लिए आवश्यकता पड़ने पर एक जनवरी और फिर 21 अगस्त को अपने सोने-चांदी के जेवरात कस्बे के एक सराफ के पास गिरवी रखे थे। इसके एवज में एक लाख तीन हजार पांच सौ रुपये लिए थे। कुछ समय बाद ही धीरे-धीरे ली गई रकम चुकता भी कर दी गई। रुपये वापस करने से जुड़े तमाम अभिलेख उनके पास मौजूद हैं। आरोप है कि सराफा व्यापारी अब जेवरात वापस नहीं कर रहा है। 15 अप्रैल को जब व्यापारी से जेवर मांगने के लिए गए तो वह झगड़ा फसाद करने लगा। मारपीट कर धमकी देते हुए भगा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीलभीत टाइगर रिजर्व में 653 कैमरों से होगी बाघों की गणना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **गणना करने वाले कर्मियों का प्रशिक्षण पूरा**
- **पीटीआर प्रशासन एक मई से गणना कराने की तैयारियों में जुटा**

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में फेज-4 की बाघ गणना अगले माह से शुरू होगी। इसको लेकर पीटीआर प्रशासन तेजी से तैयारियों में जुटा है। बाघ गणना को लेकर वनकर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है। सभी पांच रेंजों में बाघ गणना विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से की जाएगी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 71 से अधिक बाघ हैं। एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉर्टी) के निर्देश पर देश के सभी टाइगर रिजर्वों में हर चार साल बाद बाघ गणना कराई जाती है। वहीं स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा हर साल फेज-4 के तहत बाघ गणना का प्रावधान है, मगर संसाधनों की कमी के चलते यह बाघ गणना प्रतिवर्ष न होकर अमूमन दो साल में कराई जा रही है। इधर अब पीटीआर प्रशासन फेज-4 की बाघ गणना को लेकर तेजी से तैयारियां में जुटा है। संभवता बाघ गणना एक मई से शुरू कराई जा सकती है। बाघ गणना के दौरान लगाए जाने वाले कैमरे, टॉर्च, ताला, बैटरी, एसडी कार्ड समेत अन्य संसाधनों का परीक्षण किया जा रहा है। पीटीआर प्रशासन यह बाघ गणना सभी पांच रेंज महोफ, माला, बराही, हरीपुर और दियूरिया रेंज में विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से करेगा। बाघ गणना को लेकर सभी पांचों रेंज के वनकर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के मुताबिक पीटीआर में 653 कैमरों के माध्यम से फेज-4 की बाघ गणना की जाएगी। फिलहाल बाघ गणना सभी पांच रेंजों में एक साथ होगी अथवा एक या दो रेंजों की एक साथ की जाएगी, इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि संसाधन जुटाए जा रहे हैं। यदि पर्याप्त संसाधन मुहैय्या हो जाते हैं तो पूरे टाइगर रिजर्व में एक साथ बाघ गणना की जाएगी। फिलहाल वन अफसर बरसात से पूर्व बाघ गणना का कार्य पूरा करने की तैयारी में जुटे हैं।


पीटीआर में स्वच्छंद विचरण करते बाघ।

पीटीआर में फेज-4 की बाघ गणना को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। गणना को लेकर संसाधन जुटाए जा रहे हैं। कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो एक मई से बाघ गणना शुरु करा दी जाएगी।
– **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# बिलसंडा में फायर स्टेशन बनाने के लिए जमीन की तलाश शुरू

संवाददाता, बिलसंडा

- **शासन से मंजूरी मिलने के बाद एसडीएम ने लगाई टीम**
- **दो वर्षों से बीसलपुर विधायक विधानसभा में उठा रहे थे मांग**

**अमृत विचारः** क्षेत्र वासियों को जल्द ही फायर ब्रिगेड स्टेशन मिल सकेगा। शासन स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद जमीन की तलाश तेज कर दी गई है। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को जमीन तलाशने की जिम्मेदारी दी है। लंबे अरसे से लोग इसकी मांग कर रहे थे। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा भी दो साल से विधानसभा में इस मांग को रखते आ रहे थे। फिलहाल इसकी जानकारी लगने पर लोगों ने हर्ष जताया है।

बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा दो साल से इस मांग को शासन स्तर पर रख रहे थे। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के मद्देनजर विधानसभा में इसे प्रमुखता से उठाया। पत्राचार किए गए। जिसके बाद फायर स्टेशन को स्वीकृति मिल गई। विधायक विवेक वर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए इस कदम को क्षेत्रवासियों के हित योग्य बताया। इधर, प्रशासन ने भी फायर स्टेशन के लिये जमीन की तलाश शुरू कर दी है। एसडीएम महिपाल सिंह ने बताया कि बिलसंडा और उसके आसपास सड़क से सटी जमीन की तलाश की जा रही हैं। ऐसे स्थान पर जमीन देख रहे हैं, जहां आसानी से वाहनों की आवाजाही हो सके। लेखपालों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। इस कार्य के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, भाजपा अध्यक्ष विक्रम गंगवार, अजय जायसवाल, विकेश जायसवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र चौहान, सती शंकर मिश्रा, जितेंद्र भदौरिया, आशीष सक्सेना, अटल बिहारी मिश्रा ने बधाई दी। बता दें कि हर साल बिलसंडा क्षेत्र में अग्निकांड में किसानों को भारी हानि होती रही है। एक साथ कई गांवों में आग की घटनाएं होने पर बीसलपुर से गाड़ी पहुंचना मुश्किल हो जाता था। बिलसंडा में अब फायर स्टेशन बनने से काफी राहत मिलेगी।



बिलसंडा में फायर स्टेशन होने पर समय से आग की घटनाओं पर काबू पाया जा सकेगा। काफी दिनों से बिलसंडा में फायर स्टेशन को लेकर पत्राचार किया जा रहा था। शासन से स्वीकृति मिल पाई है। जमीन की तलाश की जा रही है।
–**विवेक वर्मा**, विधायक बीसलपुर

# दरोगा ने अन्य मामले के आरोपी को बताया हत्यारोपी

संवाददाता, गजरौला

- **गलत फोटो मीडिया में देने के बाद मची खलबली**
- **दरोगा ने दूसरे दिन सही फोटो देकर सुधारी भूल**

**अमृत विचारः** बिठौराकलां निवासी कपिल की हत्या के मामले में पुलिस की ओर किए गए खुलासे के दौरान दरोगा की ओर से लापरवाही बरती गई। पकड़े गए आरोपी की बजाय दरोगा ने पूर्व में किसी अन्य मामले में पकड़े गए युवक का फोटो मीडिया को जारी कर दिया। इसके बाद खलबली मच गई। दरोगा दूसरे दिन बड़ी चूक की बात कहकर सही फोटो देकर गलती सुधारते नजर आए।

गजरौला क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां निवासी 16 वर्षीय कपिल पुत्र श्रवण कुमार उर्फ नन्हेलाल की 12 अप्रैल की रात गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। उसका शव 14 अप्रैल को गेहूं के खेत में पड़ा मिला था। पिता की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही थी। पुलिस ने मंगलवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए नामजद अभियुक्त मदन उर्फ कल्लू को जेल भेज दिया था। बताया था कि मोबाइल चोरी के शक में उसने कपिल की हत्या कर दी थी। गजरौला थाने के एक दरोगा ने आरोपी के फोटो के बजाय पूर्व में एक अन्य मामले में गिरफ्तार किए गए युवक का फोटो मीडिया में दे दिया। जब वह फोटो प्रकाशित हुआ तो विभाग में खलबली मच गई। मामले ने तूल पकड़ा तो बुधवार सुबह दरोगा ने अपनी गलती स्वीकारी और सही फोटो मीडिया में दिया।


हत्यारोपी मदन उर्फ कल्लू।

## दोस्त के साथ नेपाल चला गया था युवक, लौटा घर

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** तरबूज लाने के लिए निकलने के बाद लापता हुआ युवक दूसरे दिन खुद ही वापस घर पहुंच गया। वह बाइक खड़ी कर नेपाल घूमने चला गया था। परिवार ने किसी तरह की कार्रवाई से इनकार किया है। कस्बा बरखेड़ा निवासी फरमान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई सलमान उर्फ शोएब (27) सोमवार दोपहर करीब दो बजे घर से तरबूज लेने जाने की बात कहकर निकला था और फिर लापता हो गया। नवाबगंज मार्ग पर देवहा नदी पुल से नीचे उतरने वाले रास्ते पर पेड़ के नीचे सलमान की बाइक खड़ी मिली थी। मगर युवक का कुछ पता नहीं चल सका था। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर पड़ताल में जुट गई थी। एसएसआई सिद्धांत शर्मा ने बताया कि लापता युवक मंगलवार रात खुद ही घर पहुंच गया। वह एक दोस्त के साथ महेंद्र नगर (नेपाल) घूमने चला गया था। सकुशल घर आने की सूचना परिवार ने दी है।

## नोडल अधिकारी से अनुमति लेकर डीएनए जांच को लिया सैंपल

संवाददाता, बरखेड़ा

- **लापता युवक के माता-पिता के नाखून, बाल और ब्लड का लिया नमूना**
- **बरखेड़ा क्षेत्र में नरमुंड मिलने का मामला, मुरादाबाद लैब में होगी जांच**

**अमृत विचारः** गन्ने के खेत में नरमुंड और हड्डियों की शिनाख्त के लिए नोडल अधिकारी से अनुमति लेने के बाद लापता युवक के माता-पिता का सीएमओ की ओर से गठित पैनल द्वारा डीएनए जांच के लिए सैंपल लेकर मुरादाबाद की लैब में भेजा गया है।

13 मार्च को बरखेड़ा-नवाबगंज मार्ग पर स्थित बहादुरपुर हुक्मी गांव निवासी बेचेलाल के खेत में नरमुंड और कुछ हड्डियां मिली थीं। शर्ट और चप्पल भी नजदीक में ही पड़ी थी। बरेली जिले के थाना क्योलडिया क्षेत्र के ग्राम बहार जागीर निवासी रामपाल के परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे थे। चप्पल और शर्ट को देख रामपाल के लापता चल रहे 30 वर्षीय पुत्र सर्वेश का नरमुंड होने का दावा किया था। बताया था कि सर्वेश 22 नवंबर 2023 से लापता है। नरमुंड की पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जानी थी। नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया से अनुमति ली गई। सीएमओ की ओर से पैनल गठित किया गया। जिसमें नरमुंड का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक को भी शामिल किया गया। जिसके बाद लापता सर्वेश के पिता रामपाल और मां पुष्पा के बाल, नाखून और ब्लड का सैंपल लिया गया है।

बीते दिनों एक खेत में नरमुंड व कुछ हड्डियां मिली थीं। एक परिवार अपने लापता बेटे के होने का दावा कर रहा था। इसी के चलते डीएनए जांच को सैंपल लिया गया है। इसकी जांच मुरादाबाद लैब में होगी। डीएनए जांच की रिपोर्ट मिलने पर ही पुष्टि हो सकेगी कि नरमुंड लापता युवक का है या नहीं। – **रविंद्र सिंह बालियान**, चौकी प्रभारी जिरौनिया

## पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के गोदावरी स्टेट कॉलोनी निवासी निहारिका राठौर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी चार अप्रैल 2021 को हल्द्वानी के गोकुल धाम कॉलोनी के निवासी दमन सिंह सोंधी से हुई थी। आरोप है कि दहेज में 50 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। 28 सितंबर 2023 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। 24 फरवरी की दोपहर एक बजे ससुराल वाले मायके आए और दोबारा मारपीट की। आसपास के लोगों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले में पति दमन सिंह, सास दलजीत कौर, नलद हरदीप कौर, ममिया ससुर हरविंदर कौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार पशुधन प्रसार अधिकारी की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- **एक साथी हुआ घायल, टीकाकरण के लिए जाते वक्त हुआ हादसा**

**अमृत विचारः** शाहगढ़ से हरदोई ब्रांच नहर मार्ग पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पशुधन प्रसार अधिकारी की मौत हो गई जबकि उनका एक साथी घायल हो गया।

थाना माधोटांडा क्षेत्र स्थित शाहगढ़ पशु चिकित्सालय में तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी महेश चंद्र वर्मा (56) बुधवार सुबह अपने सहयोगी ग्राम बंगला निवासी धर्मेंद्र कुमार के साथ बाइक से रमपुरा फकीरे गांव जा रहे थे। गांव में पशुओं का टीकाकरण किया जाना था। शाहगढ़ से हरदोई ब्रांच नहर की ओर जाने वाली सड़क पर उनकी बाइक को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। कार सवार घायलों को लेकर सीएचसी पूरनपुर पहुंचा। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर स्टाफ के लोग भी पहुंच गए। मृतक मूल रूप से बरेली के रहने वाले थे।


मृतक महेश चंद्र वर्मा।

## ग्रामीण खुद कर रहे सफाई, वीडियो वायरल

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** ग्राम पंचायत जितौरिया टांडा में सफाई कर्मी के न आने पर फैल रही गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने खुद ही नाली की सफाई करना शुरू कर दिया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खलबली मची रही।

घुंघचिहाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत जितौरिया टांडा से वायरल हो रहे एक वीडियो ने एक बार फिर बदहाल तस्वीर उजागर की है। बताते हैं कि यहां तैनात सफाई कर्मी लंबे समय तक पहुंचा। जब शिकायत के बाद भी समाधान न हुआ तो ग्रामीणों ने खुद ही नालियों की साफ सफाई शुरू कर दी है। एडीओ पंचायत अजय देवल ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। इसे दिखवाया जाएगा।

तैयारी | पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदाई का कार्य शुरू, गत वर्ष रोपे गए थे 37 .89 लाख पौधे

# हरियाली बढ़ाने को रोपे जाएंगे 36 .61 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** धरती पर हरियाली के लिए इस वर्ष जनपद को 36,61,700 पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया है। वन विभाग सहित 27 अन्य विभागों को विभागवार लक्ष्य भी आवंटित किया गया है।

हर साल ही जिले में अभियान चलाकर पौधरोपण किया जाता है। शासन की ओर से इस बार जनपद को 36,61,700 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए 27 विभागों को लक्ष्य आवंटित किया गया है। वन विभाग को 2.5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पौधरोपण के लिए गड्ढों की खोदाई की जा चुकी है। वहीं पौधरोपण के लिए नर्सरी में पौध भी तैयार की जा रही है। सामाजिक वानिकी प्रभाग के प्रभारी डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि जिन 27 विभागों को पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है उन्हें पूर्व में ही सूचना दी जा चुकी है। अब विभागों से गड्ढा खोदाई से संबंधित सूचनाएं मांगी हैं।

### इस बार 65 हजार कम पौधे लगाने का मिला लक्ष्य

गत वर्ष शासन द्वारा जिले को 37,27,237 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था। सामाजिक वानिकी के मुताबिक लक्ष्य के सापेक्ष जिले भर में 37,89,195 पौधे लगाए गए थे। यह दीगर बात है कि देखभाल न होने के कारण कुछ पौधों का नामोनिशान ही मिट चुका है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार 65,337 कम पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

### विभागवार दिए गए लक्ष्य की स्थिति

| विभाग | लक्ष्य | | |
|---|---|---|---|
| वन विभाग | 250000 | सहकारिता विभाग | 8820 |
| पर्यावरण विभाग | 116000 | उद्योग विभाग | 17000 |
| ग्राम्य विकास विभाग | 1992000 | ऊर्जा विभाग | 6860 |
| राजस्व विभाग | 167000 | माध्यमिक शिक्षा | 12000 |
| पंचायती राज विभाग | 203000 | बेसिक शिक्षा | 20000 |
| आवास विकास विभाग | 9000 | प्राविधिक शिक्षा | 8000 |
| औद्योगिक विभाग | 10000 | उच्च शिक्षा | 31000 |
| नगर विकास | 36000 | श्रम विभाग | 5500 |
| लोक निर्माण विभाग | 22000 | स्वास्थ्य विभाग | 14000 |
| जल शक्ति विभाग | 22000 | परिवहन विभाग | 5200 |
| रेशम विभाग | 23000 | रेलवे | 16000 |
| कृषि विभाग | 390000 | रक्षा विभाग | 9000 |
| पशुपालन विभाग–9000 | | उद्यान विभाग | 247000 |
| | | गृह विभाग | 12320 |

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010


ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठे
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टॉसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## ग्रामीण को पीटकर किया लहूलुहान, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** खेत की मेढ़ पर लगे तार तोड़ने का विरोध करने पर एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। धारदार हथियार से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। आसपास के खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों को देख आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम पकड़िया मंगली निवासी सीमा देवी पत्नी राकेश कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर उसके पति राकेश खेत पर गए थे। मेढ़ पर लगे तार उखड़े देख उन्होंने पड़ोसी खेत स्वामी संजीव कुमार, तेजपाल उर्फ मंझले, अरविंद और रामशरण से सवाल जवाब किया। इसी बात पर आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। धारदार हथियार से भी वार किए, जिसमें अंगुली व सिर में चोट आई। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण पहुंच गए। इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कंसलटेन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का ऑपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फेज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 1 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेंट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

- एक साल पहले किया था प्रेम विवाह, ससुरालिये फरार
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, पड़ताल में जुटी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव मकान से कुछ दूरी पर ही शहतूत के पेड़ से लटका मिला। ससुरालिये घटना के बाद से नदारद हैं और मकान पर ताला लटका मिला। सीओ ने पुलिस बल के साथ मौका मुआयना कर जानकारी की। पिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज पड़ताल में जुट गई है।


मृतका माधुरी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महादिया निवासी माधुरी (24) ने एक साल पहले नगर के मोहल्ला हबीबगंज गौटिया निवासी अमन वर्मा पुत्र देवी प्रसाद वर्मा से प्रेम विवाह किया था। मंगलवार रात करीब नौ बजे माधुरी का शव ससुराल स्थित मकान के बाहर एक प्लॉट में शहतूत के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पड़ोसियों की नजर फंदे से लटकते शव पर पड़ी तो चीख पुकार मच गई। आसपास के तमाम लोग जमा हो गए। इसकी सूचना रात में ही पुलिस को दी गई। सीओ पूरनपुर आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। विवाहिता के ससुरालिये गायब थे और मकान में ताला लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को विवाहिता के पिता मथुरा प्रसाद समेत अन्य मायके वाले कोतवाली पहुंचे और ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी। पिता की ओर से दी गई तहरीर में बताया कि ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में अपाचे बाइक और एक लाख रुपये की मांग करते थे। इसके पूरा न होने पर आए दिन माधुरी से मारपीट की जाती थी। इसी के चलते हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है।

### ..तो दिन में हुआ था झगड़ा

बताते हैं कि माधुरी और अमन प्रेम विवाह करने के बाद ससुराल के ही मकान में रहते थे। जबकि सास अलग रहती थीं, हालांकि उनका आना जाना बना रहता था। अमन एक ढाबे पर काम करता था। माधुरी के मायके वाले भी कम ही आते थे। फंदे से लटका शव मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से जानकारी की। जिसमें मंगलवार को घटना से कुछ समय पहले माधुरी का ससुराल में किसी बात पर झगड़ा होने की बात निकलकर आई है। हालांकि खुलकर बोलने से हर कोई बचता रहा। पुलिस इसे लेकर भी पड़ताल कर रही है।

> विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराई जा रही है।
> – **हरि सिंह पाल**, इंस्पेक्टर क्राइम पूरनपुर

## सार-संक्षेप

### इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के मेधावी सम्मानित



**मझोला।** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बरेली के एसोसिएट प्रोफेसर संजीव गंगवार, असिस्टेंट प्रोफेसर राजेश गंगवार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। फिर इंटरमीडिएट के मेधावी बादल, कौशल कुमार, निदा नूरी व हाईस्कूल के मेधावी आयुष मंडल, आनंद कुमार राठौर, भावना राजपूत को मेडल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विभिन्न रोजगारपरक कोर्सों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर इंटरमीडिएट के कक्षाचार्य अंकित कुमार सिंह, कार्यालय प्रमुख मनोज शर्मा, वरिष्ठ आचार्य सुनील कुमार, अनुज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### हादसों के बाद भी नहीं लिया सबक, डग्गामारी जारी



**बिलसंडा।** कुछ दिन पहले ही 24 घंटे के भीतर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 12 लोगों की जान चली गई। बरखेड़ा में हुए हादसे में टेंपो सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। इसके बाद भी टेंपो में निर्धारित से अधिक सवारी बैठाकर सफर किया जा रहा था। हादसे के बाद चेकिंग अभियान चलाकर परिवहन और पुलिस विभाग ने चंद चालान कर औपचारिकता निभाई, लेकिन अब दोबारा हालात जस के तस बन गए हैं। संसाधनों की कमी का फायदा उठाकर दौड़ाए जा रहे टेंपो-मैजिक आदि में डग्गामारी जारी है। बिलसंडा कस्बा से निगोही, पुवायां, बीसलपुर रूट पर चलने वाले टेंपो, मैजिक में अधिकांश में निर्धारित से अधिक सवारियां सफर करती नजर आएंगी। खुलेआम हाईवे पर वाहन दौड़ रहे हैं, लेकिन चेकिंग कर सख्ती करने की सुध नहीं ली जा रही है। जबकि कई बार हादसे हो भी चुके हैं। इसके अलावा वाहनों की बेतरतीब पार्किंग अवैध स्टैंड बनाकर किए जाने से जाम भी लगता है। बीते साल टेंपो स्टैंड बनवाए गए थे, इसके बाद भी नगर के एक मैरिज लॉन के पास और कमल पार्क चौराहे पर अवैध टेंपो स्टैंड बना दिया है।

### बाइक सवार से मारपीट, लूट का आरोप

**पीलीभीत।** घरेलू सामान की खरीदारी कर लौट रहे युवक की पिटाई कर दी गई। आरोप है कि नगदी और मोबाइल भी लूट लिया। अमरिया क्षेत्र के ग्राम तिरकुनिया नसीर निवासी फैज अहमद ने बताया कि वह मंगलवार को कस्बे में घरेलू सामान की खरीदारी करने बाइक से गए थे। आरोप है कि वापस आते वक्त रास्ते में दो लोगों ने बाइक पर लात मारकर उन्हें गिरा दिया और मारपीट कर नगदी और मोबाइल लूट ले गए। आरोपी धमकी देकर भाग गए। उधर, अमरिया पुलिस लूट की घटना से इनकार कर रही है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**बिठौराकलां।** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां में पेट्रोल पंप के पास पूरनपुर की तरफ से आ रही बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार बिठौराकलां गांव निवासी सेवाराम (53) घायल हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बिना मुआवजा दिए खेतों में चलाई जेसीबी, विरोध

**जहानाबाद।** बरेली-सितारगंज हाईवे पर फोरलेन कार्य चल रहा है। ग्राम विलई पसियापुर में बिना मुआवजा दिए खेतों में जेसीबी मशीन चलाए जाने पर ग्रामीण जमा हो गए और विरोध कर दिया। जिसके बाद जेसीबी लेकर चालक लौट गया। ग्रामीणों का कहना था कि बिना मुआवजे के भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने काम कराए जाने से पहले मुआवजे की मांग की।

### हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल

**बीसलपुर।** दियोरियाकलां मार्ग पर बुधवार शाम बाइक स्लिप हो गई। हादसे में बाइक सवार ग्राम उल्लिका निवासी धर्मपाल, अमित शुक्ला और शेखर तोमर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों ने बताया कि अचानक सामने आए वाहन से खुद को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ।

खबरें पेज 7 पर भी पढ़ें...

## एक नजर

### किताबें पाकर खिले संविलियन विद्यालय के बच्चों के चेहरे

**निघासन।** संविलियन विद्यालय लुधौरी में बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। किताबें पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। खंड शिक्षाधिकारी निघासन फूलचंद के निर्देश पर विकास क्षेत्र में शासन से प्राप्त हुई निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम लगातार जारी है। बुधवार को संविलियन विद्यालय लुधौरी में प्रधानाध्यापक हरिनाम प्रसाद ने इल्तिजा बानो, प्रिया, रुखसाना, पलक, सुमन, आलोक, जानवी, निखिल, जुनैद आदि बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं। इस दौरान सहायक अध्यापक विकास भारती, अरुण गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, संदीप कुमार एवं प्रशिक्षु रागिनी मौर्या आदि मौजूद रहे।

### शासन के आदेश पर बदला परिषदीय स्कूलों का समय

**लखीमपुर खीरी।** हीट वेव के खतरे को देखते हुए विशेष सचिव बेसिक यतींद्र कुमार ने परिषदीय स्कूलों का समय बदल दिया है। अब कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों में सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक पढ़ाई कराने के निर्देश दिए हैं। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि गुरुवार से सभी परिषदीय स्कूलों में आदेश लागू होंगे।

# एमसीएच विंग में लिफ्ट खराब, खतरा उठाते हैं मरीज

## महीनों से बंद है लिफ्ट, रैंप पर स्ट्रेचर से मरीजों को ले जाते हैं फिर जांच कराने नीचे लाते हैं तीमारदार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** एमसीएच विंग के जिस भवन में जिला अस्पताल चल रहा है। उसकी लिफ्ट महीनों से खराब पड़ी है। इसकी वजह जिम्मेदारों की उदासीनता है। इससे मरीजों के साथ उनके तीमारदारों को दिक्कत सबसे ज्यादा होती है। पहले मरीज को भर्ती कराने के लिए रैंप पर स्ट्रेचर एवं व्हीलचेयर से तीमारदार वार्ड तक लेकर जाते हैं और फिर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए वार्ड से इन्हीं की मदद से जांच केंद्र तक लेकर जाते हैं।

एमसीएच विंग में चार लिफ्ट हैं। मगर, मरीजों और उनके तीमारदारों को इसकी सुविधा आज तक सुचारू रूप से नहीं मिली है। इसकी वजह लिफ्ट का आए दिन खराब रहना है। पिछले करीब दो साल में ऐसा कोई माह नहीं रहा, जिसमें यह चारों काम करती रही हों। कभी एक खराब रही तो कभी दो। कभी कभार तो चारों ही खराब रहीं। लिफ्ट खराब होने से तीमारदार मरीजों को रैंप के रास्ते व्हीलचेयर और स्ट्रेचर से पहली मंजिल पर स्थित वार्ड पहुंचाते हैं और फिर एक्सरे व अल्ट्रासाउंड की जरूरत पड़ने पर फिर नीचे लेकर आते हैं। ऐसे में तीमारदारों को मरीजों को एमसीएच विंग की पहली और दूसरी मंजिल तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है।



रैंप पर स्ट्रेचर से मरीज को नीचे लेकर जाते तीमारदार। ● अमृत विचार



अल्ट्रासाउंड कराने पैदल जाता मरीज। ● अमृत विचार

### खतरनाक है रैंप पर व्हीलचेयर व स्ट्रेचर से मरीज ले जाना

रैंप पर से मरीजों को व्हीलचेयर और स्ट्रेचर की मदर से पहली और दूसरी मंजिल लेकर जाना बेहद खतरनाक है। इसके लिए तीन से चार लोगों की जरूरत पड़ती है। ऐसे में परेशान मरीज व्हील चेयर और स्ट्रेचर पर हिचकोले खाकर और परेशान होते हैं। कहीं हाथ से व्हील चेयर या फिर स्ट्रेचर छूट जाए तो मरीज को चोट आना तय है। इसी तरह ऊपरी मंजिल से नीचे लेकर आने में ढलान पर व्हीलचेयर और स्ट्रेचर काफी रपटते हैं। ऐसे में इनकी स्पीड रोकने के लिए दो तीमारदारों को आगे से रोकना पड़ता है।

### बोले तीमारदार, जरा सी चूक बन सकती है मुसीबत

दूसरी मंजिल पर स्थित चिल्ड्रन, मेडिकल महिला एवं पुरुष सहित अन्य वार्ड में भर्ती मरीजों के तीमारदार सुनील, राकेश, राजू, विनोद आदि बताते हैं कि लिफ्ट खराब होने से सबसे ज्यादा दिक्कत व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर से मरीज को पहली और दूसरी मंजिल तक लेकर जाना और डॉक्टर के जांच के लिए लिखने पर नीचे लेकर आने में दिक्कत होती है। ऐसे में यदि कहीं स्ट्रेचर व्हीलचेयर हाथ से स्लिप हो जाए तो मरीजों की शामत आ जाएगी।



एमसीएच विंग में चार लिफ्ट लगी हैं। खराब होने पर इन्हें बनवाने में काफी दिक्कत है, क्योंकि बनाने वाला व्यक्ति लखनऊ से आता है। पहले वह इसकी खराबी जानने के लिए आता है और फिर दूसरी बार लखनऊ से सामान लेकर बनाने आता है। हालांकि दो लिफ्ट अंदर वाली काम कर रही हैं। अन्य को भी जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

**-डॉ. आरके कोली**, सीएमएस जिला अस्पताल

### स्टाफ को भी हो रही दिक्कत

ऐसा नहीं कि लिफ्ट खराब होने से सिर्फ मरीज और तीमारदार परेशान हैं। इसकी वजह से डॉक्टर से लेकर स्टाफ नर्स तक को परेशानी उठानी पड़ती है। वार्ड में भर्ती मरीजों को देखने के लिए डॉक्टरों को भी सीढ़ियां या फिर रैंप का सहारा लेना पड़ता है। इसी तरह स्टाफ को भी बार बार पहली दूसरी मंजिल जाने के लिए सीढ़ियां चढ़नी पड़ रही हैं।

# प्रधानमंत्री की रैली में जाएंगी अनुबंधित बसें, भटकेंगे यात्री

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



- लखीमपुर डिपो की 55 और गोला डिपो की जाएंगी सभी बसें
- एआरटीओ शाहजहांपुर के आदेश का पालन करवा रहे एआरएम

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी की बृहस्पतिवार को शाहजहांपुर में चुनावी रैली है। रैली में लोगों को ले जाने के लिए रोडवेज की अनुबंधित बसों को भी लगाया गया है। इसमें लखीमपुर डिपो की 55 और गोला डिपो की सभी अनुबंधित बसें जाएंगी। ऐसे में बृहस्पतिवार यानी आज गोला से लखनऊ और शाहजहांपुर रूट पर बसों का अकाल रहेगा।

लखीमपुर डिपो में करीब 79 अनुबंधित बसें हैं, जिसमें से 55 बसें आज शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में शामिल होने वालों को लेकर जाएंगी। इसी तरह गोला डिपो की सभी अनुबंधित बसें रैली में जाएंगी। ऐसे में आज का दिन दैनिक यात्रियों के लिए मुसीबत भरा रहने वाला है, क्योंकि न तो शाहजहांपुर रूट पर बसें मिलेंगी और न ही लखीमपुर और लखनऊ जाने के लिए। लखीमपुर डिपो में गिनती की संख्या में बची बसों का संचालन किस रूट पर कराया जाए, इसको लेकर डिपो प्रशासन माथापच्ची करने में देर रात तक लगा रहा। वहीं गोला डिपो से निगम की बसों का संचालन लखनऊ रूट पर होगा। इसमें भी इनके फेरे बढ़ाए जाएंगे।

पीएम मोदी की शाहजहांपुर में रैली है। इसमें डिपो की सभी अनुबंधित बसें जा रही हैं। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए शाहजहांपुर और लखनऊ रूट पर निगम की बसें संचालित होगी। जरूरत पड़ने पर इनके फेरे भी बढ़ाए जाएंगे।

**-महेश चंद्र कमल**, एआरएम गोला डिपो

रोडवेज के अनुबंधित बस मालिक अपनी स्वेच्छा से बसों को भेज रहे होंगे। प्रधानमंत्री की रैली में इन बसों के जाने के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है।

-आलोक सिंह, एआरटीओ

# नाले-नालियों की सफाई चौपट कैसे थमे संचारी रोगों की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- घर-घर जा रहीं मलेरिया विभाग की टीमों को नालियों में मिल रहे लार्वा
- मच्छरों की रोकथाम को लेकर घरवालों को कर रहे जागरूक

**अमृत विचार :** नगर में नाले नालियों की सफाई व्यवस्था चौपट है। इसका खुलासा दस्तक अभियान के तहत घर-घर जा रही मलेरिया विभाग की टीमों के निरीक्षण में हो रहा है।

चोक नाले नालियों में लार्वा पनप रहे हैं, जो मलेरिया आदि बीमारियों का वजह बनकर शहरवासियों के लिए मुसीबत बनेगें। मच्छर जनित बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए अप्रैल माह को संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। मोहल्ला गंगोत्री नगर पहुंची मलेरिया विभाग टीम ने 35 घरों में मच्छर पनपने के स्रोत कूलर, एसी, फ्रिज, गमले, छत पर रखा कबाड़ आदि खंगाले। लोगों को हर सप्ताह कूलर, फ्रिज के पीछे लगे बॉक्स आदि की सफाई करने के लिए कहा। जलभराव न होने देने की सलाह दी। फाइलेरिया निरीक्षक अनस ने बताया कि जलभराव में जला हुआ मोबिल ऑयल आदि डाल दें। इससे लार्वा खत्म हो जाएंगे।



एक घर में फ्रिज के पीछे बॉक्स में भरे पानी में लार्वा खोजते फाइलेरिया निरीक्षक।

### नालियों में मिले लार्वा

टीम के लोगों ने बताया कि घरों में लार्वा नहीं मिले, लेकिन मोहल्ले की नालियों में पानी भरा रहने के कारण लार्वा पनपते दिखे। यदि नालियों में पानी न जमा होने दिया जाए तो लार्वा पनपने की संभावना काफी हद तक खत्म हो जाएगी और लोग इनसे होने वाली बीमारियों से बचे रहेगें।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दस्तक अभियान चल रहा है। टीमें घर घर जाकर रोगियों के बारे में जानकारी करने के साथ मच्छर पनपने के स्रोतों का निरीक्षण करती हैं। लार्वा आदि मिलने पर उन्हें नष्ट करा दिया जाता है।

**-हरिशंकर**, जिला मलेरिया अधिकारी

# आज आएगी समर स्पेशल लालकुआं-हावड़ा एक्सप्रेस

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मैलानी पीलीभीत रेलखंड का शुभारंभ गुरुवार को समर स्पेशल साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन से होगा। स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 13:35 पर लाल कुआं से हावड़ा और दूसरी ट्रेन शुक्रवार को 23:30 पर हावड़ा से लालकुआं के लिए रवाना होगी। साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू होने से जिले में रह रहे पूर्वांचलवासियों में खुशी है।

शाहगढ़ पीलीभीत रेलखंड पर ट्रेन संचालन की अनुमति मिलने के बाद जिलेवासी लखनऊ-बरेली पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेन मिलने की उम्मीद लगाए थे। मगर, रेलवे ने तीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने की शुरुआत की है। इनमें से एक ट्रेन गुरुवार को लालकुआं से पीलीभीत, पूरनपुर, लखीमपुर से सीतापुर के रास्ते बुढ़वल होकर हावड़ा के लिए जाएगी।

# डिप्टी सीएम ने योजनाएं गिनाकर मांगा समर्थन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ब्रजेश पाठक बोले- प्रदेश की सभी 80 सीटें जीत रही है भाजपा

**अमृत विचार:** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा है कि केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ देश की जनता को बिना भेदभाव के मिल रहा है। केंद्र में जबसे मोदी की सरकार आई है भ्रष्टाचारी जेल में हैं और भ्रष्टाचार बंद हो गया है। यही वजह है कि देश और प्रदेश की जनता भाजपा को चुनने जा रही है। भाजपा देश में 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी, वही प्रदेश की सभी 80 सीटें जीत रही है।

डिप्टी सीएम बुधवार को करीब 02.04 बजे नसीरुद्दीन मौजी भवन प्रांगण में पहुंचे। खीरी से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, धौरहरा से प्रत्याशी रेखा वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, अमन वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, मंजू त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, बृजेश सिंह ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। डिप्टी सीएम ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि यह लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। यह बवाली लोग हैं और भ्रष्टाचार में गले तक डूबे हैं। पहले बिजली नहीं आती थी, जबसे भाजपा सरकार आई है जनरेटर और इन्वर्टर बेकार हो गए हैं। अब अस्पतालों में दवाएं मिल रही हैं। आयुष्मान योजना से पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

उन्होंने दस वर्षों की योजनाएं, उज्ज्वला योजना के साथ त्यौहारों पर मुफ्त गैस, प्रदेश को सुशासन, महिलाओं को सुरक्षा, बेसिक स्कूलों में उच्च स्तरीय शिक्षा आदि योजनाएं गिनाईं। कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को शौचालय देकर सम्मान से जीना सिखाया। प्रधानमंत्री आवास योजना में करोड़ों लोगों को मुफ्त आवास उपलब्ध कराए। सभा को धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा, खीरी प्रत्याशी और केंद्रीय ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह और विधायकों ने भी संबोधित किया।



जनसभा को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, साथ में प्रत्याशी रेखा वर्मा।

### राजनाथ सिंह की जनसभा आज

गुरुवार को नामांकन के अंतिम दिन खीरी सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी नामांकन का एक सेट और दाखिल करेंगे। पश्चात उनके समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजी नसीरुद्दीन भवन प्रांगण में जनसभा करेंगे। जनसभा प्रात: 11:00 बजे होगी। यह जानकारी भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा ने दी।

# राजनीतिक दल का प्रचार करने पर शिक्षक निलंबित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में एक राजनीतिक दल का समर्थन करना एक शिक्षक को महंगा पड़ गया। इसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से बीएसए ने शिक्षक का निलंबित कर बीआरसी पर उपस्थित देने के निर्देश दिए हैं।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि संविलियन विद्यालय अल्लीपुर के प्रधान अध्यापक सर्वेश कुमार के एक राजनीतिक दल के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने के फोटोग्राफ और वीडियो सोशल मीडिया से प्राप्त हुए। प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार गौतम का यह कृत्य आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके अलावा अपने पद के दायित्वों का निवर्हन न करने और शासकीय कर्मचारी नियमावली का उल्लंघन करने पर निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में प्रधान अध्यापक बीआरसी पर अपनी उपस्थिति देंगे।

# रेखा, अंशय ने दाखिल किया नामांकन पत्र का एक और सेट



एक और नामांकन पत्र दाखिल करते बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा।



नामांकन का एक और सेट दाखिल करतीं रेखा वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- छठे दिन परिवर्तन समाज पार्टी पीस पार्टी, रिपब्लिकन के प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन बुधवार को सात प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। खीरी सीट से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने और धौरहरा से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा ने दूसरा नामांकन सेट दाखिल किया।

धौरहरा सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा बुधवार को लाव लश्कर के साथ मौजी नसीरुद्दीन भवन मैदान पहुंचीं। यहां से विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के साथ कलेक्ट्रेट जाकर नामांकन पत्र का एक और सेट दाखिल किया। वहीं खीरी से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा के साथ कोआर्डीनेटर जयवीर गौतम, बसपा जिलाध्यक्ष हेमराज वर्मा, उमाशंकर गौतम, रामकुमार चौधरी, विनोद कुमार गौतम आदि रहे। धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्दलीय राम नरेश, उप्र रिपब्लिकन पार्टी से भगौती प्रसाद, पीस पार्टी से कासिम अली ने भी नामांकन कराया। नामांकन के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से तीन बजे तक चली। नामांकन का अंतिम 25 अप्रैल निर्धारित है।

# धूमधाम से मनाया गया श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** श्रीचित्रगुप्त कायस्थ सभा के लोगों ने श्रीदुर्गे चित्रगुप्त मंदिर में धूमधाम से श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव मनाया।

संस्था के डॉ. ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त सहित मंदिर में विराजमान समस्त देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन किया गया। भगवान चित्रगुप्त, मां दुर्गा एंव हनुमानजी की आरती के बाद भक्तों ने देवी देवताओं की स्तुति कर संपूर्ण मानव जगत के कल्याण की मंगलकामना की। इसके बाद भक्तों में शर्बत व प्रसाद वितरण हुआ। संस्था संरक्षक राजीव रत्न खरे, अनूप कुमार सिंह, लोकेन्द्र, शशिकांत श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, प्रदीप सक्सेना, आरके सिंह, रविकांत श्रीवास्तव, देव नंदन श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गेहूं की कम खरीद पर विशेष सचिव ने जताई नाराजगी



कृषि उत्पादन मंडी समिति का निरीक्षण करते विशेष सचिव अभिषेक गोयल।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव ने कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित विभिन्न एजेंसियों के गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं की कम खरीद होने पर कड़ी नाराजगी जताते और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

विशेष सचिव अभिषेक गोयल को मंडी समिति के सभी गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा मिला। जिस पर उन्होंने ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष कुमार पटेल और सुभाष चंद्र से की गई खरीद की रिपोर्ट तलब की। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में खरीद का लक्ष्य 1.88 लाख मीट्रिक टन है। जबकि खरीद मात्र 1600 मेट्रिक टन हुई है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद करने के बाद 12 घंटे के अंदर ही किसान के खाते में उपज का मूल्य पहुंच जाना चाहिए। किसान की समस्याओं का हर संभव निदान होना चाहिए। खाद एवं रसद विभाग के विशेष सचिव नें केंद्र प्रभारियों को गेहूं खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# डॉ. शफी सीतापुरी को मिला इफ्तिखार-ए-अदब खिताब

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** इस्लामिया इंटर कॉलेज के अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता डॉ. शफी सीतापुरी को इटली की संस्था ग्लोबल राइटर्स एसोसिएशन ने इफ्तिखार -ए- अदब यानी साहित्य गौरव सम्मान से नवाजा है। यह प्रमाण उन्हें ऑनलाइन मिला है। इसके लिए करीब साढ़े तीन हजार साहित्यकारों ने आवेदन किया था। डॉ. शफी सीतापुरी ने बताया कि इटली की ग्लोबल राइटर्स एसोसिएशन संस्था ने जनवरी में इस अवार्ड के लिए पंजीकरण की शुरुआत की थी। नौ सदस्यीय कमेटी में अमेरिका, कनाडा, भारत व पाकिस्तान के उर्दू साहित्यकार शामिल थे। शफी सीतापुर ने 10 किताबें लिखी हैं। इसके अलावा 1278 शेर की सबसे लंबी गजल के लिए इंडिया एवं एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके हैं।



# अबकी बार न होगी देरी, प्रातः वोट करेगा खीरी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** लोकसभा की खीरी और धौरहरा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। मतदान शत प्रतिशत कराने के लिए शासन, प्रशासन के साथ ही समाजसेवी संस्थाएं भी प्रयासरत हैं। बुधवार को इंडियन बैंक के एलडीएम ने आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के साथ थारू बाहुल्य गोबरौला व चंदन चौकी में मतदान जागरुकता रैली निकाली और अबकी बार शत प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

जागरुकता रैली में उत्तर प्रदेश बनवासी सेवा संस्थान द्वारा संचालित आवासीय बालिका विद्यालय गोबरौला की छात्राएं शामिल हुईं। जागरुकता रैली ग्राम गोबरौला, चंदन चौकी, रामगढ़ व अन्य थारू गांवों में निकाली गई। एलडीएम ने मतदाताओं से अपील की कि वे सुबह 7:00 बजे ही पोलिंग बूथ पर पहुंच जाएं और मतदान जरूर करें। रैली के अंतर्गत अबकी बार न होगी देरी, प्रातः वोट करेगा खीरी के नारे भी लगाए गए। इस दौरान उत्तर प्रदेश वनवासी सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार चतुर्वेदी, वीरू कुमार, लखपत सिंह, राम सिंह, मधु सिंह आदि शामिल रहे।





थारू क्षेत्र चंदन चौकी में मतदान जागरुकता रैली निकालतीं छात्राएं व अन्य।

- थारू क्षेत्र में निकाली गई मतदान जागरुकता रैली

# द्विज सहायता समूह ने बेटी की शादी में की मदद

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** द्विज सहायता समूह के पदाधिकारियों आर्थिक तंगी से जूझ रहे कपरहा निवासी प्रभाकर मिश्र की बेटी की शादी हेतु 16 हजार रुपया और आवश्यक सामग्री देकर मदद की है। द्विज सहायता समूह के संचालक डॉ सौरभ दीक्षित, मनोज मिश्रा, पंकज तिवारी, सुभाष मिश्र, मुनीश अवस्थी, लवकुश ने कपरहा पहुंच विवाह हेतु आवश्यक सामग्री, विवाह में विभिन्न मदों में व्यय होने वाली 16 हजार की सहायता देकर सकुशल विवाह संपन्न होने की शुभकामनाएं दीं हैं।

### सामान्य प्रेक्षक धौरहरा श्रीधर चेरुकुरी पहुंचे खीरी

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी (आईएएस) बुधवार शाम खीरी पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के संबंध में प्रत्याशी और राजनीतिक दल के लोग सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सभा कक्ष में प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते हैं। ऑब्जर्वर के मोबाइल नंबर 9532608133 पर चुनाव के संबंध में संपर्क किया जा सकता है।

### आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में आज से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**लखीमपुर खीरी।** आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा ने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में गुरुवार से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रवेश के लिए कॉलेज की नई वेबसाइट bakpgcollege.co.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर-7800220192 पर छात्राएं संपर्क कर सकती हैं। प्राचार्य ने बताया कि स्नातक में कुल 528 और परास्नातक में संस्कृत एवं हिंदी विषय में 66-66 सीटें हैं।



बवासीर
भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# तेरी उंगली पकड़ के चला, ममता के आंचल में पला, ओ मेरी मां...

## जूनियर गायन में बाल प्रतिभागियों ने अपने गीतों से बांधा समां, बजती रहीं तालियां, बच्चों को पुरस्कृत किया गया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर जूनियर गायन में बच्चों के गीत सुन दर्शक भाव विभोर हो गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वेद प्रकाश अग्निहोत्री, विशिष्ट अतिथि राजेश्वर सिंह फौजी, रामगुलाम पांडे, कार्यक्रम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के पूर्व सदस्य सुरेंद्र साहनी और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जूनियर गायन की शुरुआत आदित्य गुप्ता ने- अबके सावन में से की। अन्नया पटेल ने-पूछो जरा पूछों, ये क्या हुआ गाया। वासू गुप्ता ने -चाहूंगा मैं तुझे शाम सवेरे, ह्रदांशी सक्सेना ने- ओ मेरे दिल के चैन, मोहम्मद आजम ने- तेरी उंगली पकड़ के चला ममता के आंचल में पला ओ मेरी मां से लोगों को भाव विह्वल कर दिया।

आसमा बानो ने- आने से उसके आये बहार, जाने से उसके जाए बहार, बड़ी मस्तानी है, मेरी महबूबा, अनन्त गुप्ताने- चंदा ने पूछा तारों से, ट्विकल ट्विकल लिटल स्टार। इमा अंजुम ने- छुप गये सारे नजारे ओए क्या बात हो गई, तूने काजल लगाया दिन में रात हो गई। महिता सैनी ने- तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना, याद करेगी दुनियां तेरा मेरा अफसाना सुनाया।

अभि चौधरी ने हनुमान चालीसा- जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर। दर्शिका विश्वकर्मा ने- अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरं राम नारायणम् जानकी बल्लभवम। कौन कहते हैं भगवान आते नहीं, तुम मीरा के जैसे बुलाते नहीं। रिषभ शर्मा ने - भोला अकड़ बम बम लेहरी। शिव का बंदन किया करो- राम भजो जी- राम भजो जी।अराध्या गुप्ता ने श्रीराम स्तुति - श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन हरण भवभय दारुणं

नव कंज लोचन कंज मुख कर कंज पद कंजारुणं सुनाकर श्रोताओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति यूट्यूबर स्टार खुशी वर्मा ने नृत्य कर दी। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या मेम लोग मौजूद रहे।




चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर नृत्य करते बच्चे। ● अमृत विचार




चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर पुरस्कृत प्रतिभागी, चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू व अन्य मेहमान। ● अमृत विचार

### चैती मेला में आज

25 अप्रैल को ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर खाटू श्याम कीर्तन राम-श्याम बन्धु बरेली द्वारा रात्रि आठ बजे से।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## बरात में आतिशबाजी से लगी पशुबाड़े में आग, युवक झुलसा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** बरात में हो रही आतिशबाजी की चिंगारी गिरने से पशु बाड़े में आग लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग बुझाते समय पशु स्वामी झुलस गया। वहीं एक भैंस भी गंभीर रूप से झुलस गई। उसमें रखा अन्य सामान जल गया। पीड़ित ने तहरीर दी है । गांव बीरसिंहपुर में मंगलवार की देर शाम बरात आई थी। रात करीब 11 बजे बरात जब द्वाराचार के लिए आ रही थी। तभी आतिशबाजी के दौरान चिंगारी गांव के ही राकेश कुमार के पशुबाड़े पर जा गिरी। इससे आग लग गई। गांव में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। पशुबाड़े में बंधे पशुओं को बचाने की कोशिश कर रहे राकेश भी झुलस गए। वहीं एक भैंस भी गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में पशुशाला में रखा दस क्विंटल गेहूं, सिंचाई वाला पाइप आदि सामान जलकर नष्ट हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बालाजी शोभायात्रा में झांकियों ने किया मुग्ध



नगर में निकाली गई बालाजी शोभायात्रा में कार्यक्रम करते कलाकार। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

- शोभायात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत

**अमृत विचार :** नगर की पुरानी बाजार स्थित प्रसिद्ध हनुमान मठिया मंदिर सेवा समिति व बालाजी मित्र मंडल ने बालाजी की भव्य शोभायात्रा निकाली।शोभायात्रा में कई सजीव झांकियां शामिल थीं। श्रद्धालु नाचते-झूमते चल रहे थे।

शोभा यात्रा नगर पालिका रोड, माल गोदाम रोड, संपूर्णा नगर होते हुए हनुमान मठिया मंदिर पर आकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का माल गोदाम मोड़, स्टेशन चौराहा, रामलीला गेट एवं रामलीला बालिका कॉलेज गेट पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान पुजारी पंडित मयंक अवस्थी, मानवेंद्र बाजपेई उर्फ मानू, सुधीर गुप्ता, मनीष गुप्ता, विधायक रोमी साहनी, पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता, श्याम आनंद, विकास बाजपेई, कपिल मिश्रा, मनीष नाग, राजेंद्र गुप्ता,पवन अवस्थी आदि शामिल रहे।

### आज होगा 51 जोड़ों का विवाह

बुधवार रात हनुमत चौकी लगाकर सुंदरकांड का पाठ हुआ। गुरुवार को 51 जोड़ों के विवाह कराए जाएंगे। शुक्रवार रात जागरण होगा। शनिवार को विशाल भंडारा होगा।

## ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध महिला गंभीर घायल

**खीरी टाउन, अमृत विचार :** कस्बे के रेलवे हाल्ट पर एक वृद्ध महिला ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा खीरी रेलवे हाल्ट पर बुधवार की दोपहर करीब दोपहर 12:30 बजे हुआ। थाना खीरी क्षेत्र के गांव जुलाहनपुरवा निवासी अकीबुन (60) प्लेटफार्म के किनारे बैठी हुई थी। इसी बीच लखीमपुर से लखनऊ जा रही ट्रेन आ गई। वह जब तक मौके से हट पाती। तब तक ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्टेशन पर मौजूद अध्यापक अतुल जोशी ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस, 112 पुलिस को सूचना दी। जिस पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# स्थापना दिवस पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी पर की चर्चा




इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्थापना दिवस पर मौजूद चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस महेवागंज में स्थित डॉ. अमित विश्वकर्मा के क्लीनिक पर मनाया गया। इस दौरान होम्योपैथी पर विस्तार से चर्चा की गई। मां सरजू देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथी इंस्टीट्यूट लखीमपुर के प्राचार्य डॉ. राकेश शर्मा ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के बारे में जानकारी दी और इसे अधिक मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि शासन ने उत्तर प्रदेश के सभी सीएमओ को बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की वैधता के संबंध में सूचित कर दिया है। डॉ. देवेश त्रिवेदी, डॉ. मंजीत कश्यप , डॉ. श्यामजी गुप्ता, डॉ. अर्चना विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
BAREILLY
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
क्षारसूत्र चिकित्सा (धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक: 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना




- धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर




डॉ. राहुल कुमार
B.A.M.S., M.S. (Ayu)
DSRRAU JODHPUR
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच.,बरेली
निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट
डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR),
M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

## व्यापारियों ने मेधावी छात्रा तनु को किया सम्मानित



मेधावी तनु को सम्मानित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, निघासन

- स्कूल में 92.3 फीसद अंक लाकर किया टॉप

**अमृत विचार :** रमियाबेहड़ के शांती देवी इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक सर्वेश कुमार वर्मा, ढखेरवा व्यापार मंडल के व्यापारी अटल मनार, उपेंद्र वर्मा व डॉ. अनिल मौर्य ने हाई स्कूल में 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा तनु मौर्या को पुष्प, मिष्ठान और 501 रुपए देकर सम्मानित किया। इस मौके पर यूपी बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले कॉलेज के कई अन्य छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल, तीन रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम अमकोटवा निवासी अकील अहमद, मैलानी थाना क्षेत्र के वृदावंन निवासी अरविन्द कुमार, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरगापुर निवासी आदित्य पटेल, गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुडवारा निवासी फरीद, फत्तेपुर निवासी अनामिका , रोहित, भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम नब्बूपुर निवासी अर्जुनसड़क दुर्घटना में घायल हो गये।

घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अकील अहमद, अरविन्द कुमार, फरीद को हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# शादी में गए थे घर वाले, चोर समेट ले गए नगदी और जेवर

## छत का जाल खोलकर चोर घर में घुसे थे, ओयल चौकी पुलिस पर भारी पड़ रहे चोर, डेढ़ माह में 15 चोरियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का का नाम नहीं ले रहा है। डेढ़ महीने में 15 से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। मंगलवार की रात मोहल्ला ठठेरन टोला में एक मकान की छत पर पड़े लोहे का जाल उठाकर चोर घर में घुसे और नगदी समेत करीब दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

मोहल्ला ठठेरन टोला निवासी राम लखन मौर्या परिवार वालों के साथ साले की शादी में शामिल होने ससुराल सीतापुर जिले के गांव भदेवा गए थे, जहां से वह अकेले मंगलवार की शाम करीब 6:30 पर घर आए। इसके बाद नगर निवासी कमलेश के यहां शादी में शामिल होने रात करीब नौ बजे एक मैरिज हाल में गए। रात 11 बजे के बाद वापस आने के बाद तुरंत ससुराल चले गए। इसी बीच चोर छत पर पड़ा लोहे का जाल उठाकर कमरे में घुस गए। घर में रखा छोटा व एक बड़ा बक्सा तोड़कर 5000 हजार रुपये , एक जोड़ी सोने के झाले, जेवरी, एक मांग बेदी, पांच पैंडिल की मटरमाला समेत करीब दो लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। वह सुबह जब ससुराल से वापस लौटा तो चोरी का पता लगा। आसपास के तमाम लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उधर लगता चोरियां होने के बावजूद भी गस्त न बढ़ने और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में रोष है।


घर के आंगन में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार


छत पर चढ़कर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

● **कमरे में घुसकर दो संदूकों से नगदी और जेवर निकाला**

### चौकी इंचार्ज कप्तान के खास तो कैसे आए आंच

पुलिस चौकी ओयल चोरों के आगे नतमस्तक हो गई। डेढ़ महीने में 15 से अधिक चोरी की घटनाएं हुई हैं। इनमें पांच घटनाओं को छोड़कर किसी घटना की रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई। ओयल चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी एसपी गणेश प्रसाद साहा के करीबी माने जाते हैं। वह करीब पांच महीने तक एसपी पीआरओ भी रहे। इसके बाद एसपी ने उन्हें चौकी इंचार्ज के पद पर भेजा। माना जा रहा है कि शायद यही वजह है कि लगातार हो रही चोरियों के बाद भी एसपी कार्रवाई तो दूर खुलासे पर भी जोर नहीं दे पा रहे हैं।

### चंदन के पेड़ों पर भी चलता रहा तस्करों का आरा

14 फरवरी 2024 की रात ओयल के मोहल्ला शिवाला गढ़ी निवासी लाल सिंह के बाग से चोर चंदन के पांच पेड़ काट ले गए थे। इसी रात पड़ोसी शिवकुमार अवस्थी के बगीचे से एक चंदन का पेड़ काटकर तस्कर भाग निकले। इसके अलावा कई अन्य चंदन के पेड़ों के काटे जाने की घटनाएं हुईं, लेकिन एक-दो मामलों को छोड़कर किसी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

घटना संदिग्ध प्रतीत होती है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
**-अजीत कुमार**
एसओ थाना खीरी

### प्रमुख चोरियां व अन्य घटनाएं

- 21 मार्च 24 की रात गांव चिमनी में लघुशंका के लिए घर से निकली महिला का मुंह दबाकर बदमाशों ने चेन लूटी।
- 28 मार्च 24 मोहल्ला मुराउन टोला के दो घरों से लाखों की चोरी।
- 30 मार्च 24 गांव साड़ीनामा के दो घरों से लाखों का माल बटोर ले गए चोर।
- 01 अप्रैल 24 सीतापुर-लखीमपुर फोरलेन पर झाड़ियों में शव मिला।
- 05 अप्रैल को गांव मरखापुर में चार घरों से 65 हजार की नगदी और करीब पांच लाख के जेवर चोरी।
- 09 अप्रैल 24 मोहल्ला मुराउन टोला के दो घरों से नगदी समेत लाखों की चोरी।
- 17 अप्रैल 2024 : मोहल्ला बगिया निवासी सर्राफा व्यवसायी के घर से चोरी का प्रयास।

# मिल का भ्रमण कर छात्राओं ने जाना चीनी बनाने का तरीका



चीनी मिल में पहुंचीं गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राएं।

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति के तहत गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीस छात्राओं के दल ने चीनी मिल का भ्रमण किया। इस दौरान चीनी बनाने की विधि को बारीकी से जाना और समझा। मिल प्रबंधन से उत्साहपूर्वक नई जानकारियां प्राप्त कीं। गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर शर्मा के निर्देशन में बुधवार को छात्राएं पूरनपुर सहकारी मिल का भ्रमण करने पहुंचीं।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत औद्योगिक सर्वे की परियोजना पर कार्य करने के उद्देश्य से तकनीकी जानकारी हासिल की। मिल के प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव ने प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। इंजीनियर समेत अन्य स्टाफ ने छात्राओं को चीनी उत्पादन की प्रक्रिया बताई। इस दौरान गन्ने की कटाई, जूस से कच्ची चीनी और अंतिम रूप से उपयोग के लिए तैयार चीनी बनाने की विधि बताई गई। मशीनों और नई तकनीक से जुड़ी जानकारी छात्राओं को दी गईं। प्राचार्य ने मिल प्रबंधन की सराहना की। इस मौके पर एनसीसी प्रभारी डॉ. अर्निका दीक्षित, शोभना मिश्रा, डॉ.अरविंद दीक्षित, डॉ. सौरव सक्सेना, डॉ. विनोद सिंह, अंकित गुप्ता, अनूप शुक्ला, आशीष कंचन आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बांकेगंज, अमृत विचार:** मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी अंतर्गत बांकेगंज गोला-मार्ग पर मंगलवार की रात किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।


मृतक कपिल।

बांकेगंज की ग्राम पंचायत ग्रन्ट नम्बर 11 के गांव प्रतापपुर निवासी कपिल अपने घर से 100 मीटर दूर पर टहलने निकला था। बांकेगंज की ओर से गोला जा रहे चौपहिया वाहन ने उसे रौंद दिया और उसे करीब 30 मीटर तक घसीट ले गया। कपिल और उसका पूरा परिवार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है। बांकेगंज चौकी इंचार्ज कृष्णपाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर वाहन चालक की तलाश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ईंटों भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी पिकअप एक युवक की मौत, छह गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना शारदा नगर क्षेत्र में चकई पुल के पास पिकअप और ईंट भरी ट्रैक्टर-ट्राली में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। पिकअप डीजे लेकर बारात से वापस जा रही थी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा मंगलवार की रात करीब एक बजे हुआ। डीजे लेकर एक पिकअप शारदानगर से चौका साइफन होते हुए जा रही थी। चकई पुल के पास सामने से आ रही ईंट भरी ट्रैक्टर ट्राली से पिकअप की टक्कर हो गई। पिकअप में सात लोग सवार थे। हादसे में सभी लोग घायल हो गए। पुलिस ने पिकअप सवार घायल थाना खीरी के गांव सहजनी निवासी अरुण (20) पुत्र विनोद, सेठ पुत्र गुरदयाल , विनीत पुत्र पुत्ती लाल, कपिल पुत्र ओमप्रकाश , प्रदीप पुत्र जुल्ला ,गुड्डू उर्फ प्रदीप पुत्र रामकुमार और बुद्धी उर्फ कुलदीप पुत्र सुरेश कुमार को जिला अस्पताल भेजा, जहां अरुण कुमार की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से भाग निकला। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर हादसे में युवक की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

● **बारात से डीजे लेकर वापस जा रही थी पिकअप**

ट्रैफिक पुलिस सवारियां ढोने वाले मालवाहक वाहनों और कमर्शियल उपयोग में लगी ट्रैक्टर ट्रालियों के खिलाफ समय समय पर अभियान चलाती है और कार्रवाई करती है।
**-हरमीत सिंह, टीएसआई**

### सवारियां भरकर दौड़ रहे माल वाहक वाहन

सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मालवाहक वाहनों व ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवारियां बैठाने पर रोक लगा दी थी और ऐसे वाहन संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उधर शीर्ष अदालत ने भी हादसों पर चिंता जताते हुए ट्रैक्टर-ट्रालियों के कमर्शियल प्रयोग पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिए थे। जिले में इसका कहीं पर भी पालन होता नहीं दिख रहा है। ट्रैक्टर-ट्रालियों से ईंट भट्ठे से ढोई जा रही हैं। सड़कों पर माल वाहक वाहन सवारियां भरकर फर्राटा भर रहे हैं। यह वाहन थानों और चौकियों के सामने से भी गुजरते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार खामोश हैं।

### ई-रिक्शा पलटने से चार सवारियां घायल, दो की हालत गंभीर

मोहम्मदी। जेबी गंज रोड पर गांव कंधरापुर के निकट तेज रफ्तार जा रहा ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उसमें सवार मुस्कान व खुरशीदन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो लोगों को मामूली चोटें आईं। सीएचसी में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बिलसंडा में बड़े पैमाने पर हो रही साठा की रोपाई

संवाददाता,बिलसंडा

**अमृत विचार :** गेहूं की फसल कटते ही क्षेत्र में साठा (चाइनीस) धान की रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार कई गुना अधिक किसानों ने साठा धान लगवाना शुरू कर दिया है। कुछ किसानों ने तो गन्ने की फसल से खेत खाली होते ही रोपाई भी करा दी है।

छह वर्ष पहले तक क्षेत्र में किसान बड़े पैमाने पर साठा धान लगाते थे, लेकिन फसल के कटने के वक्त अधिक बारिश से जब जूझना पड़ा, तो किसानों ने साठा लगाना कम कर दिया था। कई बार तो ऐसा हुआ कि बाजार में लागत के अनुरूप भाव न मिलने से परेशान किसानों को खड़ी फसल ही बगैर काटे ही खेत में ही जोतनी पड़ गई थी। बताते हैं कि उस वक्त वाटर लेवल नीचे चले जाने की बात कहते हुए प्रशासन ने भी सख्ती दिखाई। इसके बाद इस प्रतिबंधित फसल को लेकर निगरानी और कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभाई जाने लगी। पिछले वर्ष से किसानों ने पुनः साठा धान की पैदावार शुरू कर दी। पिछले वर्ष साठा धान की पैदावार कम होने की वजह से बाजार में लागत से कई गुना अधिक भाव मिल गया जिससे किसानों को भारी मुनाफा हुआ। जिसकी देखा देखी इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा कई गुना अधिक किसानों ने साठा धान लगवाना शुरू कर दिया है। गांव ईसापुर निवासी कृषक रघुवीर सिंह ने बताया कि साठा धान के लगाने से अगली फसल की लागत निकल आती है, जिससे कुछ फायदा हो जाता है। वरना गेहूं और मुख्य धान की फसल तैयार करने में जो लागत आती है, उसके अनुरूप बाजार में भाव ही नहीं मिलता है। लगातार घाटे में जा रहे किसानों के सामने इसके अतिरिक्त और कोई उपाय ही नहीं है। कस्बा बमरोली निवासी कृषक वीरेंद्र सिंह का कहना है की साठा धान की फसल की पैदावार अगर अधिक मात्रा में होने लगेगी, तो बाजार में लागत के अनुरूप भाव नहीं मिलेगा। ऐसे में साठा धान की पैदावार कम होने पर ही किसानों को फायदा मिल सकता है। अधिक पैदावार होने पर व्यापारी भी मनमानी तरीके से खरीदते हैं। बारिश का मौसम होता है, जिसकी वजह से किसानों की भी खेत खाली करने की मजबूरी होती है और ऐसे में औने-पौने दामों पर ही बाजार में साठा बेचने पर विवश होना पड़ता है। जिससे फायदा कम नुकसान अधिक होता है।


गांव मधवापुर मरौरी के एक खेत में साठा धान की रोपाई करतीं महिलाएं।

● **किसान बोले- साठा से अगली फसल की निकल आती है लागत**

# विवाद में युवक को पीटकर किया घायल

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार:** थाना मोहम्मदी क्षेत्र में मामूली विवाद होने पर दो सगे भाइयों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव बीरपुर निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि उनका पुत्र रोहित कुमार (21) गांव के ही प्राथमिक स्कूल परिसर में रात करीब आठ बजे मोबाइल पर गेम खेल रहा था। इसी बीच गांव का सुमित अपने भाई रचित के साथ पहुंच गया। किसी बात को लेकर उसके पुत्र और दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। इससे नाराज दोनों आरोपियों ने उसके बेटे की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# 14 ग्राम नशीला पाउडर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**संपूर्णानगर।** थाना संपूर्णानगर एसओ निराला तिवारी ने बताया कि बुधवार को पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। पुलिस ने इस दौरान संदिग्ध दिखे पीलीभीत जिले के थाना हजारा के गांव टाटरगंज निवासी हरविंदर सिंह को रोककर तलाशी ली तो उसके पास 14 ग्राम अल्प्राजोलम नशीला पाउडर बरामद हुआ है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

NOTICE
Informed to all that I have changed my name spelling AJIT BAJPAI to AJEET BAJPAI. I shall be known by the English Name AJEET BAJPAI in future. **Ajeet Bajpai S/o Late Vijay Bajpai R/o Madhovan Colony, Station Road, Nayi Vasti, Pilibhit-U.P. (262001)**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सरल से बदलकर रितुराज मिश्रा पुत्र शशि निवासी मो. देवस्थान पुवायाँ रख लिया है। मेरी जन्मतिथि 12.07.2006 है। मुझे अब इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

आवश्यकता है
शिक्षक/शिक्षिकाओं की
कक्षा NC से 8 तक
हिन्दी, अंग्रेजी, मैथ का ज्ञान हो।
आवेदन सहित शीघ्र सम्पर्क करें
Hena Convent School
Nadosi (C.B. Ganj)
Rampur Road, Bareilly
Mob : 9760936161, 7466921242

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# चोरी का खुलासा होने पर लेफ्टिनेंट कर्नल ने एसपी को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करने पर पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल ने एसपी गणेश प्रसाद साहा को प्रशंसा चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया और प्रशंसा की।

शहर के मोहल्ला राजाजीपुरम निवासी पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल अजय सिंह के घर से जनवरी 2023 में चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर आदि सामान चोरी कर लिया था। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए सीओ के नेतृत्व में तीन टीमें लगाई थीं। टीमों ने 24 मार्च को घटना का खुलासा करते हुए चोरों से आभूषण और सामान बरामद किया था।

लेफ्टिनेंट कर्नल ने खुलासा होने पर खुशी जाहिर की और प्रशंसा चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। पुलिस कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। एएसपी नेपाल सिंह (पश्चिमी) प्रतिसार निरीक्षक पवन भाटी भी मौजूद रहे।



एसपी को प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित करते पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल अजय सिंह।

● **पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल के घर का ताला तोड़कर चोर समेट ले गए थे माल**

# प्रभारी कुलसचिव ने पटल परिवर्तित किए

बरेली कार्यालय

- कुलसचिव कार्यालय में तैनात दो कर्मचारियों का भी बदला पटल

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में दो-दो कुलसचिव कार्य कर रहे हैं। एक आदेश जारी करता है तो दूसरा निरस्त कर देता है। बुधवार को कुलसचिव अतिरिक्त प्रभार सुनीता यादव ने कर्मचारियों के पटल परिवर्तन का आदेश जारी किया लेकिन इस आदेश को कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने निरस्त कर दिया। उन्होंने सुनीता यादव के आदेश को शासन के आदेश की अवेहलना बताया।

सुनीता यादव ने आदेश दिया कि चुनाव में अधिकांश कर्मचारियों की ड्यूटी आने के कारण कुलपति के आदेश पर कार्यालयी कार्यों के सुचारू रूप से संचालन के लिए कर्मचारियों का पटल परिवर्तन किया जाता है। यह केवल पटल परिवर्तन है, इसे स्थानांतरण न माना जाए। उन्होंने कुलसचिव कार्यालय में वैयक्तिक सहायक अर्जुन सिंह को प्राणी विज्ञान विभाग, अजय कुमार मौर्य को उप कुलसचिव प्रशासन/कुलसचिव कार्यालय, प्रधान सहायक विनोद कुमार शर्मा को कार्यालय समन्वयक संघटक महाविद्यालय, मानव शुक्ला को संबद्धता अनुभाग, गौरव मिश्रा को विकास अनुभाग, वरिष्ठ सहायक प्रदीप कुमार को इंजीनियरिंग संकाय, कनिष्ठ सहायक प्रसेनजित को संबद्धता उप कुलसचिव प्रशासन कार्यालय और कमल सिंह को संबद्धता अनुभाग शिक्षक प्रतिस्थापना में पटल परिवर्तन किया है। आदेश में कहा कि नव आवंटित विभाग के माध्यम से ही अप्रैल का वेतन भेजा जाएगा।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING (M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES (All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM (English)
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf



Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

**KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE**
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431



**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is Rural Wellbeing there is Universal Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in


# छापाबोझी जंगल में मिला युवक का शव, एक हाथ और दोनों पैर गायब

## पुलिस कह रही जंगली जानवर ने किया शिकार, वन विभाग कर रहा इनकार

संवाददाता, खुटार

- करीब 15 दिन पुराना बताया जा रहा शव, पहने हुए कपड़े भी गल गए, नहीं हो पाई शिनाख्त

**अमृत विचारः** छापाबोझी बीट जंगल में बुधवार सुबह एक युवक का पूरी तरह से गला शव मिला। पहने कपड़े शरीर में गलकर नष्ट हो गए है। युवक का एक हाथ, दो पैर पैर गायब है। पुलिस करीब 15 दिन पुराना शव होने की बात और किसी जंगली जानवर द्वारा युवक के शिकार की बात कह रही है। जबकि वन विभाग इससे इनकार कर रहा है। अब घटना का खुलासा शव की शिनाख्त होने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

छापाबोझी जंगल के (कंपार्ट नंबर दो में) बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे चरवाहा जानवर लेकर जंगल में गए तो उन्हें दुर्गंध का अहसास हुआ, इस पर वह लोग उस स्थान की तरफ बढ़े। पहुंचने पर पता चला कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जो पूरी तरह से गल गया था और पहने कपड़े शरीर में गलकर नष्ट हो चुके थे। युवक का एक हाथ, दो पैर पैर गायब थे। शव पूरा काला पड़ चुका था। जानकारी पर आसपड़ोस गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव और थानाध्यक्ष संजय कुमार टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों से शव की पहचान कराई गई लेकिन पता नहीं चल पाया। पुलिस के अनुसार, युवक की उम्र तकरीबन 30 से 35 वर्ष है। शव करीब 15 दिन पुराना लग रहा है, किसी जंगली जानवर ने उस पर हमला किया होगा। युवक का हाथ, पैर खा लिया है और सिर्फ कमर से ऊपरी हिस्सा बचा हुआ है और एक हाथ भी नही है। शरीर काफी गल चुका है और काला पड़ गया है। इसलिए शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। उधर, रेंजर मनोज श्रीवास्तव का दावा है कि किसी भी जंगली जानवर ने युवक पर हमला नहीं किया है।

शव काफी दिनों से पड़ा है, जो गल चुका है। साथ ही शरीर के अंग जो रहे गए हैं। उसे देखकर ऐसा नहीं लग रहा है कि जंगली जानवर ने हमला किया हो। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने जंगली जानवर के हमला करने की बात से साफ इंकार किया है।



घटना स्थल की जांच करते थानाध्यक्ष संजय कुमार। ● अमृत विचार

## मृतक के मंदबुद्धि होने की जताई जा रही आशंका

**खुटार, अमृत विचार :** जंगल में बरामद शव किसी मंदबुद्धि युवक के होने की आशंका जताई गई है। पता चला है कि युवक घूमते हुए जंगल में पहुंच जाने से किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया होगा।

जिससे उसकी मौत हो गई और उसका हाथ, पैर खा लिया। करीब 15 दिन बाद शव गल और सड़ जाने से उसकी पहचान नहीं हो पा रही है।

> सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचा था। शव किसी जंगली जानवर द्वारा खाया गया लग रहा है। हालांकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। शव की शिनाख्त नही हो सकी है।
> – **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष, खुटार

> शव कई दिन पुराना है। जंगली जानवर द्वारा शव नहीं खाया गया है। मौका मुआयना किया गया। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।
> – **मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

# एक साथ उठी पिता-पुत्र की अर्थी



गमगीन माहौल में पिता-पुत्र के अंतिम संस्कार के बाद लौटते ग्रामीण।

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** मुंडन संस्कार से लौटते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की घटना में मृत हुए पिता-पुत्र के शव बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे। दोनों की अर्थी एक साथ उठीं तो हर किसी की आंखे नम हो गईं। दोनों के शवों का गांव के बाहर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बिहारीपुर आजमाबाद गांव के अमित वर्मा के 6 महीने के पुत्र दीपक का मुंडन संस्कार मंगलवार को कपसेड़ा गांव स्थित जानकी महाराज मेले में हुआ था। मुंडन संस्कार में गांव से दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लोग गए थे, जो मंगलवार की देर शाम गांव लौट रहे थे। निगोही रोड पर बढ़ेपुर गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी, जिसमें अमित वर्मा तथा उनके पिता मुरली की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि 21 लोग घायल हो गए थे। बुधवार शाम अमित और उसके पिता मुरली का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। शाम को दोनों की अर्थी घर से उठी तो परिजनों और गांव के लोग फफक फफक कर रोने लगे। दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# इस बार किन्नरों से राखी बंधवाकर वैद्यराज किशन ने कराया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- हर चुनाव में अलग-अंदाज से नामांकन कराने जाते हैं निर्दलीय प्रत्याशी, लड़ते हैं हर चुनाव

**अमृत विचार :** लगभग सभी चुनावों में चर्चा का विषय बने रहने वाले निर्दल प्रत्याशी वैद्यराज किशन कुछ नया करके अपना पर्चा दाखिल करते हैं। इस बार उन्होंने किन्नरों से भावात्मक रिश्ता जोड़ते हुए राखी बंधवाई। बाद में नामांकन दाखिल किया, जो चर्चा का विषय बना रहा।

बता दें कि वैद्यराज किशन कभी वह दूल्हा बनकर नामांकन करने निकलते हैं, तो कभी अर्थी पर लेटकर, भैंसा गाड़ी और पीईपी किट पहनकर नामांकन कराने जाते रहे हैं। इस बार वह किन्नरों के साथ नामांकन करने पहुंच गए। नामांकन करने से पहले कलक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर सबसे पहले उन्होंने किन्नरों से राखी बंधवाई और रक्षाबंधन के गाने गाते हुए नामांकन करने के लिए रवाना हुए। वैद्यराज किशन नाम से लोग उन्हें जानते हैं। वह अब तक वार्ड मेंबर से लेकर राष्ट्रपति चुनाव तक के लिए दावेदारी कर चुके हैं। हमेशा की तरह इस बार भी जीत का बड़ा दावा कर रहे हैं। किन्नरों ने यहां उनके लिए मेरे भैया राखी के बंधन को निभाना आदि गाने गाकर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।



किन्नर से राखी बंधवाते वैद्यराज किशन। ● अमृत विचार

किशन का कहना है कि उनकी सीधी टक्कर भाजपा से है। बाकी प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा पाएंगे। किन्नर बहनों ने भी जीत का आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने भी किन्नरों का दर्द नहीं समझा, केवल टिकट देकर चुनाव में खड़ा कर देते हैं। बोलेः वह चुनाव जरूर जीतेंगे और विकास तथा बेरोजगारी पर विशेष ध्यान देंगे।

# बीएडः प्रयोगात्मक परीक्षा में परीक्षकों की नियुक्ति में खेल

बरेली कार्यालय

- बोर्ड ऑफ स्टडी के समन्वयक ने लगाया आरोप
- कुलाधिपति और परीक्षा नियंत्रक से की शिकायत

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की बीएड द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा में परीक्षकों की नियुक्ति में अनियमितता का आरोप लगा है। शिक्षा संकाय की बोर्ड ऑफ स्टडी के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कुलाधिपति और परीक्षा नियंत्रक से मामले में शिकायत कर परीक्षा स्थगित करने की मांग की है।

हिंदु कॉलेज मुरादाबाद के प्रो. सुरेंद्र सिंह ने परीक्षा नियंत्रक को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 की बीएड द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 5 अप्रैल से शुरू हुई हैं। परीक्षा 5 मई तक होगी। परीक्षा में बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति में बोर्ड ऑफ स्टडी की बैठक कराए बिना की गई है। इसमें हाईकोर्ट के 2013 के आदेश का भी पालन नहीं किया गया। रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन सभी नियमों और आदेशों की अवहेलना करते हुए बीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा करा रहा है।

सभी संबद्ध कॉलेजों के बीएड शिक्षक इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कुलाधिपति को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि बीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा में जातीय आधार पर बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। एक ही कॉलेज में दूसरे विश्वविद्यालयों के दो-दो बाह्य परीक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं, जबकि एक आंतरिक और एक बाह्य परीक्षक होना जरूरी है। इसके अलावा परीक्षक नियुक्त करने के बाद भी बिना किसी कारण के उन्हें हटाकर दूसरे विश्वविद्यालय के सजातीय शिक्षकों को नियुक्त किया जा रहा है।

उन्होंने बीएड प्रयोगात्मक परीक्षा निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार का कहना है कि बीएड प्रयोगात्मक परीक्षा में परीक्षकों की नियुक्त के संबंध में आरोपों का परीक्षण किया जाएगा। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## स्मैक तस्करी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** स्मैक तस्करी के आरोपी पीलीभीत जिले के बीसलपुर निवासी मोसीन की जमानत अर्जी स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने खारिज कर दी। फरीदपुर पुलिस ने 13 मार्च को बीसलपुर अंडर पास के पास दानिश, नदीम और मोसीन को पकड़ा था। तीनों के पास से 343 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी।

# परीक्षा केंद्रों के निर्धारण मामले में कुलसचिव से 10 दिन में मांगा जवाब

बरेली कार्यालय

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव से आगरा विश्वविद्यालय में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में गड़बड़ी के मामले में शासन ने 10 दिन में जवाब मांगा है। कुलसचिव से 15 फरवरी को भी 15 दिन में जवाब मांगा गया था लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उप सचिव एसपी मिश्र का 15 अप्रैल को जारी आदेश बुधवार को विश्वविद्यालय में पहुंचा। इसके बाद यह शिक्षकों में वायरल हो गया।

शासन की ओर से भेजे गए नोटिस के मुताबिक डॉ. भीम राव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा में वर्ष 2022 की मुख्य परीक्षा के परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में अनियमितता की गई थी। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक अजय कृष्ण यादव ने किया था। इसकी जांच की गई थी, जिसमें आरोप सिद्ध पाए गए थे। इस मामले में शासन ने अजय कृष्ण यादव से 15 दिन में अभ्यावेदन मांगा था लेकिन अभी तक कोई अभ्यावेदन नहीं प्राप्त हुआ है। ऐसे में 10 दिन के अंदर अभ्यावेदन उपलब्ध कराएं।

इस संबंध में कुलसचिव अजय कृष्ण यादव का कहना है कि आरोप लगे थे। शासन की प्रक्रिया है। शासन को जवाब भेजा जाएगा।

## बढ़ रहीं चोरी की वारदातें, पुलिस पर असर नहीं

**बिजुआ।** भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला में चोरों के हौंसले बुलंद हैं आए दिन हो रही चोरियों से लोगों में दहशत है। क्षेत्र के मलूकापुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर 17 अप्रैल को खड़े ट्रक से 150 लीटर डीजल चोरी हो गया, जिसकी फुटेज भी सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद भी पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई है। सोमवार को पडरिया तुला निवासी रमेश गुप्ता की फड़ से साढ़े 15 हजार रुपयों की थैली लेकर उच्चक्के भाग गए। बताया जाता है चोर चोरी करने के बाद पड़रिया बाजार में दो घंटे तक टहलते दिखे। जिसकी सीसीटीवी कैमरे में चहलकदमी कैद है। मंगलवार को मालपुर बाजार में व्यापारी हरीश तिवारी के फड़ से करीब एक लाख नवासी हजार की थैली लेकर उच्चक्के रफूचक्कर हो गए। लगातार चोरी से गश्त पर सवाल उठने लगे हैं।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि.शाखा बरेली से संतराम पुत्र श्री सियाराम निवासी ग्राम नौगवां नगला, पोस्ट आफिस मुड़िया भीकमपुर तहसील नवाबगंज जिला बरेली एक किता मकान तादादी 84 वर्गमी. जो प्लाट नं. 2 पर व खसरा नं. 725 के जुज पर तामीर है वाकै ग्राम घंघोरा पिपरिया मार्डन विलेज बरेली जिसकी चौहद्‌दी पूरब में रास्ता 20 फिट चौड़ा, पश्चिम में प्लाट नं. 05, उत्तर में प्लाट नं. 03 व दक्षिण में प्लाट नं. 01 जिसपर अब मकान विक्रेता का तामीर है को मनमोहन सिंह छाबड़ा पुत्र श्री प्रितपाल सिंह छाबड़ा निवासी डी-30/1, शाहदाना कालोनी बरेली से क्रय करने हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति को मनमोहन सिंह छाबड़ा ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 29.10.2021 को बही सं. 1 जिल्द सं. 13486 के पृष्ठ 315 से 332 तक क्रमांक 13591 पर स.र. बरेली में हुई है इकरारी सेठ धनराज बिल्डर्स प्रा. लि. द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि राकेश शर्मा से खरीद किया था।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस में 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा संतराम के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 7, न्यू बिल्डिंग बंगलिया
सिविल कोर्ट, बरेली।
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. बरेली
मो. 9997389012



आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज

**डॉ. कुशाग्र सिंह**
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142



पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार

**दूरबीन द्वारा ऑपरेशन**
- पित्त की पथरी
- पित्त की नली की पथरी
- अपेन्डिक्स
- हार्निया
- पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL)
- बच्चेदानी व रसौली
- आबेरियन सिस्ट
- एक्टापिक प्रगनेन्सी
- गदूद ऑपरेशन (TURP)
- पेट की जाँच।
- महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
- गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर
- मात्र एक टीका और ऑपरेशन



नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में

**महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल**
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551



**कीरतन एवं अन्तिम अरदास**



दुःखित हृदय से सूचित करना है कि मेरी धर्मपत्नी **सरदारनी सतवंत कौर** का स्वर्गवास हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु **कीरतन एवं अन्तिम अरदास** आज दिनांक 25.04.2024 बृहस्पतिवार को गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा मॉडल टाउन में दोपहर 1 से 2 बजे तक होगी।

शोकाकुल

सुरजीत सिंह (पति), अमरजीत सिंह-लवली (देवर-देवरानी), डॉ.गुरदीप सिंह-स्वीटी (पुत्र-पुत्रवधु), कुलविन्दरजीत सिंह-तरन (पुत्र-पुत्रवधु), गुरप्रीत सिंह-टिमसी (पुत्र-पुत्रवधु), परविन्दर सिंह-जितेन्दर कौर (दामाद-पुत्री)

प्रतिष्ठानः सुरजीत जनरल स्टोर, लीज़ा फैशन, बचपन प्ले स्कूल, आवीवा फैशन
मो.9412148940, 9027151313, 8439374664, 7017675942





**पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कम मतदान से उपजी आशंकाओं को पीछे छोड़कर भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए और कांग्रेस-सपा के इंडिया गठबंधन के साथ बहुजन समाज पार्टी ने अब प्रदेश में दूसरे चरण की उन आठ सीटों पर मुकाबले के लिए कमर कस ली है, जिन पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। इन आठ सीटों में पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटों मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में कमल खिलाया था, जबकि अमरोहा सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। इस बार प्रदेश की इन आठ सीटों में से पांच पर जानकार मुकाबला त्रिकोणीय मान रहे हैं। दो सीटों पर भाजपा और सपा के बीच जबकि एक सीट पर भाजपा से बसपा की सीधी टक्कर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रदेश में मिशन -80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के लिए यह चरण अगर काफी अहम है, तो कांग्रेस की साख भी चार सीटों पर चुनाव लड़ने के कारण सबसे ज्यादा दांव पर लगी है। सपा के लिए इस चरण में खोने के लिए बहुत कुछ नहीं है, लेकिन बसपा क्या खाता खोलने में कामयाब रहेगी, यह सवाल भी है। लेकिन इससे भी बड़ा सवाल 40 डिग्री पार जाते पारा में कौन अपने ज्यादा से वोट बूथ तक पहुंचा पाएगा, इसकी मशक्कत का भी है। हालांकि चुनाव आयोग मतदान बढ़ाने के लिए लगातार विशेष प्रयास कर रहा है।**

# जातीय समीकरण और ध्रुवीकरण का दूसरा चरण

**91** प्रत्याशी आठ सीटों पर इस बार मैदान में

**42** प्रत्याशी हैं दूसरे चरण में करोड़पति

**02** वर्तमान सांसद भी आमने-सामने

**62%** से अधिक हुआ था 2019 में मतदान

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा संसदीय सीट पर 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन आठ लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें 2019 में भाजपा ने जीती थीं। अमरोहा सीट सपा और रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा के खाते में गई थी। इस बार चुनावी समीकरण पिछले चुनाव वाले नहीं हैं। रालोद अब भाजपा के साथ मिलकर चुनावी मैदान में है, तो सपा ने कांग्रेस के साथ गठजोड़ बनाया है। बसपा अकेले दम पर सभी आठ सीटों पर अपनी किस्मत आजमा रही है। भाजपा आठ में से सात सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने बागपत सीट गठबंधन में शामिल रालोद को दी है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस चार-चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के प्रत्याशी गाजियाबाद, मथुरा, बुलंदशहर, अमरोहा सीट पर मैदान में हैं, जबकि सपा अलीगढ़, बागपत, गौतमबुद्ध नगर और मेरठ सीट पर मुकाबला कर रही है। ऐसे में यह चुनावी चरण भाजपा-रालोद, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा की कड़ी परीक्षा लेने जा रहा है, जिसमें भाजपा पिछले चुनाव में मिली जीत का अंतर देखते हुए इस बार भी कमल खिलाने के लिए थोड़ी आश्वस्त नजर आ रही है।

## ब्रजवासी किसे कहेंगे राधे-राधे

मथुरा लोकसभा सीट हाईप्रोफाइल सीट मानी जाती है। इस सीट से हेमा मालिनी भाजपा प्रत्याशी के रूप में लगातार दो बार चुनाव जीत चुकी हैं और इस बार जीत की तिकड़ी लगाने में जुटी हैं। कांग्रेस यहां पिछली बार यहां 20 वर्ष पहले चुनाव जीती थी, जबकि बसपा का इस सीट पर अब तक खाता नहीं खुल पाया है। कांग्रेस ने हेमा मालिनी के मुकाबले दलित समाज के मुकेश धनगर को उतारा है, तो बसपा ने जाट बिरादरी से आने वाले रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह पर दांव लगा रखा है। भाजपा की तरफ से अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी जैसा मुद्दा उछाला जा रहा है। यह सीट जाट बाहुल्य मानी जाती है। जाट वोटों में सेंध लगने से बचाने के लिए धर्मेंद्र से शादी करने के कारण हेमा मालिनी खुद को जाट बता रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर चुनाव ब्रजवासी और अप्रवासी का मुद्दा गर्म करने में लगे हैं और जाट वोट बंटने पर अपनी जीत का रास्ता खोज रहे हैं। जानकार मान रहे हैं कि मथुरा सीट पर बसपा अगर जाट-दलित वोटों को जोड़ने में कामयाब रही तो भाजपा को मुश्किल में डाल सकती है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 60.77%, 2014 – 53.29%**









## मेरठ: भाजपा- बनाम बसपा लग रही लड़ाई

मेरठ लोकसभा सीट से धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा प्रत्याशी हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो कर चुके हैं। सपा से यहां पूर्व महापौर सुनीता वर्मा उनका मुकाबला कर रही हैं। बसपा से देवव्रत त्यागी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछली बार मेरठ सीट पर भाजपा मामूली अंतर से जीत दर्ज कर पाई थी। बसपा के याकूब कुरैशी ने सपा का गठबंधन मिलने से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र अग्रवाल को कांटे की टक्कर दी थी। इसी कारण भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को उतारा है। याकूब परिवार अब बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी को जिताने के लिए पूरी ताकत के साथ लगा है। बसपा सुप्रीमो दो दिन पहले यहां सभा कर गई हैं। इस दौरान उन्होंने वोट बैंक साधने के लिए सपा को ज्यादा निशाने पर रखा था। इसके चलते सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा के लिए चुनौती खड़ी हो गई है। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा दोनों से प्रत्याशी हिंदू होने के कारण अभी असमंजस में नजर आ रहा है। सपा प्रत्याशी खुद को राम के सामने सबरी बताकर मुख्य मुकाबले में रहने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जिस तरह से बसपा मुस्लिम, दलित के साथ राजपूत और त्यागी वोटों पर नजर लगा रही है, उससे जानकार मेरठ का चुनाव भाजपा बनाम बसपा की तरफ बढ़ता मान रहे हैं।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 48.19%, 2014 – 47.80%**







**08** लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## गौतमबुद्ध नगर में त्रिकोणीय मुकाबला

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे भाजपा सांसद डॉ महेश शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने के लिए इस बार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों को लेकर कई जगह लोग उनसे नाराज हैं, लेकिन वोट भाजपा को ही देने की बात कह रहे हैं। सपा से उतरे डॉ. महेंद्र नागर अपने सजातीय और पीडीए वोट बैंक के बूते चुनावी जंग को दो डॉक्टरों के बीच रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, तो बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की भरसक कोशिश में जुटे हैं। इससे चुनाव रोचक हो गया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं। भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मण, सपा प्रत्याशी गुर्जर और बसपा प्रत्याशी ठाकुर बिरादरी से हैं। सपा ने गुर्जर-मुस्लिम-यादव समीकरण बनाने का दांव चला है तो बसपा ने ठाकुर-दलित समीकरण के सहारे जीत का ताना बाना बुन रखा है। इस सीट पर ठाकुर मतदाता बड़ी संख्या में है, जो भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाते है, लेकिन ठाकुरों की नाराजगी का मुद्दा उछालकर इस वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिशें भी कम नहीं हो रही हैं। इस लोकसभा सीट पर धीरे-धीरे मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 59.6 %, 2014 – 50.0 %**

## 2024 में किस दल के कितने प्रत्याशी

| इंडिया गठबंधन | | राजग गठबंधन | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | 04 | 07 | 01 | 08 |
| सपा | कांग्रेस | भाजपा | रालोद | बसपा |

## 2019 में आठ सीटों पर यह था स्कोर

| 07 | 01 |
|---|---|
| भाजपा | बसपा |





**2019** बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव में 19 फीसदी वोट पाए, 10 सीटें जीतीं

**25%** सपा और कांग्रेस का साझा वोट प्रतिशत रहा था 2019 के लोकसभा चुनाव में

## दूसरे चरण का रण क्या बदल पाएगा हाथ के हालात

प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर है। कांग्रेस इस चरण में सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर मैदान में है। गठबंधन के तहत बाकी चार सीटों पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं। कांग्रेस से गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में बसपा से आए सांसद दानिश अली हैं, तो मथुरा की सामान्य सीट पर पार्टी ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगा रखा है। बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर शिवलाल वाल्मीकि लोगों से हाथ का साथ मांग रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस ने चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रखी है। कांग्रेस ने इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। यहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर कांग्रेस जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर और सपा के समर्थन पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता नहीं खुला है और संगठन काफी कमजोर है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी मुकाबले में आने की उम्मीद में है।

## अलीगढ़: जातीय खांचे में फंसी जीत की हैट्रिक

तालों की नगरी अलीगढ़ से ब्राह्मण बिरादरी के भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। लेकिन बसपा ने यहां भाजपा छोड़कर हाथी की सवारी करने वाले ब्राह्मण समाज के ही हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय को मैदान में उतार कर भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। सपा ने जाट बिरादरी के पूर्व सांसद चौधरी बिजेन्द्र सिंह पर फिर भरोसा जताया है। इस सीट पर सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता हैं। बावजूद इसके सपा और बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है। बसपा ने पहले मुस्लिम गुफरान नूर को टिकट दिया था, पर उनके बीमार होने पर प्रत्याशी बदल दिया। मुस्लिम मतों का झुकाव या बिखराव यहां के परिणाम पर असर डालेगा, ऐसा माना जा रहा है। इसे देखते हुए दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव रैली करके मुस्लिमों को जोड़ने के साथ पीडीए को मजबूत करने की बाद कह गए हैं। इसके बाद से सपा प्रत्याशी का हौसला बढ़ गया है।

**भाजपा का वोट% 2019 – 56.42 %, 2014 – 48.34 %**

## बागपत : ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग लिखेगा जीत

चौधरी चरण सिंह के परिवार का गढ़ रही इस सीट पर चुनाव जातीय समीकरणों में उलझता नजर आ रहा है। 47 वर्षों बाद चौधरी परिवार का कोई सदस्य यहां चुनाव नहीं लड़ रहा है। रालोद ने भाजपा से गठबंधन में मिली इस सीट पर अपने राष्ट्रीय सचिव राजकुमार सांगवान को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है। एक तरह से जयंत चौधरी चुनावी कमान संभाले हैं। सपा ने इस सीट पर साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। अमर पाल शर्मा की ब्राह्मण बिरादरी में बढ़िया पकड़ मानी जाती है। बसपा ने दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता गुर्जर बिरादरी के प्रवीण बंसल पर दांव लगाया है। पिछले दो चुनावों में यहां आमने-सामने रहीं भाजपा और रालोद के हाथ मिलाने से इस सीट पर गिना जाने वाला साढ़े तीन लाख जाट वोट तो सांगवान के समर्थन में लामबंद हो गया है, लेकिन मुस्लिम वोटर जो करीब चार लाख है, सपा की तरफ झुकने से रालोद प्रत्याशी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है, क्योंकि करीब 70 हजार यादव वोट सपा के साथ पहले ही खड़ा है। ऐसे में बागपत सीट पर जीत की राह ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं के बीच से ही निकलने के कयास लगे जा रहे हैं।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 50.32 %, 2014 – 42.15 %**

## बुलंदशहर है भाजपा का बुलंद दुर्ग

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर इस बार दो सांसदों के बीच चुनावी जंग हो रही है। भाजपा ने यहां पिछले दो बार से लगातार जीत दर्ज कर रहे खटिक बिरादरी के भोला सिंह को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। बसपा ने नगीना के मौजूदा सांसद गिरीश चंद्र को मैदान में उतारा है। उनके सामने दलित वर्ग की गैर जाटव जातियों को अपने पक्ष में मोड़ने की चुनौती है। कांग्रेस से उतरे आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य शिवराम वाल्मीकि सपा से जुड़े वोटरों को जोड़कर दोनों सांसदों के बीच अपनी सफलता की राह खोज रहे हैं। बसपा यहां दम तो दिखाती रही है, पर कभी जीत की मंजिल तक नहीं पहुंच पायी है। सपा को जरूर वर्ष 2009 में सफलता मिली थी। इसी लोकसभा चुनाव को छोड़कर वर्ष 1991 के चुनाव से अब तक भाजपा यहां अपराजेय रही है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 60.64 %, 2014 – 59.83%**

## गाजियाबाद : जीत का चौका या चौंकाएंगे मतदाता

गाजियाबाद में पिछले आठ लोकसभा चुनावों में भाजपा सात बार जीती है। इस बार यहां भाजपा, कांग्रेस और बसपा तीनों दलों के नए और स्थानीय प्रत्याशी जीत के लिए जूझ रहे हैं। प्रत्याशी बदलने के साथ ही चुनावी और जातीय समीकरण भी बदल गए हैं। भाजपा से मैदान में उतरे शहर के विधायक अतुल गर्ग के सामने पिछली बार वीके सिंह को मिली पांच लाख की जीत बरकरार रखने की चुनौती है, तो सपा-कांग्रेस गठबंधन से डॉली शर्मा भाजपा का किला भेदने के लिए जलभराव, कूड़े के पहाड़ और प्रदूषण जैसी समस्याओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के मुद्दों पर धार पैनी किए हैं। बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर क्षत्रियों की नाराजगी के मुद्दे पर भाजपा के वोटबैंक में सेंध लगाने में जुटे हैं। बुधवार को इसीलिए उन्होंने क्षत्रिय बहुल धौलाना विधानसभा में रोड शो निकाला। बसपा सुप्रीमो मायावती यहां रैली में कह भी गई थीं कि देख लेना, क्षत्रिय को टिकट दिया है।
तीनों प्रत्याशियों की इस टक्कर में अब भाजपा इस सीट पर जीत का चौका लगाएगी या वोटर चौंकाएंगे यह सवाल हर कहीं चर्चा में तैर रहा है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 61.93 %, 2014 – 56.51 %**

## अमरोहा में हाथी बिगाड़ेगा कांग्रेस का खेल ?

1980 के बाद से किसी प्रत्याशी को लगातार दो बार लोकसभा न भेजने वाली अमरोहा की जनता पुराना रिवाज कायम रखेगी या पिछले साढ़े चार दशक से चली आ रही परंपरा को इस बार तोड़ देगी। इस बात पर हर किसी की निगाह लगी है। यहां बसपा को छोड़कर हाथ का साथ थामने वाले मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली मुस्लिम बहुल इस सीट पर सपा की साइकिल का साथ मिलने से दोबारा जीत हासिल करने के लिए तेजी से पैडल मारते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर भी इस बार रालोद का साथ पाकर 2014 वाली सफलता हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर बसपा उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन मुकाबले का तीसरा कोण बनकर असली परेशानी कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के सामने खड़ी कर रहे हैं। जानकार बसपा और कांग्रेस-सपा गठबंधन दोनों के मुस्लिम प्रत्याशी होने से मुस्लिम वोटों में बिखराव तय मान रहे है। कहा जा रहा है कि बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी कांग्रेस का खेल बिगाड़ने के लिए खड़ा किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने अमरोहा सीट पर प्रचार करते हुए कहा भी था कि दानिश अली ने मुस्लिमों को धोखा दिया है और उनके साथ गद्दारी की है। ऐसे में भाजपा के कंवर सिंह तंवर की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, लेकिन यहां भी समस्या भाजपा-रालोद कार्यकर्ताओं में एकजुटता नहीं बन पाने की आ रही है। कई बार टकराव की स्थिति बन चुकी है।




**वोट प्रतिशत**
**बसपा 2019 – 51.4 %, भाजपा 2014 – 48.3 %**



## जीत की भरी हुंकार



मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार सांसद हेमा मालिनी ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाया।


बहस में उलझे मतदाता

परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई चुनावी लड़ाई नए मुकाम पर पहुंची, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे हुए दरकिनार

# मंगलसूत्र, संपत्ति बंटवारे और विरासत टैक्स से बढ़ी सियासी गर्मी बूथ तक पहुंचेगी!

राजपुरुष

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मौसम का पारा और मतदाताओं का मिजाज कितना गर्म रहेगा, इसका पता तो 26 अप्रैल को ही चलेगा, लेकिन सियासी तापमान अभी से बेहद गर्म हो गया है। परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई लड़ाई अचानक कांग्रेस के मैनिफेस्टो से होती हुई मंगलसूत्र, संपत्ति सर्वे, मुस्लिम आरक्षण और विरासत टैक्स पर उलझ गई है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे दरकिनार हो गए हैं और मतदाता भी इस बहस में जुड़कर यह पड़ताल करने में लगा है कि क्या वास्तव में कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना और संपत्ति सर्वे की आड़ में अरबन नक्सल के हाथों में खेल रही है। हालांकि इस विमर्श में कुछ लोगों को यह भी लग रहा है कि चुनावी जंग में यह सब कुछ जुमलों की बौछार या फिर वोट बैंक को साधने के इंतजाम से ज्यादा कुछ नहीं है। लेकिन इस तरह के आक्रमक चुनावी अभियान का मतदाता के मन पर कहां और कितना असर हुआ है या आगे होगा, इसती लाभ-हानि का जोड़ घटाना परिणाम आने पर ही लगाया जा सकेगा, फिलहाल बयानों के अग्नि बाण दोनों तरफ से जारी हैं।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पिछले तीन दिनों से अपनी रैलियों में कांग्रेस के घोषणा पत्र की बातों का जिक्र करते हुए उसे कठघरे में खड़ा करके सवालों के दनादन प्रहार कर रहे हैं। वह लोगों को आगाह कर रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर लोगों की संपत्ति घुसपैठियों और उन लोगों में बांट दी जाएगी, जिनके अधिक बच्चे हैं। यहां तक कि माताओं-बहनों का मंगलसूत्र तक नहीं बचने देंगे। जिनके पास दो घर हैं, उनका एक घर छीन लिया जाएगा। कांग्रेस भाजपा के इस प्रचार अभियान को लेकर चुनाव आयोग तक पहुंच गई है, लेकिन आरोपों की बौछार रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रधानमंत्री के हमले को को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी और एमपी के मुख्यमंत्री और धार देने में जुट गए हैं। इसी क्रम में नया विवाद इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान से जुड़ गया है, उन्होंने एक साक्षात्कार में अमेरिका जैसे उत्तराधिकार टैक्स की भारत के लिए वकालत की है। उनकी इस टिप्पणी पर भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ और हमलावर रुख अख्तियार किया तो कांग्रेस को कहना पड़ा कि यह बयान पित्रोदा के निजी विचार हैं। पित्रोदा ने भी अपने बयान पर भी सफ़ाई दी है। लेकिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में चुनावी रण में भाजपा की तरफ से हो रहे ताबड़तोड़ हमलों की बौछार का कांग्रेस की तरफ से जवाब आना ही था। पहले प्रियंका गांधी ने पलटवार किया कि उनकी मां सोनिया गांधी ने अपना मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान कर दिया था। अब राहुल गांधी जिनके तेलंगाना में यह कहने से सारा विवाद शुरू हुआ था कि उनकी सरकार आने पर देश में संपत्ति का सर्वे कराया जाएगा, भी यह कहते हुए इस दंगल में कूद पड़े हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश 25 करोड़पति बनाए हैं, कांग्रेस की सरकार आने पर करोड़ों लोग लखपति बनाए जाएंगे।

### कांग्रेस की सफाई कितनी उसके काम आई

कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री और भाजपा नेताओं के हमले से बचाव की मुद्रा में हैं। पार्टी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उनके घोषणा पत्र जिसे न्याय पत्र दिया गया है, उसमें ऐसा कुछ भी नहीं जैसा कि प्रचारित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक उनके घोषणा पत्र में आर्थिक न्याय से जुड़े पेज नंबर 28 के बिंदु नंबर 21 में ये जरूर लिखा है कि कांग्रेस नीतियों में उपयुक्त बदलाव करके धन और आय के मामले में बढ़ती असमानता का समाधान करेगी। घोणषा पत्र के पेज नंबर 6 पर कांग्रेस ने हिस्सेदारी न्याय और सामाजिक न्याय के अंतर्गत लिखा है कि आर्थिक सामाजिक जाति गणना कराएगी. आर्थिक सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी. फिर कांग्रेस सुधार के लिए कदम उठाएगी। इसी तरह पेज नंबर 7 पर अल्पसंख्यक के तहत लिखा गया है कि तानाशाही या बहुसंख्यकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं है। कांग्रेस भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकार को बनाए रखने और रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**● आक्रमक प्रचार अभियान क्या जुमलों की बौछार या वोट बैंक साधने का इंतजाम, बड़ा सवाल**

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापरः।
मन्त्रमूलबलेनान्यो यः प्रियः प्रिय एव सः ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है, वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा

सेंट पीटर्सबर्ग में एक कार्यक्रम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है। वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खतरा है जिसे जल्द से जल्द हल करने की आवश्यकता है। विश्व राजनीति आज तेजी से आतंकवाद की चपेट में आ रही है। इंटरनेट और सोशल मीडिया समाज को अस्थिर करने के लिए दुष्प्रचार, कट्टरपंथ और साजिश के सिद्धांत फैलाने के लिए आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के उपकरण बन गए हैं। सवाल है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र, सुशासन, विकास और राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए उभरते आतंकवाद के खतरे के बारे में क्या किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवाद की घटनाएं न्याय, लोकतंत्र, सार्वजनिक जवाबदेही, राष्ट्रीय संसाधनों के वितरण और जातीय सहिष्णुता, धार्मिक सहिष्णुता और इसी तरह सत्ता साझा करने के मुद्दों पर बढ़ते समकालीन संघर्षों के साथ बढ़ेंगी। साथ ही सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चस्तरीय अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

इस तरह के सहयोग की रूपरेखा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम समझ विकसित करने में मदद के लिए सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत, तकनीकी समुदायों और सिविल सोसायटी तक सभी हितधारक और नियमित संस्थागत संवाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के माध्यम से समान विचारधारा वाले देशों की क्षमता निर्माण और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र का निर्माण भी ऐसे सहयोग का हिस्सा होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के मामले में, प्रासंगिक संधि प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए। साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। सरकारों और समाज को हमेशा आतंकवाद की प्रत्येक घटना का अध्ययन करने और उचित समाधान लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि कहा जाता है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। डिजिटल आतंकवाद की चुनौती को विफल करने के लिए इस खतरे के बारे में सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है।

# अस्सी के बाद सत्तर के फेर में भाजपा



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं का उत्साह ना देख भाजपा में बेचैनी लाजमी है। खासकर यूपी मे अस्सी की अस्सी सीटें जीतने का लक्ष्य असंभव सा दिख रहा, ऐसे में पिछले लोकसभा चुनाव में जीती 64 सीटें बचाने के लिए पार्टी चुनावी रणनीति को नई धार देने में जुट गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के पुराने बयान में मिर्च-मसाला लगाकर एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विवादित संबोधन इसकी बानगी है। भाजपा के सबसे बड़े नेता और पीएम के इस बयान को ध्रुवीकरण की कोशिश माना जा रहा है। अंदरखाने की खबरों को मानें तो भाजपा ने यूपी में अस्सी की आस छोड़कर 65-70 का लक्ष्य तय करके अपनी जीती सीटों की संख्या को बर्करार रखने के लिए संगठन, कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को कुछ नए दिशा निर्देश दिए हैं। खासकर इस बात पर जोर दिया गया है कि दूसरे चरण के चुनाव से सत्तर प्लस प्रतिशत वोटिंग हो। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बूथ संभालने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए आम जनमानस को वोट डालने के लिए प्रेरित और जागरूक करने की हिदायत दी गई है। भाजपा के यूपी संगठन को ये जिम्मेदारी दी गई है कि हर एक कार्यकर्ता दस मतदाताओं को मतदान के लिए घर से बाहर निकालने का लक्ष्य हासिल करे।

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले पूरी तरह से देश में भाजपा के पक्ष में माहौल दिख रहा था। पहले चरण में वोट प्रतिशत गिरने के बाद लगने लगा कि देश की जनता इतनी भगवामय नहीं है जितना माना जा रहा था। बताते चलें कि विभिन्न टीवी चैनलों और सर्वे एजेंसियों ने भी ओपिनियन पोल में भाजपा को भारी बहुमत से जीतने और अपने लक्ष्य के करीब होने की संभावना जताई थी।



इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की।

चुनावी आग़ाज़ में ही यूपी-बिहार जैसी हिन्दी पट्टी में भी कम वोट पड़ना और भी घातक है। क्योंकि उत्तर भारत का जनाधार भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। दक्षिण में जो नुकसान होता है उत्तर उसे कवर कर लेता है। खासकर योगी के सुरक्षा का बुल्डोजर मॉडल, राममंदिर की उपलब्धि, प्राण प्रतिष्ठा का भव्य-दिव्य कार्यक्रम और काशी-मथुरा वाले यूपी से तो बहुत ज्यादा उम्मीद है। यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश से चुनाव का आरंभ हुआ। अस्सी की अस्सी सीटें जीतने के लक्ष्य वाली भाजपा को अनुमान था कि यहां बंपर वोटिंग के साथ भगवा के प्रति उत्साह दिखेगा। अतीत में जाइए तो मुजफ्फरनगर के सांप्रदायिक दंगे और कैराना में पलायन की खबरों के बाद भाजपा को अप्रत्याशित लाभ हुआ था। किसानों और जाट समाज के इस गढ़ में मुस्लिम समाज की भी बड़ी तादाद है। दस वर्ष पूर्व यहां से शुरू हुआ ध्रुवीकरण पूरे यूपी में और फिर देश के कई राज्यों में फैल गया था। 2024 में उम्मीद और भी बढ़ गई। राम मंदिर का मिशन पूरा होने की सफलता के बाद काशी-मथुरा ने हिंदुत्व की लहर और ध्रुवीकरण की आशा बढ़ा दी। साथ काफी समय के बाद भाजपा की ताकत में चार चांद लगाने के लिए किसान और जाट समाज में पकड़ रखने वाले राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी एनडीए का हिस्सा बन गए हैं। यही सब कारण भाजपा का पलड़ा भारी होने के संकेत दे रहे थे।

इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की। इधर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐन चुनाव से पहले क्षत्रिय समाज द्वारा पंचायत कर भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाकर विपक्ष द्वारा जाति की राजनीति की मंशा को हवा दे दी। और फिर सैनी समाज, त्यागी समाज और अन्य जातियों की भी सत्तारूढ़ दल से नाराजगी की थोड़ी बहुत सुगबुगाहट नजर आने लगी। दूसरी तरफ हाशिए पर पड़ी बसपा भी मौजूदा चुनाव में मजबूती से लड़ती नजर आ रही। राजनीति परिपक्वता दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार टिकट वितरण में ना सिर्फ सपा-कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) को ही घेरा बल्कि भाजपा की भी मुश्किल बढ़ा दी। इस तरह बी टीम की तोहमत से बच कर बसपा अपना पारंपरिक वोट बैंक वापस लाने में हर संभव प्रयास कर रही है। ये कोशिश भी भाजपा भी भाजपा के माथे पर पसीना ला सकती है।

कुल मिलाकर पहले चरण के बाद भी यदि इस गर्मी में भी हिन्दुत्व एवं ध्रुवीकरण में गर्मी पैदा नहीं हुई और चुनाव माहौल ठंडा ही रहा, वोट प्रतिशत नही बढ़ा, प्रधानमंत्री के बयान से भी ध्रुवीकरण नहीं हुआ और जाति की राजनीति का असर फिर दिखाई दिया ये तो ये चुनाव एक तरफा नहीं बल्कि आमने-सामने का होगा।

## प्रसंगवश

# इस बार का सन्नाटा

सन 1951, मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर नारी टोल के टोल बना कर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थी वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था किंतु वहां से मैंने जवाहरलाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामका मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी-पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट।/ हिम्मत से सब को हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट।

पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह जय जनता की, अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, जय जनता की।

सन 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है। किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा। लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया में जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। लेकिन गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुल कर कुछ भी नहीं कहते। वह चख-चख जो घर के चबूतरे पर ही हो जाती थी, कॉलोनी के दस नर नारी ठुरक कर अपनी बात कह कर जाते थे, अबकी बार कहां है? पार्टी जन की बात नहीं कर रहा, लेकिन लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहली बार देख रहा हूं।

# 'छिपा पाठ्यक्रम' और उसमें निहित संदेश



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। जैसे छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना।

'रिक्शा चालक की बेटी बनी टॉपर, 'मज़दूर का बच्चा विद्यालय में अव्वल, 'किसान के बेटे ने गणित में पाए सौ में सौ' जैसे कितने ही शीर्षक किसी भी परीक्षा का परिणाम आने पर हम सबकी निगाहों से गुज़रते हैं। इनका निहितार्थ किसी विषम अथवा चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अर्जित की गई सफलता के प्रति पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना होता है। लेकिन इनमें अनचाहे रूप से एक दूसरा संदेश भी छिपा रहता है कि अमुक पेशा, व्यवसाय या परिस्थिति में उक्त सफलता अनपेक्षित है। यह संदेश प्रायः अनचाहे या अनपेक्षित होते हैं जो छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) का हिस्सा होते हैं।

नब्बे के दशक के अंतिम बरसों में उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा, संशोधन व परिवर्धन का कार्य संचालित था। उन्हीं दिनों समीक्षा के दौरान यह बिंदु उभर कर आया कि पाठ्य सामग्रियों में कई अंश छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम)की तरह मौजूद हैं जो पठन-पाठन के समय अनचाहा संदेश दे सकते हैं। ऐसे कई अंश वाक्यों के रूप में भी थे, जैसे- 'वह महिला होते हुए भी बहादुर थी, 'वह गरीब होते हुए भी ईमानदार था' या कि 'वह सेठ होते हुए भी दयालु था'

औपचारिक एवं अनौपचारिक चर्चा-वार्ताओं में मौजूद इस प्रकार की धारणाएं प्रायः 'हिडन करिकुलम' की तरह समाज में प्रसारित होती रहती हैं और इनका प्रयोग विभिन्न शब्दावलियों, वाक्य-विन्यासों और देहभाषाओं के रूप में प्रचलित होता जाता है। बहुधा इन धारणाओं के मूल में नकारात्मक पूर्वाग्रह अधिक होते हैं।

अपवाद स्वरूप ही सही, यह पूर्वाग्रही धारणाएं कतिपय कक्षाओं में भी पहुंचती हैं। जहां परस्पर विद्यालयीय क्रियाकलापों में कदाचित, 'तुम क्या पढ़ोगे, एकदम गदहा हो' से लेकर पुश्तैनी काम - धंधों पर टिप्पणी जैसे वाक्यों का प्रयोग सामने आता है। पाठ्यवस्तु में भी यदा-कदा इस प्रकार के अंशों के होने से बच्चों के व्यक्तित्व पर इनका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो उनके विद्यालय से पलायन का बड़ा कारण बन जाता है। इसलिए आवश्यक है कि इस 'हिडन करिकुलम' पर विद्यालय स्तर से ही विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रतिभा किसी क्षेत्र, वर्ण अथवा संप्रदाय विशेष की पूंजी नहीं होती बल्कि सहज रूप से हर बच्चे में मौजूद होती है। हां, यह ज़रूर है कि सीखने -सिखाने की अनुकूल परिस्थितियां एवं एक्सपोज़र उसे तराशने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। स्वाभाविक ही है कि प्रतिभा को तराशने की इस प्रक्रिया का प्रमुख केंद्र विद्यालय ही होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि विद्यालय से जुड़ा हर घटक यह सुनिश्चित करे कि बच्चे बिना किसी आरोपित आग्रह या पूर्वाग्रह के अपनी स्वाभाविक गति से आगे बढ़ें।

इसके लिए सबसे ज़रूरी यह है कि विभिन्न क्रियाकलापों के दौरान दिए जा रहे निर्देशों, चर्चा -परिचर्चा, प्रस्तुतीकरण तथा परस्पर संवाद की भाषाशैली और भाव-भंगिमाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। ऐसी किसी भी शब्दावली, संकेत या भाव-भंगिमा का प्रयोग न किया जाय जिसका निहितार्थ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बच्चे की निजता को ठेस पहुंचाए या उसे हतोत्साहित करे। किसी भी बच्चे के जीवन को आकार देने में भाषा विशेष भूमिका निभाती है। अतः यह आवश्यक है कि हमारी सामान्य बातचीत या संवाद के दौरान ऐसी शब्दावली या वाक्यों का प्रयोग न हो जिनमें अनचाहे संदेश छिपे हों।

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना, निर्देशों का अधिकांशतः पुल्लिंग शब्दों में होना जैसी स्थितियां सामान्य मानी जाती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलाप किसी न किसी लिखित औपचारिक पाठ्यक्रम का अंग होते हैं। जिसके क्रम में विद्यार्थी सीखने के विभिन्न अनुभवों द्वारा अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं। छिपा हुआ पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) स्कूली पाठ्यचर्या का वह अलिखित, अनौपचारिक और बहुधा अनपेक्षित हिस्सा होता है जिसे बच्चे औपचारिक पाठ्यक्रम के साथ साथ ग्रहण करते रहते हैं। यह हिस्सा सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। पर यह तब चिंताजनक हो जाता है जब इसके निहितार्थ नकारात्मक होते हैं और बच्चे के व्यक्तित्व पर अवांछित असर डालते हैं। विद्यालय वह उचित प्लेटफ़ॉर्म है जहां इसके नकारात्मक पक्षों को कम या दूर किया जा सकता है। अतः आवश्यक है विद्यालयीय व्यवस्था से जुड़े समस्त हितधारक इस ओर विशेष ध्यान दें।

## सोशल फोरम

# ब्रांडेड जमाना

फ़िल्म थ्री इडियट का एक दृश्य है जिसमे आमिर खान करीना कपूर के भावी पति के बारे में करीना से कहता है कि उसके पति को अपनी घड़ी और जूतों पर बड़ा गुमान है। और उनको लेकर वह थोड़ा दिखावा करता है। और एक घटना से वो इसे साबित भी कर देता है।

आजकल जब कुछ लोगों को देखता हूं तो वो मुझे करीना के पति समान दिखते हैं। चलते फिरते ब्रांडेड शोरूम। सर से लेकर पैर तक पूरे ब्रांडेड। इधर बड़े अजीब अजीब से समाचार पढ़ने को मिलते हैं। एक सीजन में कोई खिलाड़ी हिट हुआ या किसी एक्टर की एकाध फ़िल्म हिट हो गई तो चार पांच सौ करोड़ उसकी नेटवर्थ तो यूं ही हो जाती है। इतने करोड़ का बंगला, इतने करोड़ की कारें तो बड़े सामान्य से समाचार हो जाते हैं। ज्यादा कमाया तो अपना प्राइवेट जेट भी संभव है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मैं किसी की कमाई के विरुद्ध नही हूं। लेकिन 80 करोड़ को 5 किलो अनाज वाले देश मे कुछ लोगों को इतना पैसा थोड़ा आंखों में चुभता है। वैसे इसके लिए भी हम आम जन जिम्मेवार हैं। क्योंकि हम ही उनकी जेबें भरते हैं। आईपीएल जैसे तमाशे में जनता लुटा रही है और कुछ लोग कमा रहे हैं। यही हाल हीरो हेरोइन को सर पर बैठाने वालों का भी है। किसी जमाने में तीन से चार रुपये की जगह आज 4 से 5 सौ रुपये देकर फ़िल्म देख रहे हैं तो एक ही हिट फ़िल्म से अथाह पैसा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। आज एक फ्लॉप फ़िल्म भी अपनी लागत से ज्यादा कमा लेती है। और उसके हीरो हेरोइन भी। अब ऐसे धनाढ्य लोगों की जमात के ईगो को संतुष्ट करने के लिए ब्रांड बने हुए हैं। अरमानी का सूट हो, गुची के जूते हों। वैसे अब तो गुची भी गरीब पहनते हैं। मेरे एक मित्र का बेटा प्री वेडिंग शूट के लिए मालद्वीप गया। भाई यहां हीरो हीरोइन अपनी शादी के अधिकार बेच लाखों कमा रहे हैं और उनकी नकल कर हम लाखों गवां रहे हैं।

आप और हम मध्यम वर्गीय लोग ये सब सुन हैरान भले हों लेकिन अपनी हैसियत भर हमारे भी नखरे हैं और हमारे भी अपने ब्रांड हैं। -फेसबुक वॉल से

# राजनैतिक सत्ता संपूर्ण सामाजिक प्रगति की कुंजी



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों औऱ सत्ता पर काबिज हों।

लोकतंत्र के महापर्व में संपूरण देश चुनावी रंग में सराबोर है। सभी दलों के घोषणा पत्र सभी जनों को आकर्षित करने वाले हैं। पहले भी होते रहे हैं लेकिन क्या जनता परीक्षक की भूमिका में है। परीक्षण कर वोट देना सबको आ गया है या हर बार की तरह पिछली गारंटी पूरी न करने वाले नई गारंटी देने वाले दलों के समक्ष मजबूर है। मतदाता उन्हीं में से जो अच्छा लुभा ले जाये के बहाव में।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का पांचवां अधिवेशन था, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारत के कानून मंत्री डॉ.बी आर आंबेडकर आमंत्रित किए गए थे। तब उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत कहा जाता था। मुख्यमंत्री तब पंडित गोविंद बल्लभ पंत थे। उस अधिवेशन में उन्होंने भी शिरकत की थी। हालांकि डॉ आंबेडकर उस तिथि से पहले दो बार औऱ भी लखनऊ आए थे। एक बार लोथियन समिति के सदस्य के रूप में बारह वर्ष पूर्व लखनऊ आए थे। प्रत्येक बार वे लखनऊ के रिसालदार पार्क बुद्ध विहार में रुके। बुद्ध विहार के मुख्य कर्ता-धर्ता महेथरा बोधानन्द जी थे जो कि त्रिपटक के महाविद्वान थे। इस अधिवेशन की सफलता के पीछे उनका हाथ था। वे पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे, जिनका कहना था आसमान व्यवस्था को चौरस करके ही दम लूंगा। हालांकि व्यवस्था अभी भी चौरस नहीं हुई है पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे शिवदयाल चौरसिया अध्यक्ष समता सैनिक दल के गोपीचंद पिम्पल, कन्हैया लाल सोनकर, गयाप्रसाद तिलक चंद कुरील, अखिल भारतिय फेडरेशन के महासचिव पी एन राजभोज, मेवालाल सोनकर, बुद्धदास चौधरी इन सबके अतिरिक्त जागरूक पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं की वजह से उस समय एक लाख के आसपास लोग उपस्थित हुए थे। इसके पीछे एक वजह थी, शेड्यूल कास्ट फेडरेशन ने एक वर्ष पूर्व ही अनुसूचित जातियों ने हितों की अनदेखी पर आंदोलन किया था। पुलिस ने लगभग दो हजार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था।

शिवदयाल चौरसिया ने डॉ.आंबेडकर से पूछा संविधान में पिछड़े वर्गों के लिए क्या है? आंबेडकर ने कहा जिस दिन पिछड़े और वंचित वर्ग के लोग एक साथ आ जाएंगे, तब हमारे लोगों के साथ अन्य लोग भी गौरान्वित महसूस करेंगे। आंबेडकर ने काफी प्रयास के साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 में पिछड़े वर्गों की जानकारी उनकी स्थिति उनकी भागीदारी एवं उत्थान के लिए एक कमीशन बनाए जाने का प्रावधान किया था जिसके तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग गठित किया था।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ उत्तर प्रदेश शेड्यूल कॉस्ट फेडरेशन के सालाना अधिवेशन में डॉ. आंबेडकर ने जो भाषण दिया, जिसकी गर्माहट ने दिल्ली में पंडित नेहरू औऱ पटेल को विचलित कर दिया लेकिन जिन लोगों के लिए आंबेडकर जोखिम लेकर संदेश दिया वे समाज या राजनीतिक नुमाइंदे आज तक नहीं समझे। नेहरू व पटेल ने अम्बेडकर को पत्र लिखकर नाराजगी व्यक्त की थी। आंबेडकर द्वारा स्पष्टीकरण का सिलसिला चलता रहा।


आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों औऱ सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। कांग्रेस एक जलता हुआ मकान है। उन्हें कोई ताज्जुब नहीं कुछ वर्षों में नष्ट होने के कगार पर पहुंच जाए। डॉ. आंबेडकर ने कहा पिछड़े वर्ग व दलित वर्ग मिलकर देश की बहुसंख्यक आबादी होते हैं। वे मिल जाएं तो इस देश पर राज कर सकते हैं। भारत का मेहनतकश समाज देश के विकास में सहयोगी है। आजादी के अमृत काल तक कितना बदलाव आया है। यह आज भी सवाल है। आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों औऱ सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। हालांकि कांग्रेस आज बदलाव के मार्ग पर है। वह जाति जनगणना की पक्षधर है। पिछड़े दलितों की भागीदारी पर भी चिंतित है। राहुल गांधी के बयानों में जब तब दिखता है। आंबेडकर के बाद बहुजन समाज पार्टी उभरी भी उत्तर प्रदेश के सत्ता तक पहुंची। आज स्थिति सोचनीय है समाजवादी पार्टी भी सत्ता का स्वाद चख चुकी है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल है लेकिन कुछ निर्णय ऐसे हुए दलित समाज नाराज हुआ लेकिन आज समाजवादी पार्टी के प्रमुख भी समझे हैं, आंबेडकर व लोहिया की विचारधारा स्थापित करना चाहते हैं। सबको समुचित भागीदारी की बात भी कर रहे हैं। चुनाव की बेला में आंबेडकर का बयान 25 अप्रैल 1948 वाला आज भी बहुजनों में एकता के लिए प्रसांगिक है।

# बढ़ती आर्थिक असमानता

इन दिनों देश में बढ़ रही गैर बराबरी की चर्चा जोरों पर है, हाल ही में वर्ल्ड इनेक्वलिटी लैब ने जो आंकड़े पेश किए वो बेहद चौकाने वाले है, इनसे पता चलता है कि मात्र एक फीसदी लोगों के पास देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2022-23 के मध्य आय में असमानता सबसे तेजी से बढ़ी है। देश में अरबपतियों की संख्या निरंतर बढ़ रही हे नए आंकड़ों के अनुसार यह संख्या अब 259 हो गई है। यह रफ्तार कई अन्य देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा है लेकिन वहीं दूसरी ओर 72 करोड़ से ज्यादा लोग मात्र 6000 रूपये मासिक आय पर अपना गुजारा करने को मजबूर हैं। आमदनी की असमानताओं में सिर्फ साउथ अफ्रीका और ब्राजील ही आगे हैं, यह भी बताना जरूरी है कि 1991 में जब वैश्विक उदारीकरण शुरू हुआ इस समय केवल एक भारतीय 1 अरब डालर से ज्यादा संपत्ति का मालिक था, किंतु पिछले चंद वर्षो में भारत में असमानता ब्रिटिश राज के समय से भी ज्यादा हो गई है। 2014 से 2023 के मध्य जहा आम आदमी की औसत आय 27.8 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं चंद पूंजीपतियों की आय में 280 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, यह असीमित बढ़ोतरी ही अमीर गरीब की असमानता का मुख्य कारण है। गैर बराबरी तीन तरह की बताई जाती है, एक खपत में, दूसरी आय में और तीसरी वेल्थ में। इस आसमान पूंजी के बंटवारे को केवल क्रोनी केपिटालिज्म का विकास ही कहा जा सकता है, देश का चहुंमुखी विकास तो कतई नहीं। चहुंमुखी विकास के लिए और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे महिलाओं की सीमित भागीदारी को बढ़ाना ही होगा। 85 प्रतिशत तक छोटे मझौले किसानों की आय को बढ़ाने की जरूरत होगी, माइक्रो सेक्टर की आमदनी बढ़ानी होगी, शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना होगा ताकि लेबर प्रोडक्टिव हो सके, कर्मचारियों की रियल सेलरी में बढ़ोतरी की जरूरत होगी। क्योंकि जो ग्रोथ हो रही है उसका लाभ सिर्फ उद्योग जगत तक सीमित है और यही कारण आर्थिक असमानताएं बढ़ रही है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को ध्यान में रख कर आर्थिक नीतियों में बड़े परिवर्तन की जरूरत होगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली




# मोदी-शाह का विजय रथ

- सूरत लोकसभा सीट निर्विरोध जीतकर वोट पड़ने से पहले पार्टी खोल चुकी है क्लीन स्वीप हैट्रिक का खाता

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** गुजरात में भाजपा की पंरपरागत प्रतिद्वंदी कांग्रेस ही है। आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में असर जरूर छोड़ा था, लेकिन लोकसभा चुनाव में उसकी उपस्थिति चुनौती देने वाली नहीं है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि लोकसभा चुनाव में उतरने से पहले ही उसके तमाम नेता पार्टी छोड़ गए हैं। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार चुनाव दर चुनाव बढ़ रहा है, इसके मुकाबले कांग्रेस पूरा जोर लगाने के बाद भी बमुश्किल अपना जनाधार बचाने में ही कामयाब हो पा रही है।

### भाजपा का वोट लगातार बढ़ता रहा

- भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59.05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62.21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट प्रतिशत स्थिर ही रहा। 2014 में पार्टी को 32.86 प्रतिशत वोट मिले थे। 2019 में भी कांग्रेस 32.11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। इस आंकड़े से साफ है कि 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी। अब ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस के वोट घटे बिना, भाजपा के वोट बढ़े कैसे। इसका जवाब अन्य को मिलने वाले वोटों से मिलता है।
- अन्य को 2014 में मिले 8% से कुछ अधिक वोट मुकाबले 2019 में महज 6% वोट ही मिल सका। यही दो फीसदी से ज्यादा वोट भाजपा के खाते में चला गया। हालांकि वोटों के इस खेल यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43.38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोटों के साथ 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45.02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43.86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

**32.86** फीसद मत कांग्रेस को 2014 में मिले थे

**32.11** फीसद मत कांग्रेस को 2019 मिले थे



2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल कर चुकी है जीत

### राजकोट भाजपा का मजबूत गढ़, क्षत्रिय विवाद के बाद सेंध लगाने की कोशिश में कांग्रेस

- क्षत्रिय समाज में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के बयान को लेकर उपजे विरोध और आंदोलन के बाद राजकोट की सीट पर दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने रूपाला की उम्मीदवारी को जहां वापस नहीं लिया है, वहीं कांग्रेस ने बड़ा दांव खेलते हुए परेश धानाणी को राजकोट में उतार दिया है। अब यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अमरेली के ही रहने वाले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी धानाणी गुजरात में नेता विपक्ष रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2002 के विधानसभा चुनावों में रूपाला को शिकस्त दी थी। ऐसे में धानाणी के मैदान में उतरने के बाद सभी की नजरें इस बात पर लगी हैं कि क्या धानाणी 2002 वाला परिणाम दोहराने में सफल हो पाएंगे या फिर रूपाला 22 साल पुरानी हार का बदला उनसे राजकोट के रण में लेंगे। तीन बार के राज्यसभा सदस्य रुपाला पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

### कांग्रेस और आप पर विधानसभा चुनाव के वोट शेयर से आगे निकलने का दबाव

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम करती रहती है, इसके लिए पार्टी चुनाव का इंतजार नहीं करती है। इसी के चलते कांग्रेस उसका मुकाबला करने की ताकत खोती जा रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने इस बार आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1.17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52.50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों का वोट शेयर 40.2 प्रतिशत ही था। कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि उनका गठबंधन लोकसभा चुनाव में इसी आधार पर 40 से 45 फीसदी मत प्राप्त करने की तैयारी कर रहा है। ऐसा होने पर आधी लोकसभा सीटों पर भाजपा को हाथ मलना पड़ सकता है। भाजपा ने भी ताकत लगा दिया है। प्रधानमंत्री कई रैली कर चुके हैं।

### 14 सांसदों के टिकट काटने के बाद भाजपा के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं

- भाजपा ने इस बार गुजरात में अपने 14 मौजूदा सांसदों के टिकट काटे थे। उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मिलाकर सिर्फ 12 सांसद ही दोबारा मैदान में हैं। पार्टी ने इस बार सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है। 2019 में गुजरात से छह महिलाएं लोकसभा पहुंची थीं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि आधे से ज्यादा सांसदों के टिकट काटने के बाद भी पार्टी के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं है। मतदाताओं का मोदी और शाह पर भरोसा अटूट है तो भाजपा गुजरात गौरव का प्रतीक है।
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ मिली दो सीटों पर भरूच और भावनगर में आम आदमी पार्टी ने अपने मौजूदा विधायकों क्रमश: चैतर वसावा और उमेश मकवाणा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस और आप दोनों की कोशिश उन मतदाताओं तक पहुंचने की है, जो भाजपा का विकल्प तलाश रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस आप गठबंधन आदिवासी वोटों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। राज्य के आदिवासी बहुल इलाके परंपरागत रूप से कांग्रेस के समर्थन में रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सबसे बड़ी परेशानी चुनाव से पहले राज्य के नेताओं का भाजपा में शामिल होना है। इससे पार्टी की छवि पर गलत संदेश गया है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल हो गया है। दरअसल, गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी पार्टी से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सबसे ताजा मामला सूरत के कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी का है, जिसका पर्चा रद होने से इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता खुला। अब खबर है कि नीलेश कुंभाणी भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

**1996** में अटल बिहारी वाजपेयी भी गांधी नगर से चुने गए थे सांसद

### गांधी नगर में अमित शाह के लिए कांग्रेस की सोनल पटेल चुनौती नहीं

- 2019 के लोकसभा चुनाव में हाई प्रोफाइल गांधी नगर सीट से गृह मंत्री अमित शाह को 8 लाख 94 हजार 624 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीजे चावड़ा तीन लाख 37 हजार 610 मत ही प्राप्त कर सके थे। इस तरह अमित शाह ने साढ़े पांच लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। 2014 में गांधी नगर सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 7,73,539 वोट (68.04%) और कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वरभाई पटेल को 2,90,418 (25.55%) वोट मिले थे। तब आडवाणी ने 4 लाख 80 से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। आडवाणी ने आधा दर्जन बार गांधी नगर सीट का संसद में प्रतिनिधित्व किया था। एक बार 1996 में यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भी जीत हासिल की थी। गांधी नगर में इस बार अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। सोनल गुजरात महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकी हैं। लेकिन जानकारों का मानना है कि वह अमित शाह के लिए बड़ी चुनौती नहीं पेश कर पाएंगी।

# सपा ने गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिछाई बिसात

## 58 उम्मीदवारों में 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से

चुनाव डेस्क

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ प्रदेश में 62 सीटों पर प्रत्याशी उतारने में फोकस तो पीडीए पर रखा है, लेकिन पुराने मुस्लिम और यादव की छाप वाले दाग को धोने की कोशिश की भी है। पार्टी ने जहां कई मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर ध्रुवीकरण की आशंका से बचन के लिए मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, वहीं बड़ी सावधानी के साथ भाजपा के पिछड़ा वर्ग वोट बैंक में संेध लगाने के लिए गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिसात भी बिछाई है। प्रदेश में सपा ने 17 सीटें कांग्रेस तो एक टीएमसी के लिए छोड़ी है।

प्रदेश में सपा ने अब तक जिन 58 उम्मीदवारों की घोषणा की है। उनमें से 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों से हैं। हालांकि इनमें से अधिकतर कभी न कभी बसपा के दिग्गज नेताओं में गिने जाते थे। इनमें सबसे बड़ा चेहरा बाबू सिंह कुशवाहा का है। सपा ने इन्हें जौनपुर लोकसभा सीट से उतारा है। बाबू सिंह कुशवाहा प्रदेश में मायावती की सरकार में दिग्गज कैबिनेट मंत्री थे। ओबीसी समुदाय से आने वाले कुशवाहा बसपा से निकाले जाने पर भाजपा में शामिल हो गए लेकिन उन्हें वहां भी पार्टी से निकाल दिया गया। 2016 में उन्होंने जन अधिकार पार्टी बनाई थी। अब वह सपा के साथ गठबंधन में साइकिल चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस कड़ी में दूसरा बड़ा नाम लाल जी वर्मा का है, जिन्हें सपा ने अंबेडकर नगर से टिकट दिया है। वह भी बसपा के बड़े नेताओं में गिने जाते थे लेकिन 2021 में पार्टी से निष्कासित कर दिए गए थे। कुर्मी ओबीसी समुदाय से आने वाले लालजी वर्मा इसके बाद सपा में शामिल हो गए थे। 2022 में वह कटेहरी विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। इसी तरह आरके चौधरी सपा के टिकट पर मोहनलालगंज से चुनाव मैदान में हैं। वह बसपा के संस्थापकों में रहे हैं और कांशीराम के विश्वासपात्र थे। 1993 से 1995 तक वह मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सपा-बसपा सरकार में मंत्री थे। पासी समुदाय से आने वाले चौधरी ने 2001 में बसपा छोड़कर राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी बनाई थी। 2014 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़ा लेकिन भाजपा के कौशल किशोर से हार गए थे। इसके बाद आरके चौधरी सपा में शामिल हो गए थे।

कुर्मी समुदाय से आने वाले राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह यहां से मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा ने बसपा उम्मीदवार के रूप में यह सीट जीती थी। बसपा के ही नेता राजा राम पाल अकबरपुर से चुनाव मैदान में हैं। राजा राम 2004 में बिहौर से बसपा सांसद चुने गए लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। पाल (ओबीसी) समुदाय से आने वाले राजा राम ने 2009 का लोकसभा चुनाव अकबरपुर से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीता था। लेकिन 2014 और 2019 में हारने के बाद सपा में शामिल हो गए थे। कप्तानगंज से पांच बार के विधायक राम प्रसाद चौधरी बस्ती से चुनाव मैदान में हैं। वह कुर्मी समुदाय से हैं और 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर हार गए थे। कुर्मी समाज के ही राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह भी मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा बसपा के टिकट पर जीते थे। नीरज मौर्य सपा के टिकट पर नीरज आंवला लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। वह जलालाबाद से दो बार के विधायक रह चुके हैं। बसपा और भाजपा में होते हुए सपा में आए हैं। शंकर राजभर सपा से सलेमपुर में चुनाव लड़ रहे हैं। 2009 में बसपा से सांसद चुने गए थे।





जीतेंगे बाजी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड संसदीय सीट पर रोड शो किया और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं अपने भाई राहुल गांधी के लिए वोट मांगा।

# बैतूल में मोदी और मंदिर के भरोसे भाजपा प्रत्याशी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की अदिवासी बाहुल्य बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के चलते दोबारा पर्चे भरे गए। अब मतदान तीसरे चरण में 7 मई को होगा। बसपा से अब इस सीट पर अर्जुन अशोक भलावी चुनाव लड़ रहे हैं।

बैतूल सीट पर कांग्रेस ने अपने जनजातीय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम टेकाम को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने मौजूदा सांसद दुर्गादास उइके को दोबारा मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच है। बैतूल लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ गिनी जाती है। यहां 1996 से भाजपा कमल खिला रही है। कांग्रेस आखिरी बार 1991 में चुनाव जीती थी। तब कांग्रेस के असलम शेर खान ने भाजपा के आरिफ बेग को 23 हजार वोटों से चुनाव हराया था। इसके बाद से बैतूल में कांग्रेस लगातार हार रही है। बैतूल में आदिवासी समुदाय के बाद सर्वाधिक मतदाता ब्राह्मण समाज के हैं। इसके बाद गूर्जर और राजपूत मतदाता हैं।

**मुरैना-श्योरपुर संसदीय सीट** | चुनाव दर चुनाव गाढ़ा होता गया भाजपा का भगवा रंग

# मुरैना के रण में त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की मुरैना-श्योपुर संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी का वह अभेद्य किला है जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस ने तो खूब की लेकिन ढहा नहीं सके। स्थिति यह है कि 1996 से लगातार भाजपा का उम्मीदवार यहां जीत रहा है। चुनाव दर चुनाव भगवा रंग गाढ़ा हो रहा है यह कहना गलत नहीं होगा। इस बार भी कांग्रेस और बसपा ने उम्मीदवार उतारे हैं। मुख्य मुकाबले में हर बार कांग्रेस ही रही। इस बार बसपा यहां लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में जुटी है। उसे कितनी कामयाबी मिलेगी यह वक्त ही बताएगा।

इस बार के चुनाव में भाजपा ने शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने सत्यपाल सिंह सिकरवार को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने रमेश चंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। 2009 और 2019 में इस सीट से जीते नरेंद्र सिंह तोमर इस बार चुनावी समर में नहीं हैं। तोमर को पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था और वे जीते भी। मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने इस बार शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट देकर उनकी ही पसंद को तरजीह दी है। शिवमंगल सिंह दिमनी से भाजपा के विधायक रह चुके हैं तो उनका मुकाबला कभी उन्हीं की पार्टी से विधायक रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार से है। भाजपा ने उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद वे कांग्रेस में चले गए थे। जातीय समीकरण पर नजर डालें तो यहां जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत, और यादव मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। राजपूत, गुर्जर और ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में होते हैं।

**कांग्रेस के बागी हैं बसपा उम्मीदवार:** बसपा से चुनावी समर में उतरे रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से बगावत कर बसपा में आए हैं। पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। वह भाजपा में भी रह चुके हैं। उनका ऑयल का बड़ा कारोबार है।

**लगातार चार बार जीते भाजपा के अशोक अर्गल:** भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। पार्टी नेता अशोक अर्गल 1996, 1998, 1999 और 2004 में जीते। 2009 में वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सांसद बने। 2014 में पार्टी ने अनूप मिश्रा को मैदान में उतारा तो वे भी जीते। 2019 में पुनः नरेंद्र सिंह तोमर समर में आए और उन्हें जीत मिली। अब देखना यह है कि शिव मंगल सिंह इस जीत को बरकरार रख पाते हैं या नहीं।




### आठ में से पांच विस सीटों पर कांग्रेस काबिज

- संसदीय क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटें आती हैं। आठ में से पांच पर कांग्रेस तो तीन पर भाजपा का कब्जा है। विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत पर गौर करें तो इस बार के चुनाव में उसका पड़ला भरी है। लेकिन लोकसभा चुनावों के अब तक के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा के साथ मतदाता यह मजबूती से खड़े रहे हैं। भाजपा नेता यह मानते हैं कि विधानसभा में मतदाता भले ही उनके साथ नहीं थे लेकिन लोकसभा में वे उनके ही उम्मीदवार को जीत दिलाएंगे।

### एक बार ही विधानसभा पहुंचे तोमर

- भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने अब तक तीन बार विधानसभा का चुनाव लड़ा पर जीत उन्हें एक ही बार मिली। 2008 में पहली बार वे बसपा के रविंद्र सिंह तोमर से मात्र 256 वोट से जीते थे। 2013 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में भी वे मैदान में उतरे पर कांग्रेस के गिर्राज डण्डोतिया से हार गए थे। बावजूद इसके पार्टी ने उन पर लोकसभा चुनाव में भरोसा जताया है।

इलेक्शन बायस्कोप




चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली छात्र भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। कहीं चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से तो कहीं नुक्कड़ नाटक से ये युवा नागरिकों को मताधिकार के प्रति प्रेरित करते नजर आते हैं। इसी क्रम में राजेंद्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली बनाती छात्राएं। अमृत विचार

## अमित शाह ने किया प्रधानमंत्री के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचार, वाराणसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यहां 'प्रधान सेवक' नरेन्द्र मोदी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करना उनके लिए सम्मान की बात है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा ताकि हम 400 पार करने के लक्ष्य को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा, हमें नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास का संदेश हर घर तक पहुंचाना है। उनके विकसित भारत के वादे का भी प्रचार करना है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की विरासत को संवारने के साथ-साथ विश्वस्तरीय विकास किया है।

# तीन भूमिकाओं में योगी का गजब संतुलन

## मुख्यमंत्री ही नहीं, भाजपा नेता और गोरक्षपीठाधीश्वर की भी निभा रहे भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने 25 दिनों में 67 से अधिक चुनावी कार्यक्रमों के बीच गोरक्षपीठ से जुड़ी परंपराएं भी निभायीं
- अब तक महाराष्ट्र, जम्मू, उत्तराखंड राजस्थान, बिहार व छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रचार कर चुके हैं योगी
- मुख्यमंत्री के रूप में ईद और चुनाव में सुरक्षा को लेकर भी संभाली कमान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के स्टार प्रचारकों की राष्ट्रीय सूची में शामिल योगी आदित्यनाथ इन दिनों अपनी तीन भूमिकाओं में गजब का संतुलन बनाकर चल रहे हैं। वह एक भाजपा नेता के रूप में देशभर का दौरा कर भाजपा उम्मीदवारों का प्रचार तो कर ही रहे हैं, इस बीच मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर की भी भूमिका निभा रहे हैं।

योगी ने चुनावी कार्यक्रमों के बीच बीते दिनों नवरात्र के अंतिम दिन गोरक्षपीठ की परंपरा निभाने गोरखपुर पहुंचे थे। यहां योगी ने पीठ की परंपरा के अनुरूप हवन कर आराधना की और इसके बाद नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उनके पांव पखारे। उन्हें अपने हाथ से भोजन कराया। इसके बाद दक्षिणा व उपहार देकर उनकी विदाई की।इससे पहले मुख्यमंत्री के रूप में भी उन्होंने ईद, रामनवमी, अंबेडकर जयंती और चैत्र नवरात्र को देखते हुए राज्य में सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को दिए निर्देशों में उन्होंने हिदायत दी थी कि फील्ड में तैनात सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ व अन्य आयोजन निर्धारित स्थान पर ही हों। किसी भी दशा में सड़क व यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। सभी पर्व शांति व सौहार्द के साथ संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय आवश्यकताओं को लेकर सभी प्रबंध सुनिश्चित कराए जाएं। कही पर भी कोई अप्रिय घटना न हो।बहरहाल, भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में 25 दिन में योगी आदित्यनाथ ने 67 से अधिक रैलियां, रोड शो, प्रबुद्ध सम्मेलन कर जनसंवाद किया है।



इस दौरान उत्तर प्रदेश के कई लोकसभा सीट के प्रचार के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी मंच साझा किया है। इतना ही नहीं वह लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब तक महाराष्ट्र, जम्मू, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार व छत्तीसगढ़ में भी रैली कर चुके हैं। इनमें से छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, महाराष्ट्र के वर्धा, राजस्थान के जोधपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ व बाड़मेर सीटों पर 26 अप्रैल को चुनाव होगा।

## चुनाव में जीत के लिए युवाओं को साधने में जुटी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रदेश कांग्रेस युवा वोटरों को साधने में जुट गई है। पार्टी की ओर से 25 अप्रैल से विश्वविद्यालयों में छात्र पंचायतों का आयोजन शुरू होगा, जिसमें कांग्रेस अपने घोषणा पत्र 'पंच न्याय' के तहत युवा न्याय को युवाओं-छात्राओं के सामने पेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य जोन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान ने की, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अजय रावत मौजूद रहे। बैठक में युवा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव में प्रदेश के युवाओं को कांग्रेस के पक्ष में करने पर रणनीति तैयार की गई। छात्रों को न्याय दिलाने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख एनएसयूआई मध्य जोन के उपाध्यक्ष आकाश अवस्थी, प्रदेश महासचिव अंशुल यादव, राशि साहू, आर्यन मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा प्रभारी लखनऊ विश्वविद्यालय, दिव्यांश शुक्ला, शहर अध्यक्ष लखनऊ प्रिंस प्रकाश, लोरिक यादव आदि शामिल हुए।

## भाजपा से साक्षी महाराज व सपा से ऊषा वर्मा समेत 53 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ।** प्रदेश में चैथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए बुधवार को 53 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें भाजपा के साक्षी महाराज व सपा से ऊषा वर्मा समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक 133 नामांकन हो चुके हैं। ददरौल विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए तीन नामांकन हुए।

प्रत्याशी 25 अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकरी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में छह, खीरी में एक, धौरहरा में तीन, सीतापुर में चार, हरदोई में छह, मिश्रिख में तीन, उन्नाव में दो, फर्रूखाबाद में छह, इटावा में पांच, कन्नौज में 10, कानपुर में एक, अकबरपुर में एक, बहराइच में पांच प्रत्याशी ने नामांकन किया। शाहजहांपुर (अजा) सीट के लिए सपा से ज्योत्सना गौड़, बसपा से दोद राम वर्मा, धौरहरा सीट के लिए पीस पार्टी से कासिम अली, सीतापुर सीट के लिए कांग्रेस से राकेश कुमार, अपना दल (कमेरावादी) से मोहम्मद काशिफ व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से लेखराज ने नामांकन किया। हरदोई (अजा) सीट के लिए सपा से ऊषा वर्मा, बसपा से भीमराव अम्बेडकर, मिश्रिख (अजा) के लिए बसपा से बीआर अहिरवार व उन्नाव सीट के लिए भाजपा से स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी ने नामांकन पत्र भरा। फर्रूखाबाद सीट के बसपा से क्रांति पांडेय व सपा से नवल किशोर ने नामांकन किया। इटावा (अजा) सीट के लिए बसपा से सारिका सिंह व बहराइच सीट के लिए बसपा से बिरजेश कुमार ने नामांकन पत्र भरा। ददरौल विधानसभा सीट के लिए बसपा से सर्वेश चन्द्र मिश्रा ने नामांकन किया।

# दलीय प्रतिष्ठा से जुड़ी है मोहनलालगंज सीट

### केंद्रीय मंत्री हैं मौजूदा सांसद कौशल किशोर लगातार तीसरी जीत के लिए लगा रहे जोर

### इंडी गठबंधन ने आरके चौधरी तो बसपा ने राजेश उर्फ मनोज प्रधान पर लगाया है दांव

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की सियासत में राजधानी लखनऊ से लगी मोहनलालगंज संसदीय सीट सभी दलों के लिए प्रतिष्ठा से जुड़ी सीट मानी जाती है। यहां के सांसद कौशल किशोर केंद्रीय मंत्री हैं यह सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीटों में से एक सीट है। यह सीट राजधानी लखनऊ और उन्नाव जिले के बीच पड़ती है, एक समय में इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा हुआ करता था, लेकिन बाद में भारतीय जनता पार्टी ने यहां मजबूत पकड़ बना ली और अभी उसी का कब्जा है। संसदीय क्षेत्र मोहनलाल गंज में लगातार तीसरी बार सत्तापक्ष को विपक्ष टक्कर देता रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली इस बार भी बड़े उलटफेर के लिए विपक्ष अपनी ताकत झोके हुए है। मोहनलालगंज लोकसभा सीट के तहत बख्शी का तालाब, मलीहाबाद, सरोजिनी नगर, मोहनलालगंज और सिधौली 5 विधानसभा सीटें आती हैं, 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने बाजी मारी है। 2019 के आम चुनाव में मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर भाजपा ने एक बार फिर से कौशल किशोर पर ही भरोसा जताया था, यूपी में लोकसभा चुनाव से पहले बसपा और सपा के बीच चुनावी गठबंधन हो गया और यहां से बसपा ने अपने उम्मीदवार सीएल वर्मा को सांसद कौशल किशोर के सामने उतारा था।

चुनावी मुकाबला कांटेदार रहा था और कौशल किशोर को 6,29,999 वोट मिले जबकि सीएल वर्मा को 5,39,765 वोट मिले, कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे आर के चौधरी को 60,069 वोट ही मिले, कौशल किशोर को 90,234 मतों के अंतर से जीत मिली। इससे पहले 2014 के चुनाव में मोदी लहर के बीच यह सीट भी बीजेपी के खाते में आ गई।

मोहनलालगंज संसदीय सीट पर ज्यादातर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। मोहनलालगंज सीट साल 1962 के लोकसभा चुनाव से पहले अस्तित्व में आई, तब यहां पर हुए चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद चुनी गईं।




कौशल किशोर


आरके चौधरी


राजेश उर्फ मनोज प्रधान


### भाजपा की जुगलबंदी रंग लाई

2014 में नरेंद्र मोदी के चेहरे के जरिए भाजपा जहां माहौल बनाने में जुटी थी, वहीं अमित शाह दूसरे दलों के जमीनी असर रखने वाले चेहरों को अपने पाले करने में लगे थे। इसी कड़ी में भगवा सियासत को कम्युनिस्टी कौशल किशोर भा गए। कम्युनिस्ट पार्टी में सियासत कर चुके कौशल और भाजपा की जुगलबंदी रंग लाई और 18 साल बाद मोहनलालगंज में फिर कमल खिल गया। 2012 में यहां की पांचों विधानसभा सीटें हारने वाली भाजपा ने 2017 में मलिहाबाद, बीकेटी व सरोजनीनगर पर भी कब्जा जमा लिया। वोटों के विभाजन की यह गणित विपक्ष को समझ में आई और 2019 में बंटवारा रोकने के लिए सपा-बसपा एक हो गए। संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर सीएल वर्मा ने कौशल किशोर के सामने ताल ठोंकी लेकिन मोहनलालगंज का मन नहीं बदल सके।

### बसपा सरकार में चार बार रहे मंत्री

मोहनलालगंज सीट पर लगातार तीसरी बार चुनाव मैदान में उतर रहे कौशल किशोर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। जनता के बीच 24 घंटे उपलब्धता, मोदी लहर और पिछले दो चुनाव के आंकड़े गिनाते हुए वह दावा कर रहे हैं कि इस बार उन्हें पिछले चुनाव से ज्यादा वोट मिलेंगे और जीत का अंतर भी बड़ा होगा। वहीं इंडी गंठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने मोहनलालगंज सीट से आर के चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। इनका नाम यूपी की राजनीति के बड़े नेताओं में शुमार है। बसपा सरकार में वो चार बार मंत्री रह चुके हैं। बता दें कि फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से की थी। वह इसके संस्थापक सदस्य भी थे। इसके साथ ही वो कांशीराम के बेहद करीबी भी रहे हैं। बसपा ने निगोहां निवासी राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को लोकसभा चुनाव में उतारा है। राजेश क्षेत्र में काफी दिनों से सक्रिय हैं।

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| कौशल किशोर | 6,29,999 |
| सीएल वर्मा | 5,39,795 |
| आरके चौधरी | 60,069 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कौशल किशोर | 4,55,274 |
| बसपा | आरके चौधरी | 3,09,858 |
| सपा | सुशीला सरोज | 2,42,366 |
| कांग्रेस | नरेंद्र गौतम | 52,598 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962,67, व 71 | गंगा देवी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | राम लाल कुरील | जनता पार्टी |
| 1980 | कैलाश पति | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | जगन्नाथ प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | सरजू प्रसाद सरोज | जनता दल |
| 1991 | छोटेलाल | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | पूर्णिमा वर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998, 99 | रीना चौधरी | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | जय प्रकाश रावत, | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | सुशीला सरोज, | समाजवादी पार्टी |

**2014 नोटा**
**4,708**


**2019 नोटा**
**10,795**

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | सुशीला सरोज | 2,56,367 |
| बसपा | जय प्रकाश | 1,79,772 |
| आरएसबीपी | आरके चौधरी | 1,44,341 |
| भाजपा | रंजन कुमार चौधरी | 82,435 |

**2024**

**कुल मतदाता - 20,023,431**
**पुरुष - 9,40,429**
**महिला - 10,82,912**
**अन्य - 90**




### अपनी ढपली अपना राग


भाजपा ने व्यापारियों को 16 लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं। अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो उस पैसे को फिर से जनता के बीच बांटेंगे। – राहुल गांधी


चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ हर दिन शाम को आंधी आएगी। जो पश्चिम से हवा चली है, वह भाजपा का सफाया करेगी। – अखिलेश यादव


सपा की नीतियों की वजह से जनता ने उसे नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से साफ हो चुकी है भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीत रही है। –ब्रजेश पाठक


इस बार कांग्रेस 40 सांसद भी नहीं जीत पाएगी। देश में मोदी लहर चल रही है। भाजपा को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। –केशव प्रसाद मौर्य


इस दौर में इंडी गठबंधन ही एकमात्र विकल्प है जो देश में लोकतंत्र को पुन: स्थापित कर जनहित के कार्य करेगा। –आराधना मिश्रा

# अयोध्या-काशी खोले द्वार, तभी होगा चार सौ पार

### सियासी फतह के लिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का आजमाया जा रहा दांव

### काशी-तमिल संगमम के जरिए भाजपा ने मथी दक्षिण की सियासत

### चुनाव में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से बढ़त की उम्मीद

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** इस बार सत्ता संग्राम में दक्षिण राज्यों की भूमिका अहम है। खासतौर से दक्षिण के पांच राज्य आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना। भाजपा काशी और अयोध्या के जरिए पिछले लगभग दो साल से इन राज्यों में अपनी पैठ बनाने की जुगत में रही। सियासत को मथने की कोशिश की। सियासत की पृष्ठभूमि में सांस्कृतिक जुड़ाव से लक्ष्य साधने व काशी तमिल संगमम और राम दर्शन यात्रा से इसे परवान चढ़ाने की कोशिश। सियासी गलियारे में अब जुमला सुनने को मिल रहा है कि काशी-अयोध्या खोले द्वार तभी होगा मिशन चार सौ पार।

दक्षिण के इन राज्यों पर भाजपा की निगाह पिछले एक दशक से है। साल 2014 से 2019 तक के लोकसभा चुनाव में जब उत्तर और पूर्व के राज्यों में भाजपा की आंधी चल रही थी। तब भी दक्षिण के कर्नाटक को छोड़ अन्य राज्यों में हवा भी नहीं दिखी। भाजपा ने इस लोकसभा चुनाव के लिए मिशन-400 पार रखा है, लेकिन यह बगैर दक्षिण के राज्यों की सीटे मिलने से सफल होने में संदेह है। उत्तर की कमी को भी दक्षिण से पूरा करने का लक्ष्य है। भाजपा ने मंथन किया। दक्षिण को फतह करने के लिए चरण बद्ध रणनीति बनाई। देश के सबसे दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से घुसने की कोशिश की। जहां से भगवान राम ने लंका पर चढ़ाई की थी। काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के जरिए दक्षिण के राज्यों को उत्तर से नए सिरे से सांस्कृतिक रूप से जोड़ने की कोशिश साल 2022 मे शुरू की। 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक तमिलनाडु से काशी के बीच यात्राएं, सेमीनार, गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वयं पीएम मोदी ने इसकी कमान संभाली। तमिलनाडु से अभियान के पीछे भी रणनीति थी। हालांकि तमिलनाडु में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुला था। बावजूद इसके काशी और तमिलनाडु को जोड़ना आसान था। काशी के आराध्य भगवान शिव ने ऋषि अगस्त्य की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर उनको एक गूढ़भाषा तमिल की शिक्षा दी थी। ऋषि अगस्त्य ने इसे व्याकरण बद्ध करके एक भाषा का रूप दिया था। यह इसकी पृष्ठभूमि में था। इसे प्रचारित किया गया। दूसरा भगवान श्री राम ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम (रामेश्वरम) से लंका विजय का अभियान शुरू किया था। तीसरा दक्षिण के इन पांच राज्यों में से तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 39 सीटें हैं। तमिलनाडु से आने वाले विद्वानों, कलाकारों सहित अन्य विशेषज्ञों को काशी के साथ अयोध्या का भ्रमण कराकर सांस्कृतिक मजबूती के बहाने पैठ बनाई। इस सांस्कृतिक जुड़ाव की पृष्ठभूमि में सियासत थी। उसे परवान चढ़ाने की कोशिश की गई। यह क्रम साल 2023 में भी चला। दोबारा कार्यक्रम 17 से 30 दिसंबर तक चलाया गया। इसके समाप्त होते होते अयोध्या का राम मंदिर शीर्ष पर आ गया। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिए देश को राम मय बनाने की कोशिश की। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व पीएम मोदी ने अनुष्ठान शुरू किया। दक्षिण के राज्यों में श्री राम से जुड़े तीर्थस्थलों की यात्राएं की। प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी आते-आते उत्तर से दक्षिण तक को एक करने की प्रयास हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम दर्शन यात्रा शुरू की गई। ट्रेनों से यहां के लोगों को दर्शन कराया गया। इसमें भी ज्यादा फोकस पूर्व और दक्षिण के अन्य राज्यों पर रहा। अब सांस्कृतिक जागरण के जरिए सियासत को साधने के परिणाम का समय नजदीक है।

इस लोकसभा चुनाव में अयोध्या और काशी को लेकर की गई कसरत का परिणाम पर निगाह है। इस चुनाव में भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और राम मंदिर मुद्दे की परीक्षा भी दक्षिण के राज्यों में होगी। मुद्दे की धार तेज हुई तो भाजपा का मिशन कामयाब होगा। अन्यथा यह भी एक सियासी जुमला बनकर रह जाएगा।



### 2019 के चुनाव में दक्षिण के राज्यों में भाजपा की स्थिति

| राज्य | कुल सीटें | मिली सीटें |
|---|---|---|
| कर्नाटक | 28 | 25 |
| आंध्र प्रदेश | 25 | 00 |
| केरल | 20 | 00 |
| तेलंगाना | 17 | 04 |
| तमिलनाडु | 39 | 00 |
| कुल योग | 129 | 29 |

### जीत के लिए बदली रणनीति

उत्तर से दक्षिण की ओर रुख करने की जद्दोजहद में भाजपा ने कई सियासी कदम भी उठाए हैं। रिपोर्टें कहती हैं कि साल 2021 के विधानसभा चुनाव में एआईडीएमके के साथ गठबंधन करके चार सीटे जीतने वाली भाजपा ने अन्नामलाई को प्रदेश पार्टी का अध्यक्ष बनाया। पद यात्रा निकाली। पार्टी को कैडर बेस बनाने की कोशिश की। स्टालिन के खिलाफ मुखर आंदोलन शुरू किया। अंबुमणि राम दास की पीएमके, विजयकांत की पीएमडीके, ओ पन्नीरसेलवम की एआईएडीएमके (के गुट) जैसे कई छोटे दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव मैदान में है। ट्रिपल सी, कल्चर, नेशनलिज्म, करप्शन और क्रेडिबिल्टी के मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान फतह की रणनीति पर है।

## चुनावी चक्कर

- **जीजा जी की नजर सीट पर आपका क्या होगा साले साहब?:**

भाजपा से अमेठी की उम्मीदवार समृति ईरानी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर एक प्रतिक्रिया में कहा कि, जीजाजी (रॉबर्ट वाड्रा) की नज़र लोकसभा सीट पर है साले साहब (राहुल गांधी) क्या करेंगे? परिवार में ही टसन चल रही है। आगे उन्होंने कहा कि एक समय था जब बसों में यात्रा करने वाले लोग अपनी सीट पर रूमाल रखकर निशान बना लेते थे, ताकि कोई उस पर न बैठे। वहीं, राहुल गांधी भी रूमाल से अपनी सीट चिह्नित करने आएंगे, क्योंकि उनके बहनोई की नजर इस सीट पर है। स्मृति ने यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चाओं का संज्ञान लेते हुए दी। दरअसल, स्मृति ईरानी कभी 'सास भी कभी बहू थी' नामक टीवी धारावाहिक में प्रमुख किरदार निभा चुकी है। पारिवारिक रिश्तों पर आधारित इस सीरियल को कर चुकीं स्मृति को संभवत: पुराने किरदार याद आ ही जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे मथुरा प्रत्याशी हेमा मालिनी पिछले दिनों मीडिया को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अपनी शोले फिल्म के किरदारों का जिक्र किया था। हेमा ने विपक्ष की तुलना गब्बर सिंह और मोदी-शाह की तुलना जय-वीरू की जोड़ी से की थी।

# पश्चिम बंगाल से गल्फ देशों तक चेन्नई के रास्ते जाता है गोमांस

## गिरफ्तार आरोपी की कंपनी का टर्नओवर 20 से 22 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सी-फूड की सप्लाई के नाम पर गोमांस की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। इसी हफ्ते एसटीएफ ने गिरोह के सदस्य को पकड़ा है, जिसके पास लाइसेंस तो सी-फूड सप्लाई का है, लेकिन सप्लाई गोमांस कर रहा था। इस बार जो आरोपी पकड़ा गया है, उसका माल दक्षिण अफ्रीका और गल्फ कंट्रीज तक जाता है। एसटीएफ ने इस आरोपी को जालौन के झांसी-कानपुर हाईवे पर पकड़ा है। आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी घोषित था।

एएसपी दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक, 21 अप्रैल को जनकराज शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद बुधवार को मो. लईक को गिरफ्तार किया। मूल रूप से बिजनौर के स्योहारा के रहने वाले मो. लईक द्वारा 20 दिसंबर 2023 को टाटा कन्टेनर अरविया इंटर प्राइजेस नई दिल्ली से सी-फूड के नाम की बिल्टी बनवाकर, उसमें गोमांस लोड कराकर चेन्नई भेजा जा रहा था। जबकि उक्त माल अरीबा इन्टरप्राइजेज के चालान फार्म पर जगदीश कोल्ड स्टोरेज रामपुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया श्रीनगर नई दिल्ली से लोड होकर शामेन लाजिस्टिक लिमिटेड हैदराबाद तेलंगाना ले जाना अंकित था।

इस संबंध में जालौन में गोवध अधि. के अंतर्गत मुकदमा भी पंजीकृत हुआ था। लईक लगभग 13 वर्षों से मीट का व्यवसाय कर रहा है। एएसपी ने बताया कि स्लाटर हाउस से गोमांस लेकर प्रोसेसिंग (हड्डी अलग करना) कराकर उसकी पैकिंग कराकर कन्टेनर के माध्यम से पश्चिम बंगाल से फारबिसगंज, गोपालगंज, (बिहार) कुशीनगर, बस्ती, फैजाबाद, कानपुर देहात, कालपी के रास्ते चेन्नई भेजा जाता है। चेन्नई से गल्फ कन्ट्री एवं दक्षिण अफ्रीका में भेजा जाता है। हैदराबाद एवं दिल्ली से भी इसी तरफ मांस की खेप भेजी जाती है। मीट को चेन्नई से गल्फ कन्ट्री में भिजवाने का काम इसके भाई अतीक अहमद द्वारा किया जाता है।

### अल जुबैर फूड के नाम से है कम्पनी

एएसपी ने बताया कि 2019 से पूर्व इसके भाई अतीक अहमद का सहसपुर, जनपद बिजनौर में स्लाटर हाउस था। अल जुबैर फूड के नाम से इसकी कम्पनी है, जिसका आफिस अग्रवाल प्लाजा 2-फ्लोर, लारेन्स रोड, केशवपुरम में है। इस कम्पनी का सालाना टर्न ओवर लगभग 20-22 करोड़ है।

# भैंस ने बच्चे को रौंदकर मार डाला

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के लौकिहा गांव निवासी चार वर्षीय बालक के पेट में भैंस ने पैर रखकर मसल दिया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकिहा निवासी कंधई बुधवार शाम को भैंस को स्नान करवा रहे थे। जबकि पड़ोसी मनमोहन की पत्नी चार वर्षीय बेटे को लेकर तालाब के निकट मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान कंधई ने अपनी भैंस छोड़ दी। भैंस ने चार वर्षीय बेटे रितेश ने पेट में पैर रख कर रौंद डाला। पेट बालक का फट गया। कुछ ही देर में बालक की मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। सभी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि बालक की मौत भैंस के हमले में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतक के पिता मनमोहन का कहना है कि जान बूझकर भैंस को छोड़ दिया था। जिसके चलते भैंस ने बालक को रौंद दिया और उसकी मौत हो गई।

# आरक्षी को भारी पड़ा फेसबुक के जरिए प्यार, दर्ज हुई एक और रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

- सीओ ने कराई थी शादी, मेरठ में दर्ज हुआ था नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म का मामला

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर युवती से प्यार एक आरक्षी को भारी पड़ गया है। जनपद पहुंची युवती ने आरक्षी के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज कराई है। शारीरिक शोषण के बावजूद शादी न करने पर पहले मेरठ में नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद मामले को ठंडा करने के लिए वहां के सीओ ने दोनों की शादी करवा दी थी, लेकिन मामला कोर्ट मैरिज के चक्कर में फंसा हुआ है।

मेरठ जनपद के मेडिकल कालेज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित युवती का कहना है कि वर्ष 2018 में फेसबुक पर उसकी दोस्ती पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर तैनात हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर निवासी गौतम भारती से हुई थी। आरक्षी ने उसको शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन फिर शादी से आनाकानी करने लगा। ऐसा दूसरी जगह शादी करने के लिए किया। अगस्त 23 में उसने शिकायत डीजीपी और राज्य महिला आयोग से की तो जाँच सीओ सिविल लाइन अरविन्द चौरसिया को मिली, उन्होंने जल्द कोर्ट मैरिज की शर्त पर सितंबर में शादी करवा दी, लेकिन वह आनाकानी करता रहा तो इस वर्ष जनवरी में मेडिकल थाने में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म और धमकी की रिपोर्ट दर्ज हुई।

युवती का कहना है कि आरक्षी ने शादी का पंजीकरण कराने के लिए 12 मार्च को यहां बुलाया और सहादतगंज क्षेत्र स्थित अपने आवास पर रखा, लेकिन पंजीकरण कराने को लेकर आनाकानी करता रहा। दो मार्च को उसने अधिकारियों से शिकायत कर दी तो 4 मार्च की रात उसने गाली-गलौच करते हुए मारापीटा तथा जान से मार डालने की धमकी दी। अब कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस बाबत कैंट थाने के प्रभारी संजय मौर्य का कहना है कि आरक्षी गौतम भारती के खिलाफ गाली-गलौच और हमलाकर गंभीर रूप से घायल करने तथा धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### फर्जी पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ उत्पीड़ात्मक कार्रवाई पर रोक

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ नकली पासपोर्ट और शैक्षिक प्रमाण पत्र के मामले में अगली सुनवाई तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि ट्रायल के दौरान याची को अपने बचाव में भौतिक साक्ष्य और गवाहों को प्रस्तुत करने से वंचित किया जा रहा है और ट्रायल कोर्ट मुकदमे की सुनवाई में जल्दबाजी दिखा रहा है। इस पर कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव को मामले में विशिष्ट निर्देश प्राप्त करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। मामले के अनुसार रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को रामपुर के सिविल लाइन थाना में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत अब्दुल्लाह आजम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी द्वारा अनुचित आर्थिक लाभ, विदेश यात्राओं तथा शैक्षिक संस्थाओं की मान्यता के लिए कूटरचित पासपोर्ट का प्रयोग किया जा रहा है।

### कांग्रेस में चुनावी रैली-बैठकों का संचालन करेंगे नितिन



**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में कांग्रेस की चुनावी रैली व बैठकों का संचालन पार्टी नेता नितिन शर्मा करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने चुनाव के संचालन में सहयोग करने के लिए संचालन कमेटी का सदस्य नामित किया है। नितिन को प्रशासन से समन्वय बनाने, बैठकों-सभाओं के लिए अनुमति लेने, मीटिंगों का संचालन करने की जिम्मेदारी दी गई है। नितिन शर्मा ने वर्ष 1984 से राष्ट्रीय छात्र संगठन से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की। वह उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन के महासचिव, उप्र. युवा कांग्रेस के महासचिव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी. के सदस्य के रूप में संगठन में व्यापक स्तर से लगातार काम कर चुके हैं।

### बसपा ने आजमगढ़ के प्रत्याशी की सीट बदली

**लखनऊ, अमृत विचार :** देश में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने बुधवार को 7वीं सूची में आजमगढ़ सीट के प्रत्याशी की सीट बदलते हुए कुल तीन सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। साथ ही शाहजहांपुर में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में भी उम्मीदवार घोषित कर दिया है। माल एवेन्यू स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर आजमगढ़ की जगह अब सलेमपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा भदोही सीट पर इरफान अहमद (बबलू) और हमीरपुर सीट से निर्दोष कुमार दीक्षित को उम्मीदवार घोषित किया गया है। शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव में सर्वेश चन्द्र मिश्रा (धांधू) को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद ददरौल सीट रिक्त हो गई थी, जिस पर विधानसभा उप चुनाव हो रहे हैं।

### पूर्ण अमृत सरोवरों की मांगी फोटो समेत रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में बने अमृत सरोवरों का ग्रामीण विकास मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। पूर्ण हो चुके अमृत सरोवरों की फोटो के साथ रिपोर्ट मांगी है। शासन से हर ग्राम पंचायत पर दो अमृत सरोवर बनाने के निर्देश हैं। इस क्रम में 22 अप्रैल तक 17,194 अमृत सरोवर जिलों पूर्ण हो चुके है और इस्तेमाल हो रहा है। इन पूर्ण अमृत सरोवरों की ग्राम्य विकास मुख्यालय ने सभी मुख्य विकास अधिकारी से 28 अप्रैल तक फोटो के साथ रिपोर्ट मांगी है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय भेजी जाएगी।

# मैनहोल में गिरकर बच्चे की मौत मामले का लिया स्वतः संज्ञान

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट ने पूछा- और कितनी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मैनहोल में गिरकर आठ साल के बच्चे शाहरुख की मौत की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायालय ने मामले में स्वतः संज्ञान जनहित याचिका दर्ज करते हुए, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम व उपाध्यक्ष, एलडीए को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है।

न्यायालय ने कहा है कि हम जानना चाहते हैं कि इस प्रकार के और कितने हादसे पहले हो चुके हैं तथा नगर निगम के अधिकारियों द्वारा क्या कोई लापरवाही की गए है। हम यह भी जानना चाहते हैं कि शहर में और ऐसे कितने मैनहोल खुले हुए हैं और यदि हैं तो नगर निगम के अधिकारियों की इस लापरवाही से लोगों की जिंदगियों को बचाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने पारित किया है। कोर्ट की नियमित कार्यवाही के दौरान न्यायालय ने अखबारों में छपी उक्त हादसे की खबर का संज्ञान लिया। वहीं बार की ओर से अधिवक्ता आदर्श मेहरोत्रा ने न्यायालय को बताया कि खबरों के मुताबिक शहर में ऐसे कई मैनहोल और पाइप लाइन हैं जो खुले पड़े हुए हैं। कहा गया कि यह नगर निगम की जिम्मेदारी है कि मैनहोल ठीक प्रकार से बंद रहें। इस पर न्यायालय ने खुले हुए 'लखनऊ में खुले हुए मैनहोल व पाइप लाइन से नगरवासियों के जीवन के खतरे का मामला' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया।

# तनावग्रस्त पेशकार ने जहर खाया, मौत

**मिर्जापुर, एजेंसी :** जिले की मड़िहान तहसील में तैनात पेशकार ने फाईल गुम होने पर बुधवार को जहर खा कर आत्महत्या कर ली। जिलाधिकारी कार्यालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रामसहाय सिंह मड़िहान तहसील में तहसीलदार के पेशकार पद पर कार्यरत थे। पिछली 18 अप्रैल को राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने तहसील का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में पांच महत्वपूर्ण फाईलें नहीं मिली। उन्होंने उपजिलाधिकारी युगान्तर त्रिपाठी को हर हाल में फाईल को खोजने का आदेश दिया था। एसडीएम एवं तहसीलदार संजीव यादव फाईल खोजने में पूरे कार्यालय को लगा रखा था। जिसमें चार फाईलें मिल भी गई है मगर एक फाईल नहीं मिली। रामसहाय सिंह के पुत्र रितेश सिह ने बताया कि पिता इन दिनों काफी तनाव में रहते थे। पर कुछ बताते नही थे।

# बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक विशेषाधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा और सुरक्षा के लिए कानून में शामिल किया गया है: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी से मिलने के लिए दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक विशेषाधिकार है। इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा और सुरक्षा के लिए कानून में शामिल किया गया है। इसका इस्तेमाल बच्चों के कस्टडी के केवल उन मामलों में होता है, जहां नाबालिग की कस्टडी ऐसे व्यक्ति को दे दी जाती है जो कानूनी रूप से उसका हकदार नहीं होता है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि बंदी प्रत्यक्षीकरण आमतौर पर मुलाकात का अधिकार देने के लिए जारी नहीं की जाती है, विशेषकर जब पक्षकारों के बीच वैवाहिक विवाद परिवार न्यायालय के समक्ष लंबित हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जहां तक बच्चे से मुलाकात के अधिकार का संबंध है, ऐसी स्थिति में संबंधित पक्ष के लिए यह हमेशा खुला रहता है कि वह परिवार न्यायालय के समक्ष एक उचित आवेदन दाखिल करके उपाय का लाभ उठाए।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति डॉ.योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने मिथिलेश मौर्य द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज करते हुए की, जिसमें उसने अपने एक महीने की बच्ची से मिलने का अधिकार मांगा था जो वर्तमान में उसकी पत्नी की कस्टडी में है। दरअसल पक्षकारों के बीच तलाक और भरण-पोषण को लेकर परिवार न्यायालय, आजमगढ़ के समक्ष आपराधिक मामला लंबित है। अंत में कोर्ट ने माना कि हिंदू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम, 1956 की धारा 6(ए) के अनुसार किसी नाबालिग की उसकी मां के साथ हिरासत को अवैध नहीं माना जा सकता है। अतः पति नाबालिग की कस्टडी और मुलाकात के संबंध में राहत के आदेश प्राप्त करने के लिए धारा 26 के तहत परिवार न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल कर सकता है।

## वर्ग पहेली-50

**बाएं से दाएं**

4.1. बल, शक्ति 2. ज़ोर 3. सामर्थ्य।

6.1. भलीभांति, भरपूर, पूरी तरह से, परिपूर्ण 2. अघाया हुआ, संतुष्ट।

9. बहुत दुबला-पतला, जिसके शरीर में हड्डियां ही रह गई हों।

10. शिव के सिर पर विराजमान गंगा।

**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी बात का पता लगाने के लिए लोगों से प्रश्न करना या पूछना 2. ख़ोजबीन करना 3. मालूमात के लिए सवाल-जवाब करना; (इनक्वाइरी)।

2.1. कांपता हुआ 2. व्याकुल 3. क्षुब्ध।

3.1. कलौंछ 2. वह काला अंश जो धुएं के जमने से बन जाता है, कालिख।

5.1. हिंदी वर्णमाला में 'क' से 'ह' तक के वर्णों का समूह 2. बारहखड़ी 3. वर्णमाला 4. किसी विषय का आरंभिक या ज़रूरी ज्ञान।

7.1. महान या उच्च आशय और विचारों वाला व्यक्ति 2. आदर्श व्यक्ति, सज्जन 3. समुद्र, सागर।

8.1. मोहित करने की शक्ति, माया या जादू 2. वशीकरण 3. सुंदर स्त्री 4. मोहक प्रभाव 5. पोई का साग 6. एक तरह की जूही।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 | ■ |
| ■ | 3 | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ |
| ■ | 6 | | | | ■ | 7 |
| 8 | ■ | ■ | ■ | 9 | | |
| 10 | | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली-49 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 छ | ■ | ■ | ■ | 2 चुँ |
| 3 भाँ | 4 प | ना | ■ | 5 ध | ■ | द |
| ■ | रि | ■ | 6 क | म | ज़ो | री |
| 7 अ | व | न | म | न | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | ठी | ■ | 8 दं | ■ |
| 9 सि | न | क | ■ | ■ | भ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 10 ल | प | क | ना |

## सुडोकू-129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 1 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | | 5 | 8 | | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 6 | | 4 |
| 5 | | | | 3 | | | | |

### सुडोकू -128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 |

# पति को पीट-पीटकर मार डालने की आरोपी भाइयों सहित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- ननद को उपहार में एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी देने को लेकर हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** भाइयों के साथ मिलकर पति को पीट-पीटकर मार डालने की आरोपी पत्नी को पुलिस ने भाइयों सहित बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को यह हत्या महज इस लिए की गई थी क्योंकि पति अपनी बहन को एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी उपहार में देना चाहता था। इस घटना पूरा जिला स्तब्ध है।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सहरी मजरे झरसांवा गांव के निवासी 35 वर्षीय चंद्र प्रकाश मिश्र की बहन पूजा का विवाह 26 अप्रैल को होना है। शादी की तैयारियों में चंद्र प्रकाश भी लगा हुआ था। वह अपनी बहन को शादी में गिफ्ट के तौर पर एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी देना चाहता था। लेकिन उसकी पत्नी छवि मिश्रा इसका विरोध कर रही थी। इसी बात को लेकर पति पत्नी में मंगलवार को कहासुनी शुरू हुई। इसी दौरान महिला ने रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा रामनगर के मोहल्ला कादिराबाद स्थित अपने मायके से भाई सहित दूसरे लोगों को बुला लिया।

जब घर में शादी के लिए मंडप रखा जा रहा था, तब उसी जगह पत्नी के मायके से आए लोगों ने चंद्र प्रकाश को ईंटों और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में चंद्रप्रकाश को सीएचसी घूंघटेर पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद घर में चल रही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक का एक वर्ष का बेटा गोपाल भी है। सीओ फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह ने बताया कि पत्नी ननद की शादी में एलईडी टीवी देने का विरोध कर रही थी। इसी को लेकर विवाद हुआ और युवक की जान चली गई।

अभी तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार लोगों में मृतका की पत्नी छवि, हिमांशु बाजपेई उर्फ लालू पुत्र उदय प्रताप वाजपेई, विकास वाजपेई पुत्र उदय प्रताप बाजपेई, सुधांशू बाजपेई पुत्र उदय प्रताप बाजपेई शामिल हैं। इसके अलावा एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है। जबकि अभियुक्त मोनू उर्फ आकाश बाजपेई पुत्र सत्यप्रकाश बाजपेई और प्रदीप शुक्ला पुत्र अहिरवादीन शुक्ला की पुलिस तलाश कर रही है।

# अखिलेश, जयंत के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वर्ष 2022 में कोविड-19 दिशा निर्देशों के कथित उल्लंघन मामले में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही लंबित है।


उक्त नेताओं पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं और महामारी रोग अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वर्तमान याचिका समन आदेश और संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार वर्तमान मामले में शामिल मुद्दे और अन्य जुड़े हुए मुद्दों के संबंध में जून 2024 के अंत तक नीतिगत निर्णय लेगी कि उपरोक्त नेताओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई जारी रहेगी या नहीं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव (गृह) और प्रमुख सचिव (कानून) से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा था, जिसे मंगलवार को दाखिल किया गया। सरकार के रवैये को देखते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने सभी राजनीतिक नेताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही पर आगामी 30 जुलाई तक रोक लगा दी है और निर्देश दिया है कि अधिकारियों द्वारा कोर्ट के आदेश का सही अर्थों में अनुपालन किया जाए। मामले के अनुसार सपा प्रमुख और जयंत चौधरी के खिलाफ 300-400 अज्ञात व्यक्तियों के साथ 3 फरवरी 2022 को लुहारली गेट, गौतमबुद्ध नगर से नोएडा की ओर रोड शो करने तथा जनसभा आयोजित कर चुनाव प्रचार करने का आरोप है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.45 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा 26 अप्रैल 02.24 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज घर की साज-सजावट में आप काफी ध्यान देंगे। मेहनत के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा के उत्तम अवसर प्राप्त होंगे।

**वृष** – आज जीवनसाथी के साथ चर्चा करने से काफी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण होगा। बेवजह की बातों को तूल देने से बचें। आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आपका नुकसान पहुंचाने को लेकर तत्पर रहेगा।

**मिथुन** – आज प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। लेकिन शाम के समय आप मनोरञ्जन में बितायेंगे। प्रेम संबंधों में थोड़ी सावधानी रखें। आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमंत्रण दे सकती है।

**कर्क** – आज नवीन कार्य योजना बनाने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ सकता है। रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। विरोधी आपकी छवि को बिगाड़ने में लगे रहेंगे। कुसंगति से आपको बचना चाहिए।

**सिंह** – आज आपकी जीवनशैली काफी अनुशासित रहेगी। किसी महत्वपूर्ण मीटिंग को लेकर योजना बना सकते हैं। धन को लेकर समस्या का समाधान हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए काफी बेहतरीन है।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आलस्य का अनुभव करेंगे। नई विधा सीखने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दिन भर की थकान दूर होगी। आपका खोया हुआ आत्मविश्वास जागृत होगा। दूसरों के मामले में अपनी सलाह सोच-समझकर दें।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा। बच्चे अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। दिन की शुरुआत में काम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – आज अनावश्यक विवादों से दूर रहें। विदेश में रहने वाले लोगों को धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। अपने नकारात्मक पक्ष को समझे और उसे नियंत्रित करने का प्रयास करें। बिना मांगी सलाह देने के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

**धनु** – आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे। घर की साज-सजावट का पूरा ध्यान रखेंगे। कारोबार में बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मकर** – आज जीवनसाथी के साथ अनबन दूर होगी। आपके काम में स्थिरता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ मिलेगा। रिश्तों के बीच बढ़ रही दूरियाँ दूर होंगी। अपनी योग्यता के अनुरूप काम करके आत्म सन्तुष्टि का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** – आज स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। गूढ़ विद्या के प्रति आकर्षित रहेंगे। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। छोटी-छोटी बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया आपकी छवि के लिए नुकसानदेह हो सकती है।

**मीन** – आज आपको कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। व्यवहारिक बने रहें अन्यथा आप गलत निर्णय ले सकते हैं। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर लादने का प्रयास न करें। बदलते मौसम को लेकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शादी में जरूर आना – सुबह : 10.56
- धड़कन – रात : 08.44

&pictures
- पार्टनर – सुबह : 11.01
- इंग्लिश विंग्लिश – रात : 08.00

SONY PIX
- रश आर 3 – सुबह : 09.30
- ब्राइटबर्न – रात : 07.30

ZEE CINEMA
- ट्रफिक सिग्नल – सुबह : 08.35
- त्रिशुल – शाम : 06.00

colors CINEPLEX
- वन फ्राईडे नाइट – सुबह : 08.23
- चमत्कार – शाम : 05.52

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त– यार कल तो तू बहुत मायूस था आज इतना खुश कैसे है?

दूसरा दोस्त– कल मेरी बीवी ने 7 हजार की साड़ी खरीद ली थी

पहला दोस्त– अच्छा आज इतना खुश क्यों है उसने साड़ी वापिस कर दी क्या ?

दूसरा दोस्त– नहीं यार मेरी पत्नी वही साड़ी पहनकर तेरी पत्नी से मिलने आ रही है।

चिंटू– अगर कोई गलती हो जाए तो पता है क्या करना चाहिए?

पिंटू– क्या...?

चिंटू– शांति से बैठकर सोचना चाहिए कि नाम किसका लगाना है।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 995 फ्लैग–1105 बोल्ड– 1145 डीएमओ– 865
**रामपुर :** शिवालिक–990 फ्लैग–1105 डीएमओ–885 बोल्ड–1165

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन– तुलसी 1820, राजश्री 1310, फ़ॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1780, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1420, सचिन 1575, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1565, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1710, स्वास्तिक 1790। किराना–(प्रकु) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950। चावल– (प्रकु) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7175–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16500। चीनी – डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी)।

# 2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, रक्षा व उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

## सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा था।

सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में अर्जी दायर कर विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी। इसमें उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर हुई थी।



- सरकार ने पिछले साल अर्जी दायर कर स्पेक्ट्रम आवंटन में स्थिति स्पष्ट करने की लगाई थी गुहार
- स्टारलिंक, वनवेब व प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को मिल सकती है राहत

यह सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नए विधेयक में 19 छूटें दी हैं। सूत्र ने याचिका पर उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं। तथ्य यह है कि कई मुकदमों को देखते हुए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह आवेदन दायर किया गया था। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ होगा। दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है। इस पर सभी पक्षों से परामर्श हुआ लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

## माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के एआई सौदों की जांच करेगा ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन का प्रतिस्पर्द्धा नियामक माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के हाल ही में किए कृत्रिम मेधा (एआई) सौदों की समीक्षा करेगा। इन सौदों से एआई उद्योग में प्रतिस्पर्धा प्रभावित होने की आशंका है। ब्रिटेन के प्रतिस्पर्धा एवं बाजार प्राधिकरण ने कहा कि वह माइक्रोसॉफ्ट की मिस्ट्रल एआई के साथ साझेदारी और एक अन्य स्टार्टअप इन्फ्लेक्शन एआई से प्रमुख कर्मचारियों को नियुक्त करने पर गौर कर रहा है। प्रतिस्पर्द्धा नियामक ने सैन फ्रांसिस्को स्थित एंथ्रोपिक में अमेजन के चार अरब डॉलर के निवेश की जांच करने की भी घोषणा की। सार्वजनिक तथा व्यावसायिक रुचि के बीच बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां जेनरेटिव एआई स्टार्टअप में पैसा लगा रही हैं। ये निवेश व्यापार विरोधी गतिविधियों की जांच करने वालों का ध्यान भी अपनी ओर खींच रहे हैं।

# सेंसेक्स फिर पहुंचा 74,000

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी से बुधवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहा और दोनों सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी चढ़कर बंद हुए। दूरसंचार, आईटी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से इस तेजी पर लगाम लग गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.16 अंक उछलकर 74,121.61 अंक पर भी पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया। कारोबारी सत्र के अंतिम दौर में सूचकांकों पर कुछ बिकवाली से शुरुआती बढ़त कम हो गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आईटी और कुछ अन्य दिग्गज कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर नतीजों से भारतीय बाजार में थोड़ी निराशा है। इसके बावजूद विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के दमदार प्रदर्शन से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कुछ तेजी दिख रही है। अप्रैल में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों को गति देते हुए नजर आ रहे हैं।



- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55150–55350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,500 |
| सोना रवा | 74,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर (पक्की) | 817 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,700 |
| चांदी आभूषण | 82,100 |

## एलआईसी ने उसके ब्रांड और प्रतीक वाले भ्रामक विज्ञापनों पर किया आगाह

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर, कंपनी के ब्रांड तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन देने में शामिल लोगों/संस्थाओं को बुधवार को आगाह किया। एलआईसी ने 'एक्स' पर अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना हमारे अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, हमारे ब्रांड नाम तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम इसेल लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं। नोटिस में जनता से एलआईसी सोशल मीडिया खातों पर ऐसे विज्ञापनों के 'यूआरएल लिंक' की जानकारी देने को भी कहा गया। एलआईसी ने कहा, बिना अनुमति हमारे ब्रांड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# देश का औषधि निर्यात 9.67% बढ़कर पहुंचा 27.9 अरब डॉलर

- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश का औषधि निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67% बढ़कर 27.9 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 25.4 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में दवा निर्यात 12.73% बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया। 2023-24 में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष पांच निर्यात बाजार अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील थे। भारत के कुल औषधि निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31% से अधिक रही।

उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते बाजार अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। भारत का दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार के विस्तार तथा विदेशी में बढ़ती मांग से यह हो पाएगा। 2022-23 में कारोबार 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा था।

भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। देश का दवा उद्योग दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग है, जो 60 चिकित्सीय श्रेणियों में 60,000 से अधिक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है।

## हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता चार जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था। साथ ही मौजूदा निकायों को आई-सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था। डीजीएफटी ने अधिसूचना में कहा, हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई तक बढ़ाई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है। मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं।



## एक नजर

### केन्द्रीय कारागार में कैदी ने की आत्महत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर केंद्रीय जेल में पॉक्सो मामले में बंद कैदी ने बुधवार को पिता से बात करने के बाद जूते के सलु से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जेल अधीक्षक शिवेंद्र कुमार ने बताया कि खैरथल जिला निवासी धीरेंद्र (21) पॉक्सो के मामले में 10 जनवरी 2024 से जेल में सजा काट रहा था। बुधवार सुबह उसने साढ़े नौ बजे एसटीडी पर पिता से बात की और कहा कि उसे जल्दी जमानत कराकर जेल से निकलवाओ। यहां उसका दम घुट रहा है। पिता के जवाब के बाद मायूस हो गया और अपने बैरेक में चला गया। 10 बजे वह नहाने गया, लेकिन वह जिंदा वापस नहीं आया।

### मणिपुर में विस्फोट से पुल क्षतिग्रस्त

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में एनएच–दो पर विस्फोट से पुल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी विस्फोट मंगलवार रात 12.45 बजे सपरमीना और कोउब्रू लेइखा के बीच पुल पर हुआ। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के दोनों छोर पर गड्ढे और दरारें देखी गईं। मणिपुर की राजधानी इंफाल को नगालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

### कश्मीर में 15 तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दस तस्करों की पहचान सलामाबाद के बशरत अहमद रैना, बांदी के चंगेज़ खान और उरी में परानपीलन के सैयद मेहताब हुसैन, लचीपोरा बिझामा के मंजूर अहमद लोन उर्फ मुन्ना, मदियान कमलकोटे के नजर दीन भट्टी, नूरखाह के इमरान अहमद खान, लवायपोरा एचएमटी के आशिक हुसैन पर्रे उर्फ इलाही, मालपोरा सोपोर के अल्ताफ अहमद मीर, वाटरगाम वागूरा के अमीर सुभान मल्ला और चानपोरा के साहिल अहमद रेशी कुन्जर के तौर पर की है। इसके अलावा अन्य पांच तस्करों में वानपोरा खुदवानी के मोहम्मद उर्फ रमजान शेख उर्फ रम्म शेख, ब्रेज़लू जागीर के आरिफ अहमद भट, मांचेवा यारीपोरा के फिरदौस अहमद शेख, ब्राज़लू जागीर के शाहिद अहमद भट और मालवान देवसर के हिलाल अहमद डार है।

### नशीले कैप्सूल रखने में 10 साल की जेल

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में एनडीपीएस एक्ट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रूपचंद सुथार ने नशीले कैप्सूल बरामद होने के मामले में आरोपी रवीश कुमार को बुधवार को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनायी। विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में टिब्बी थाने में नौ फरवरी 2020 को खाराखेड़ा गांव में हनुमान मंदिर के पास रवीश कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास नशे के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले पर पारवोरिन पास के 600 कैप्सूल बरामद हुये। खाराखेड़ा गांव निवासी रवीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### प्रेमी संग मिलकर महिला ने की पति की हत्या

**जीपीएम।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला के पेंड्रा थाना क्षेत्र में महिला के प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया ।पुलिस को सूचना मिली की लालचंद नायक अपनी बाड़ी में फांसी पर लटका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की। शक मृतक की पत्नी था। पुलिस ने दुर्गावती नायक से पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रेमी कमलेश्वर के साथ उसने 20 अप्रैल की रात पति का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को लटका दिया।

### फ्लाईओवर से लटका मिला शव

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर से लटका हुआ मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक उन्हें एक राहगीर ने इसकी सूचना दी थी। मृतक की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि हरप्रीत ने आत्महत्या की है।

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : मोदी

## आप जीवित रहेंगे तो कर से और आप नहीं रहेंगे तो विरासत कर से मारेगी

**अंबिकापुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 'विरासत कर' संबंधित सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर कहा कि पार्टी 'विरासत कर' लगाकर लोगों और उनके बच्चों का अधिकार छीनना चाहती है। मोदी ने अंबिकापुर की चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस के खतरनाक इरादे खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कहा था कि देश के मध्यम वर्ग के लोग जो मेहनत करके कमाते हैं उन पर ज्यादा कर लगना चाहिए। इन्होंने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कहा था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि अब वह इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी कर लगाएगी। आप जो मेहनत से संपत्ति बनाते हैं, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस सरकार का पंजा उसे भी आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। मोदी ने कहा कि जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस ज्यादा कर से मारेगी और जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो आप पर विरासत कर का बोझ लाद देगी। कांग्रेस नहीं चाहती कि आम भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। मूल्यों से लेकर संस्कृति तक हमारा देश उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संचय, संवर्धन और संरक्षण में विश्वास करते हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण इन्हीं मूल्यों के कारण सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता, दादा-दादी, अपने हर गहनों को यह सोचकर संभालकर रखते हैं कि पोते-पोतियों को उनकी शादी में पहनाएंगे... मेरे देश के लोग कर्ज लेकर जीवन जीने के शौकीन नहीं हैं। यहां लोग मेहनती हैं और जरूरत के मुताबिक खर्च करते हैं तथा संचय की प्रवृत्ति रखते हैं। कांग्रेस भारत के मूलभूत संस्कार पर कड़ा प्रहार करने जा रही है। कल उन्होंने बयान इसलिए दिया है क्योंकि उनकी यह सोच बहुत पुरानी है।



### भोपाल में रोड शो

प्रधानमंत्री मोदी का बुधवार शाम भोपाल में एक किमी लंबे रोड शो मालवीय नगर तिराहा से मेजर नानके पेट्रोल पंप तक चला। उसने साथ सीएम मोहन यादव, विष्णु शर्मा आदि रहे।

## जाति आधारित जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो अपने आप को देशक्त कहते हैं वो 90 प्रतिशत लोगों के लिए 'न्याय' सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के 'एक्सरे' के विरोध में खड़े हो गए हैं, लेकिन वे जाति आधारित जनगणना को रोक नहीं सकते।



उन्होंने जोर दिया कि जाति आधारित जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती है क्योंकि लोगों को यह बात समझ में आ गई है। भाजपा के लोग जातिगत जनगणना के 'एक्सरे' से डरते हैं। मोदी ने देश से 10 साल कहा कि वह ओबीसी हैं। जैसे ही मैंने जाति आधारित जनगणना और एक एक्सरे की बात की तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं की जाति ही नहीं होती है। अगर जाति नहीं है तो आप ओबीसी कैसे हैं? आपको उसी समय कहना चाहिए था कि मेरी कोई जाति नहीं है। उनका कहना था कि अगर आप महाशक्ति बनना चाहते हैं, चीन से मुकाबला करना चाहते हैं तो 90 प्रतिशत लोगों की शक्ति का इस्तेमाल तो करना पड़ेगा। जाति आधारित जनगणना का 'एक्सरे' और न्याय उनके लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

# अदालत ने केजरीवाल को जवाब देने के लिए दिया वक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा जारी समन को कथित तौर पर नजरअंदाज करने को लेकर आदेश के खिलाफ पुनर्विचार की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो याचिकाओं पर एजेंसी के जवाब पर प्रतिक्रिया देने के लिए आप नेता को समय दिया है।

ईडी की शिकायत पर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने केजरीवाल को समन जारी किया था और उनके खिलाफ एक आदेश पारित किया था, जिसको चुनौती देते हुए 'आप' नेता ने विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने मामले में जारी समन से कथित तौर पर बचने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत में शिकायत की थी। विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने केजरीवाल की अपील पर ईडी के जवाब मिलने के बाद आप संयोजक को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल के वकीलों ने अदालत को बताया कि ईडी मामले में 'आप' नेता को गिरफ्तार कर चुकी है इसलिए उन्हें अब इस बारे में उनसे कोई निर्देश नहीं मिला इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए, जिसके बाद अदालत ने यह आदेश दिया। अब 14 मई को याचिका पर सुनवाई करेगी।

### समन अनदेखी मामला



- ईडी की शिकायत पर समन भेजने और आदेश को चुनौती देने आप नेता पहुंचे थे विशेष अदालत

### केजरीवाल से मिले सौरभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की, जो 30 मिनट चली। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल ने जनता से कहा है कि उनकी चिंता न करे। वह मुलाकात जंगले में मिले और इंटरकॉम पर बातचीत हुई।

## चुनावी बांड: एसआईटी जांच के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका

**नई दिल्ली।** रद कर दी गई चुनावी बांड योजना में 'घोटाले' का आरोप लगाते हुए इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका शीर्ष अदालत में दायर की गई है। अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से गैर सरकारी संगठनों - कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन- द्वारा संयुक्त रूप से दायर याचिका कहा गया है कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में बेदाग निष्ठावान मौजूदा या सेवानिवृत्त अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा जांच की जानी चाहिए।

याचिका में दावा किया गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बड़ी संख्या में बांड कई कॉरपोरेट्स द्वारा राजनीतिक दलों को अनुबंध या लाइसेंस या पट्टे प्राप्त करने के लिए दिए गए हैं। कुछ उदाहरणों में यह देखा गया है कि केंद्र या राज्यों के सत्ताधारी राजनीतिक दलों ने सार्वजनिक हित की कीमत पर निजी कॉर्पोरेट्स को लाभ प्रदान करने के लिए नीतियों या कानूनों में स्पष्ट रूप से संशोधन किये। याचिका में ईडी, आईटी, सीबीआई पर भी सवाल उठाए गए हैं।

# उच्च न्यायालय के फैसले को ममता ने दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शिक्षक भर्ती मामले में प. बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ममता सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ये मामला 2016 में हुई शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की 24 हजार नियुक्तियों को रद करने से जुड़ा है।

राज्य सरकार ने याचिका में दावा किया है कि नियुक्तियां रद करने से शिक्षा प्रणाली ठप हो जाएगी। तथ्य की अनदेखी की गई है, नियुक्तियों को रद करने से स्कूलों में शून्य की स्थिति पैदा हो जाएगी, खासकर जब नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा हो। हाईकोर्ट के शिक्षक भर्ती रद करने के आदेश के बाद शिक्षकों को चार हफ्ते में वेतन भी वापस करना होगा। वहीं मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट ने 2016 के स्कूल नौकरी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए पूर्व लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए 23 अप्रैल तक का समय दिया था। लेकिन मुख्य सचिव ने अब तक इसका पालन नहीं किया। इस पर हाईकोर्ट ने कहा था यदि मुख्य सचिव ने आदेश का पालन नहीं किया तो उन पर कार्रवाई होगी।

### जांच के खिलाफ प. बंगाल के मुकदमे पर सुनवाई एक मई तक स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प. बंगाल सरकार द्वारा दाखिल मुकदमे पर सुनवाई बुधवार को एक मई तक के लिए स्थगित कर दी। सरकार ने सीबीआई पर राज्य से बिना मंजूरी प्राप्त किए चुनाव के बाद हिंसा मामलों में जांच को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई को स्थगित करने के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध के बाद मामले को स्थगित कर दिया।

# ओबीसी आरक्षण पर कर्नाटक ने नहीं दिया उचित स्पष्टीकरण : आयोग

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में संपूर्ण मुसलमान समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने पर राष्ट्रीय ओबीसी आयोग ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस संबंध में उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बुधवार को यहां कहा कि कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का श्रेणीकरण इस तरह से किया है कि संपूर्ण मुसलमान समुदाय ओबीसी आरक्षण में आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मुसलमान समुदाय को ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने का आधार पूछा गया था जिसका राज्य सरकार से कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं मिला है। श्री अहीर ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी समुदाय को 32 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण में बंटवारा किया जिसमें श्रेणी प्रथम, प्रथम बी, द्वितीय बी, तृतीय ए और तृतीय बी बनायी हैं। प्रथम श्रेणी में 95 जातियां हैं जिनमें 17 मुसलमान जाति हैं। द्वितीय बी में 103 जातियां हैं जिनमें 19 मुसलमान जातियां भी शामिल हैं।

## ट्रेलर और स्कार्पियो टकराने से पांच लोगों की मौत

**नागौर।** राजस्थान में नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र के हरसौर कस्बे में आज ट्रेलर और स्कार्पियो गाड़ी टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह घायल हो गए। डेगाना पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि ये लोग हरसौर के पास स्थित रानाबाई मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे कि उनकी स्कार्पियो गाड़ी और सामने से आर रहा ट्रेलर आपस में टकरा गये। ये जोधपुर के रिजनाली गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

## यमुना प्रदूषण: एनजीटी ने दो निकायों पर 65 करोड़ का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के दो नगर निकाय यमुना में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने में नाकाम रहे और नियमों का उल्लंघन किया है। एनजीटी ने आगरा और मथुरा-वृंदावन के निगमों पर 65 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया।

हरित अधिकरण अनुपचारित अवजल के प्रवाह से आगरा और मथुरा-वृंदावन में यमुना के प्रदूषण के संबंध में दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि हमें यह मानने में झिझक नहीं कि यमुना की सुरक्षा और सफाई राज्य का वैधानिक और संवैधानिक दायित्व था, लेकिन वह इसमें विफल रहा है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल भी थे। पीठ ने कहा कि आगरा और मथुरा-वृंदावन में निकाय जैसे वैधानिक निकाय यमुना में प्रदूषित सामग्री के प्रवाह को रोकने में विफल रहे हैं और अवजल को बहा कर इसे प्रदूषित होने दिया। पीठ ने कहा कि दोनों निगम और उनके एसटीपी का संचालन करने वाली एजेंसियों ने प्रवाह को न रोककर प्रावधानों का उल्लंघन किया है।

आयोग के सात स्थानों के लिए आठ दावेदार थे दौड़ में, मतदान प्रक्रिया के बाद चुने गए सात सदस्य

## डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष बने नरसिंह

वाराणसी, एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे, लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था।



- पूर्व पहलवान ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था स्वर्ण पदक
- पहलवानों की शिकायतों पर एथलीट आयोग ने उठाया कदम

एथलीट आयोग के लिए चुने गए अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं। खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।

### आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय : शाम 7 : 30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

## आरसीबी के खिलाफ रनों का अंबार लगाने पर होंगी हैदराबाद की निगाह

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को आईपीएल में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी।





गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी अब तक आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

### खेल डायरी

#### एशियाई अंडर-22 में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी।

#### आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का निधन

**लंदन।** अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी। आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की।

#### उसेन बोल्ट को आईसीसी ने टी-20 विश्व कप का दूत बनाया

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

# दिल्ली मैच जीता... गुजरात टाइटंस ने जीते दिल

## आखिरी ओवर में 4 रनों से जीती दिल्ली कैपिटल्स, मिलर और राशिद ने खेली शानदार पारी




नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया।

दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने पावर प्ले में कप्तान शुभमन गिल (06) का विकेट गंवाने के बाद 67 रन बनाए। साहा और साई सुदर्शन ने इसके बाद पारी को संभाला। साई सुदर्शन हालांकि रसिक सलाम की पहली ही गेंद पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर ने मिड ऑन पर उनका आसान कैच टपका दिया। साई सुदर्शन ने अक्षर पर भी लगातार दो चौके मारे लेकिन कुलदीप ने साहा को अक्षर के हाथों कैच कराके टाइटंस को दूसरा झटका दिया। सुदर्शन ने कुलदीप की गेंद पर दो रन के साथ सिर्फ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद मिलर एक छोर पर डटे रहे। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 78 रन की जरूरत थी। मिलर ने 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद मुकेश ने मिलर को कैच कराके दिल्ली का पलड़ा भारी किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर में 37 रन की दरकार थी। राशिद खान (11 गेंद में नाबाद 21) ने और साई किशोर (13) ने लगातार दो छक्के जड़कर 18 रन बटोरे लेकिन साई किशोर अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए।

### दिल्ली 224/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का नूर बो वारियर | 11 | 7 | 2/0 |
| जेक फ्रेजर मैकगर्क का नूर बो वारियर | 23 | 14 | 2/2 |
| अक्षर पटेल का साई सुदर्शन बो नूर | 66 | 43 | 5/4 |
| शाई होप का राशिद बो वारियर | 5 | 6 | 1/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 | 43 | 5/8 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 | 7 | 3/2 |

**गेंदबाजी :** उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

### गुजरात 220/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिद्धिमान सहा का अक्षर बो कुलदीप | 39 | 25 | 5/1 |
| शुभमन गिल का अक्षर बो नोर्किया | 6 | 5 | 1/0 |
| साई सुदर्शन का अक्षर बो रसिक | 65 | 39 | 7/2 |
| उमरजई का फ्रेजर मैकगर्क बो अक्षर | 1 | 2 | 0/0 |
| डेविड मिलर का रसिक बो मुकेश | 55 | 23 | 6/3 |
| शाहरूख खान का पंत बो रसिक | 8 | 5 | 0/1 |
| राहुल तेवतिया का पंत बो कुलदीप | 4 | 5 | 0/0 |
| राशिद खान नाबाद | 21 | 11 | 3/1 |
| साई किशोर बो रसिक | 13 | 6 | 0/2 |
| मोहित शर्मा नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2

## ओलंपिक के लिए तैयार अदिति और दीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) में से प्रत्येक देश से दो शीर्ष खिलाड़ी शामिल होते हैं, बशर्ते देश के शीर्ष 15 में कम से कम दो गोल्फ खिलाड़ी शामिल नहीं हों। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला और अक्षय भाटिया पीजीए टूर पर काफी अच्छा खेल रहे हैं और दोनों ने इस हफ्ते अपने करियर की शीर्ष रैंकिंग हासिल की है, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ियों के शीर्ष 15 रैंकिंग में दबदबे को देखते हुए उनके ओलंपिक में जाने की संभावना नहीं है। थिगाला की रैंकिंग 12 और भाटिया की रैंकिंग 33 है।



- शुभंकर और गगनजीत को भी रैंकिंग के आधार पर मिल सकती है जगह

## महिला फुटबॉल की कोच होंगी चाओबा



नई दिल्ली, एजेंसी

आईएम विजयन की अगुआई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं।

एआईएफएफ ने कहा कि काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है। देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। तकनीकी समिति ने विजयन की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में यह सिफारिश की जिसमें पिंकी भोंपल मगर, शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, संतोष सिंह और क्लाइमेक्स लॉरेंस शामिल थे।

- 1999 में हुए एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कर चुकी हैं कप्तानी
- पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास है 'ए' कोचिंग लाइसेंस

## बॉलीवुड हलचल

### किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख खान






**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान फिल्म किंग में डॉन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में काम करने जा रहे हैं। चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म किंग में डॉन के किरदार में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग शाहरुख खान के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिसकी हर बारीकी पर खुद शाहरुख खान निर्देशक सुजॉय घोष और सिद्धार्थ आनंद से बात कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग में शाहरुख खान के बाल लंबे होंगे और उनकी हल्की दाढ़ी भी होगी। मेकर्स फिल्म में उनके लुक से अपने दर्शकों को पूरी तरह से हैरान करने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी।



### डांस ऑफ एनवी गाने पर थिरकेंगी माधुरी-करिश्मा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में अपनी सुपरहिट फिल्म दिल तो पागल है के गाना डांस ऑफ एनवी पर फिर थिरकती नजर आएंगी। यशराज बैनर तले वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म दिल तो पागल है में शाहरूख खान, माधुरी दीक्षित, करिश्मा कपूर और अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का माधुरी और करिश्मा पर फिल्माय गाना डांस ऑफ एनवी काफी पॉपुलर हुआ था। माधुरी और करिश्मा की जोड़ी का जादू एक बार फिर इस गाने में देखने को मिला। कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में करिश्मा कपूर स्पेशल गेस्ट बनकर आएंगी।, जिसमें करिश्मा और माधुरी का डांस ऑफ एनवी भी देखने को मिलेगा। इससे जुड़ा प्रोमो सामने आ चुका है। इस प्रोमो में माधुरी और करिश्मा उसी डांस ऑफ एनवी को रिपीट करती नजर आ रही हैं।

## भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर



शंघाई में जीत के बाद अभिषेक वर्मा, प्रथमेश भालचंद्र फुगे और प्रियांश। ● एजेंसी

शंघाई, एजेंसी

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की चुनौती खत्म की।

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

तीरंदाजी विश्व कप

## आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर सूर्यकुमार

दुबई, एजेंसी

भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है। आईसीसीआई की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और रेटिंग 755 की है।

मारक्रम के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है और वे एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवें नंबर पर पहुंचे गये हैं। शीष पांच बल्लेबाजों के बाद छठे स्थान पर 714 रेटिंग के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो 689 की रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर 680 की रेटिंग के साथ अब एक स्थान की उछाल के साथ आठवें नंबर पर पहुंच हैं। न्यूजीलैंड के फिन ऐलन एक स्थान नीचे यानी नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 666 की है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेड्रिक्स 660 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 10 पर बने हुए हैं। वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज हैं। वह न्यूजीलैंड केखिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजी में टीम साउदी और तेज हारिस रऊफ 22वें स्थान पर हैं।



- 802 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के फिल साल्ट
- शाहीन अफरीदी सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज तेज गेंदबाज

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## सेना खुले मंच पर करे चर्चा, पीटीआई ने गुप्त बातचीत को नकारा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जेल की सजा काट रहे पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान उन दावों को सिरे से नाकारा है, जिनमें कहा जा रहा था कि उनकी सेना के साथ गुप्त वार्ता चल रही है।

पार्टी के अध्यक्ष गोहर खान ने रावलपिंडी की जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने आज पार्टी के संस्थापक इमरान खान से पूछा कि क्या कुछ संस्थानों ने बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया है। इमरान खान ने स्पष्ट जवाब दिया, उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया और न ही उन्हें किसी से बातचीत के लिए कोई संदेश मिला था। गोहर खान का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान की मीडिया में कुछ खबरें आई थीं।

## मालदीव में 30 द्वीपों का ठेका चीनी कंपनियों को देंगे मुइज्जू

माले, एजेंसी

- भारत विरोधी मुइज्जू को संसदीय चुनाव में बहुमत मिलने के बाद चीनी एजेंडे शुरू

मालदीव में भारत विरोधी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को संसदीय चुनाव में प्रचंड बहुमत के पाने के बाद साइड इफेक्ट शुरू हो गए हैं। 93 सीटों में से मुइज्जू की पार्टी को 68 सीटें मिली हैं। अब मुइज्जू ने चीन के एजेंडे पर काम शुरू कर दिया है। उनका पहला टास्क संविधान बदलना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभी राष्ट्रपति के अधिकारों पर संसद का नियंत्रण है। मुइज्जू राष्ट्रपति के आदेश को मंजूरी के लिए संसद में तीन चौथाई की जगह साधारण बहुमत का प्रावधान करेंगे। मुइज्जू 188 बसाहट वाले द्वीपों में से 30 नए द्वीपों में कंस्ट्रक्शन के ठेके चीनी कंपनियों को देंगे। यहां चीन की कंपनियां पहले चरण में एक हजार फ्लैट बनाएंगी। ये 30 नए द्वीप समुद्र हैं। इसे लैंड पाट कर बनाए गए



है रिक्लेमेशन कहा जाता है। कर्ज चुकाने के लिए तुर्किये और सऊदी से इस्लामिक बॉन्ड, 4200 करोड़ जुटाएंगे मालदीव पर 54,186 करोड़ रुपये का विदेशी कर्ज है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार 2026 तक मालदीव को लगभग 9 हजार करोड़ का विदेशी कर्ज चुकाना होगा। इसके लिए राष्ट्रपति मुइज्जू ने इस्लामिक बॉन्ड के जरिए 4200 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान बनाया है।


## श्रीलंकाः स्वदेश लौटे भारत के 5 मछुआरे

**कोलंबो।** श्रीलंका द्वारा भारत के पांच मछुआरों को स्वदेश वापस भेज दिया गया है। बता दें कि सभी को द्वीप राष्ट्र के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के दौरान श्रीलंका की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया गया गया था।

श्रीलंका में भारत के राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पाच भारतीय मछुआरों को सुरक्षित वापस भेज दिया गया है। भारतीय दूतावास द्वारा यह भी बताया गया कि इस महीने की शुरुआत में भी श्रीलंका की नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों पकड़ा था, जिन्हें स्वदेश वापस भेजा गया। बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की गई थी।

## दुनिया का सबसे अमीर मंदिर बना तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम

*दुनिया के सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने इस साल 1161 करोड़ रुपये की एफडी कराई है। पिछले 12 सालों में यहा सबसे ज्यादा है। बता दें कि यह ट्रस्ट दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रस्ट देश का एकमात्र हिंदू धार्मिक ट्रस्ट है, जो पिछले 12 सालों में साल दर साल लगातार 500 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा की रकम जमा कर रहा है। 2012 तक, ट्रस्ट का फिक्स डिपॉजिट 4820 करोड़ रुपये था।*



**4820**
*करोड़ रुपये 2012 तक ट्रस्ट का फिक्स डिपॉजिट था, इस साल 1161 करोड़ की एफडी कराई*

### अब तक की सबसे बड़ी रकम

सभी बैंकों और ट्रस्टों में तिरुपति ट्रस्ट की नकदी 18817 करोड़ रुपये तक हो गई है। जो इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रकम है। बता दें कि ट्रस्ट अपनी एफडी पर ब्याज के रूप में सालाना लगभग 1,600 करोड़ रुपये की राशि कमाता है। इसके अलावा हाल ही में 1,031 किलोग्राम सोने की जमा के बाद, बैंकों में मंदिर का सोना भंडार भी बढ़कर 11,329 किलोग्राम हो गया है।

### 12 साल में 8467 करोड़ की रकम की जमा



तिरुपति ट्रस्ट ने 2013 से 2024 के बीच 8467 करोड़ रुपये की रकम जमा की है। यह देश के किसी भी मंदिर ट्रस्ट के लिए सबसे ज्यादा है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13,287 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा मंदिर ट्रस्ट की ओर से संचालित कई ट्रस्ट जिसमें श्री वेंकटेश्वर नित्य अन्नप्रसादम ट्रस्ट, श्री वेंकटेश्वर प्राणदानम ट्रस्ट आदि है, जिन्हें भक्तों से पर्याप्त दान मिलता है। उनकी करीब 5529 करोड़ रुपये की फिक्स डिपॉजिट हो गई है।

### पहली बार कोरोना काल में एफडी की राशि घटी

साल दर साल तिरुपति ट्रस्ट की फिक्स डिपॉजिट में बढ़ोतरी हो रही है। 2013 में 608 करोड़, 2014 में 970 करोड़, 2015 में 961 करोड़, 2016 में 1153 करोड़, 2017 में 774 करोड़, 2018 में 501 करोड़ की एफडी हुई थी। पिछले 12 सालों में पहली बार कोरोना काल में एफडी की राशि घट गई थी। 2019 में 285 करोड़, 2020 में 753 करोड़, 2021 में 270 करोड़, 2022 में 274 करोड़ की एफडी हुई थी। पिछले साल ट्रस्ट ने 757 करोड़ की एफडी कराई थी।

### यहां बालों का किया जाता है दान

मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दु:ख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। इसलिए यहां अपनी सभी बुराइयों और पापों के रूप में लोग अपने बाल छोड़ जाते हैं। और मंदिरों में भगवान को चढ़ाया गया तुलसी पत्र बाद में प्रसाद के रूप में भक्तों को दिया जाता है।

# यूएन में भारत बोला- पाक आतंकियों के लिए कवच बना चीन का सीक्रेट वीटो

## कंबोज बोलीं- चुनौतियों का सामना करने के लिए सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड निराशाजनक

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समितियों में प्रस्तावों पर लगाई गईं रोक एक प्रकार का 'छिपा हुआ वीटो' है और इसकी आड़ में पाकिस्तान स्थित वैश्विक आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने जैसे मामलों पर परिषद के कुछ सदस्य देश कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को यह बात कही। रुचिरा कंबोज ने एक बयान में कहा, किसी भी संस्थान के काम करने के तरीकों को उसके सामने आने वाली चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। बढ़ती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड काफी निराशाजनक रहा है।

कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'वीटो पहल- संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को मजबूत करना' प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि सुरक्षा परिषद ने वीटो को छिपाने के लिए अपने कामकाज के तरीके का उपयोग किया। उसने इस काम को अपनी समितियों की तदर्थ कार्य पद्धतियों के माध्यम से छिपाने का प्रयास किया है जो उसकी तरफ से काम तो करती है किंतु उसकी जवाबदेही बहुत कम है। दो साल पहले, संयुक्त राष्ट्र महासभा में संकल्प 76/262 को अपनाया गया था जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि 193 सदस्यीय महासभा के अध्यक्ष 15 देशों की सुरक्षा परिषद के एक या अधिक स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो करने के 10 दिनों के भीतर एक औपचारिक बैठक बुलाएंगे। कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्ताव में परिषद के कामकाज के तरीकों की अपारदर्शिता को संबोधित करने और जवाबदेही तय करने की आवश्यकता को प्रतिबिंबित करने वाली भावना का स्वागत है। उन्होंने कहा, इन प्रयासों के महत्व को पहचानते हुए, हम चाहेंगे कि इन प्रयासों को इस तरह से किया जाए जिससे उंगली उठाने के बजाय आम सहमति बनाने का माहौल बने। बता दें, सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य की हैसियत से चीन मसूद अजहर पर प्रतिबंध संबंधी भारत के प्रस्ताव को लगातार रोक रहा है। इस तरह के प्रस्ताव अल कायदा प्रतिबंध कमेटी में रखे जाते हैं, जो सुरक्षा परिषद का सहायक संगठन है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि सुरक्षा परिषद के कार्यो को किस तरह से वीटो के जरिये निष्प्रभावी किया जाता है।

### चीन ने आतंकियों पर प्रतिबंध के लिए लगाई है रोक




रुचिरा कंबोज ने कहा, हममें से जो लोग मंजूरी समितियों की कार्य प्रणाली और रोक और अवरोध लगाने की इसकी परंपरा से परिचित हैं, वे जानते हैं कि ये उन मामलों पर एक प्रकार की छिपी हुई वीटो शक्ति हैं, जिन पर कुछ परिषद सदस्य कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे और उन्हें अपने निर्णयों की व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं होती है। कंबोज की यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से चीन के संदर्भ में है। चीन ने सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को नामित करने के लिए भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगी देशों द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों पर बार-बार रोक लगाई है।

## ऑस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा देकर 18 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में पदमपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कुछ व्यक्तियों पर ऑस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा देकर 18 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, चक 23 बीबी निवासी हरजिंदर सिंह द्वारा अदालत में दायर किए गए इस्तगासा के आधार पर कपिल शर्मा (28) निवासी चक 7-ईईए, उमेश (36) निवासी चक 2-आरबी तहसील पदमपुर, सुखविंदर सिंह (30) और सतनाम सिंह (30) निवासी चक 6-जेकेएम तहसील रायसिंहनगर हरविंदर सिंह (36) निवासी चक 6-पी तहसील अनूपगढ़ और सुमीर (40) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा-मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## संचार तकनीकी का दुरुपयोग कर रहे आतंकी

मॉस्को, एजेंसी

- डोभाल बोले-मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी

भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग का मुकाबला करने के लिए सहयोग जारी रखेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को यह भरोसा दिया और कहा कि सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है।

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डोभाल ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी



के इस्तेमाल की भारत की नीति के बारे में बताया। डोभाल ने जोर देकर कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों की ओर से सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग का मुकाबला करने के साथ-साथ आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए भी सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च रैंकिंग अधिकारियों की बारहवीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेने वाले डोभाल ने कहा कि इस तरह के सहयोग के रोडमैप में सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा, तकनीकी समुदाय और नागरिक समाज तक सभी हितधारकों को शामिल होना चाहिए।

## दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित अमिताभ बच्चन

मुंबई, एजेंसी

अभिनेता अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पांच मंगेशकर भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता की 2022 में मृत्यु हो जाने के बाद परिवार और ट्रस्ट ने सुर सम्राज्ञी की याद में पुरस्कार की स्थापना की थी।

बच्चन (81) को यह सम्मान 24 अप्रैल को रंगमंच-संगीत के दिग्गज और मंगेशकर भाई-बहनों के पिता



अमिताभ बच्चन को सम्मानित करतीं लता मंगेशकर की छोटी बहन उषा मंगेशकर।

दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर मिला। पुरस्कार ग्रहण करते हुए उन्होंने कहा, मैंने कभी खुद को इस तरह के पुरस्कार के लायक नहीं समझा, लेकिन हृदयनाथ (मंगेशकर) जी ने बहुत कोशिश की कि मैं यहां आऊं। गायिका उषा मंगेशकर ने बच्चन को पुरस्कार प्रदान किया। पहले, मंगेशकर की दूसरी बहन और प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को पुरस्कार प्रदान करना था लेकिन वह अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं। बता दें, यह पुरस्कार हर साल उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, उसके लोगों और समाज के प्रति अग्रणी योगदान दिया हो।

## एक नजर

### चीन का अंतरिक्ष यान चालक दल के साथ आज होगा प्रक्षेपित

**जिउक्वान।** उत्तर पश्चिमी चीन में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 चालक दल के साथ गुरुवार को प्रक्षेपित किया जाएगा। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। सीएमएसए के उप निदेशक लिन जिकियांग ने कहा कि अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 अंतरिक्ष उड़ान मिशन को पूरा करने के लिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाएगा। शेनझोउ-18 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का 32वां उड़ान मिशन है और चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के अनुप्रयोग और विकास चरण के दौरान तीसरा मानवयुक्त मिशन है।

### अमेरिका में मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के अलास्का प्रांत में डगलस डीसी-4 मालवाहक विमानदुर्घटना ग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। अलास्का स्टेट टूपर्स की जानकारी के मुताबिक विमान ने फेयरबैंक्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी और करीब 11 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी से टकरा गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। विमान में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के अलास्का क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख क्लिंट जॉनसन ने बताया कि बचाव और जांच टीम को मौके पर भेजा गया है ताकि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

### भारतवंशी भाविनी पटेल डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव हारीं

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी भाविनी पटेल मंगलवार रात पेनसिल्वेनिया से डेमोक्रेटिक पार्टी की प्राइमरी में हार गईं। मौजूदा सांसद समर ली को 12वें 'कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट' पेनसिल्वेनिया की प्राइमरी में विजेता घोषित किया गया। ली को 59 प्रतिशत वोट मिले, वहीं पटेल को 41 प्रतिशत वोट से संतोष करना पड़ा। बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप दोनों ने उम्मीद के अनुरूप 'प्राइमरी' चुनाव जीते। बाइडन को डेमोक्रेट्स से 94 फीसदी वोट मिले। पटेल बाइडन की समर्थक हैं, जबकि ली राष्ट्रपति की मुखर आलोचक हैं और उन्होंने इजराइल के खिलाफ समर्थन किया है। चुनाव परिणाम आने के बाद पिट्सबर्ग पोस्ट-गज़ेट ने कहा, मंगलवार की उनकी (पटेल) हार यह दिखाती है कि ली जैसी प्रगतिशील उम्मीदवार अब भी पिट्सबर्ग पर अपना वर्चस्व कायम कर सकती हैं...।

### तेज हवा से गिरा निर्माणाधीन पुल



**हैदराबाद :** हैदराबाद के पेदापल्ली जिले में निर्माणाधीन पुल अचानक गिर गया। एक किमी लंबे इस पुल का काम 2016 से चल रहा था। यह पुल ओदेदू को गर्मिलापल्ली गांव से जोड़ने के लिए बनाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि रात में तेज हवा की वजह से पुल के दो गार्डर ढह गए। ● एजेंसी

## नवलनी की मौत पर मेमोरियल सेवा आयोजित करने वाला पादरी निलंबित

**मॉस्को।** रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद मेमोरियल सेवा आयोजित करने वाले पादरी को आर्थोडॉक्स चर्च प्रमुख ने तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। राजनेता की मौत के 40 दिन पूरे होने के अवसर पर दिमित्री सफ्रोनोव ने 26 मार्च को मॉस्को में नवलनी की कब्र पर एक मेमोरियल सेवा आयोजित की थी।

इस आयोजन को रूसी परंपरा में महत्वपूर्ण माना जाता है। मॉस्को डायोसीज वेबसाइट पर मंगलवार को प्रकाशित एक आदेश में सफ्रोनोव को सार्वजनिक रूप से पादरी के पद से हटाकर अन्य पद दे दिया गया है। उन्हें राजधानी के एक अन्य चर्च में स्थानांतरित भी कर दिया गया। अगले तीन वर्षों के लिए धार्मिक परिधान पहनने का अधिकार भी छीन लिया गया है।

## ईरान से व्यापार पर पाकिस्तान को नसीहत

- इशारों में पड़ोसी देश को अमेरिका ने चेताया, प्रतिबंधों से सजग रहे पाक

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि ईरान के साथ व्यापारिक समझौते पर विचार करने वाले को अमेरिकी प्रतिबंधों के संभावित जोखिम के बारे में पता होना चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति की पाकिस्तान यात्रा पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यह बात कही।

यात्रा के दौरान पाकिस्तान और ईरान ने आठ एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए और द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी की इस्लामाबाद यात्रा आठ फरवरी



तीन दिवसीय यात्रा संपन्न होने के बाद ईरानी राष्ट्रपति का आभार जताते शहबाज।


के आम चुनाव के बाद किसी राष्ट्र प्रमुख की पहली यात्रा थी। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, ईरानी राष्ट्रपति ने अपने समकक्ष आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी आदि से मुलाकात की। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए थे। इनमें चीन की तीन कंपनियां भी शामिल थीं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाए गए थे, क्योंकि ये सभी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों की प्रसारक थीं।

**विज्ञान** खगोलविदों ने किया खुलासा, हमारे सौर मंडल के पड़ोस में एक अलग दुनिया का संकेत देती है यह खोज

## ब्रॉउन ड्वार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने ठंडे भूरे बौने (ब्रॉउन ड्वार्फ) पर मीथेन की अप्रत्याशित खोज की है। यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए हुई है। इस ब्रॉउन ड्वार्फ का तापमान 400 डिग्री फ़ारेनहाइट है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के पड़ोस में एक अलग दुनिया का संकेत मिलता है। ब्रॉउन ड्वार्फ ब्रह्मांड के वह पिंड हैं, जो न तो तारे बन पाते हैं और ना ही ग्रह। इन्हें तारे व ग्रह के बीच के पिंड कह सकते हैं। ब्रह्मांड में इनकी भी बड़ी संख्या है। पहले माना जाता था कि इनकी संख्या सीमित है। मगर वास्तव में ऐसा बिलकुल नही है। पिछले करीब दो दशक से ब्रॉउन ड्वार्फ के शोध में तेजी आई है। जिस कारण इनके बारे में जानकारी का



ब्रॉउन ड्वार्फ की तस्वीर।

लगातार विस्तार हो रहा है। नई खोज न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि ब्रह्मांड में ब्रॉउन ड्वार्फ में जीवन होने का इशारा भी करती है। शोध में निष्कर्षों से पता चलता है कि यह भूरा बौना हमारे अपने ग्रह के साथ-साथ बृहस्पति और शनि की तरह ध्रुवीय रोशनी उत्पन्न कर सकता है। ब्रॉउन ड्वार्फ आकार में ग्रहों से अधिक विशाल और तारों से हल्के व छोटे होते हैं। हमारे सौर मंडल के पड़ोस में फैले हुए हैं। अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के वैज्ञानिक जैकी फाहर्टी के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने 12 भूरे बौनों की जेम्स वेब टेलेस्कोप से जांच पड़ताल की। जिसमें सी डब्लू आई एस ई पी जे 193518.59-154620.3 ब्रॉउन ड्वार्फ कुछ अलग नजर आया। इसका शार्ट नाम डब्लू 1935 है। यह ब्रॉउन ड्वार्फ हमसे - 47 प्रकाश वर्ष दूर है। यह अन्य ब्रॉउन ड्वार्फ की तुलना में ठंडा है। इसके द्रव्यमान अभी अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हो पाया है, लेकिन संभवतः यह बृहस्पति के द्रव्यमान के 6-35 गुना के बीच हो सकता है।

### जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से हुई यह खोज

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के विकसित होने के बाद ब्रह्मांड में आश्चर्यजनक खोज होने लगी है। इस दूरबीन के जरिए सैंकड़ो खोज हो चुकी हैं। हर खोज में कुछ नया देखने को मिलता है। साथ ही खगोल विज्ञान को दिशा देने व आगे बढ़ाने में जेम्स अभी तक मील का पत्थर साबित हुई है।

## युवाओं को जॉब के लिए नौ साल पुराना करियर पोर्टल 6 महीने में होगा लॉन्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार का लाखों युवाओं और नियोक्ताओं को एक साथ प्लेटफॉर्म पर लाने का उद्देश्य

नई दिल्ली केंद्र सरकार ने नौ साल पुराने नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य लाखों युवाओं और नियोक्ताओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाना और भविष्य की वर्कफोर्स तैयार करना है। एनसीएस 2.0 के अपग्रेडेशन पर काम कर रहा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय पोर्टल को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग की मदद लेगा।

एनसीएस 2.0 पोर्टल लॉन्च होने में छह से नौ महीने लग सकते हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एक अधिकारी जानकारी देते हुए बताया है कि, नए वर्जन में राज्यों व जिलों की माइक्रो- साइट होगी। जिले, राज्य और देश का सेंट्रलाइज आंकड़ा एक ही पोर्टल पर होगा।

टीमलीज सर्विसेज की को-फाउंडर रितुपर्णा चक्रवर्ती ने इस फैसले का स्वागत किया है। गौरतलब है कि 2023-24 में एनसीएस के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा रिक्तियां लाई गई, जो पिछले वित्त वर्ष (35 लाख) से 3 गुना हैं। वित्त वर्ष 2024 में इस पोर्टल पर 25 से 26 लाख नियोक्ता मौजूद हैं।

### 50 से ज्यादा पोर्टल से जुड़ा

एनसीएस नौकरी चाहने वालों, नियोक्ताओं, करियर काउंसलर, प्लेसमेंट संगठनों, सरकारी विभागों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाएगा। अभी एनसीएस 50 से ज्यादा पोर्टल से जुड़ा है। इनमें एमएसएमई के लिए उद्यम पोर्टल, ईपीएफओ, ईएसआईसी, ई-श्रम, टीमलीज, मॉन्स्टर डॉट कॉम जैसे पोर्टल के साथ कई अन्य संस्थान शामिल हैं। फिलहाल 22 राज्यों के जॉब पोर्टल एनसीएस के साथ जुड़े हैं और सात राज्य सीधे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।